सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ






## न्यूज डायरी

### विश्वविजेता टीम इंडिया पर पैसों की बारिश

**नयी दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप की जीत पर बीसीसीआइ ने अपने खिलाड़ियों के लिए खजाना खोल दिया है। बीसीसीआइ सचिव जय शाह ने रविवार को भारतीय टीम के लिए कैश प्राइजके रूप में 125 करोड़ रुपये देने का एलान किया। 2007 के बाद यह दूसरा मौका है जब भारत ने टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। उस समय एमएस धोनी की अगुवाई में टीम ने इतिहास रचा था।

### आज से बदल जायेंगे कई कानून, पुराने का अंत

**नयी दिल्ली।** तीन नये आपराधिक कानून सोमवार से देशभर में लागू हो जायेंगे। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आयेंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जायेगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। नये कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, एसएमएस' (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे।

### जनरल द्विवेदी ने नये सेना प्रमुख का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। वर्तमान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे सेवानिवृत्त हो गये। जनरल द्विवेदी को चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर व्यापक ऑपरेशनल अनुभव है। वह सेना के उपप्रमुख के रूप में कार्यरत थे।

### पलामू में चौबीस घंटे में 57 एमएम बारिश

**मेदिनीनगर।** पिछले 24 घंटे में पलामू इलाके में 57 मिलीमीटर से भी अधिक बारिश हुई। लगातार हो रही बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। पलामू प्रमंडल का इलाका भीषण गर्मी की चपेट में था। रविवार को भी लगातार बारिश हो रही है।




## टी-20 क्रिकेट के एक युग का अंत

# विराट के बाद रोहित और जडेजा ने भी कहा अलविदा



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के जीत के जश्न में पूरा देश डूबा हुआ है। भारत ने 11 साल बाद ट्रॉफी का सूखा खत्म करते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। इस जश्न के साथ भारतीय फैंस को एक-एक करके तीन झटके लगे है। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली के बाद हिटमैन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा ने भी टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया। दक्षिण अफ्रीका पर रोमांचक जीत के बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने संन्यास का ऐलान किया वहीं अब दूसरे दिन रविवार को स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी20 आई को अलविदा कह दिया। इसके साथ ही टी-20 प्रारूप में एक युग का अंत हो गया। 2007 से 2024 तक सभी टी20 वर्ल्ड खेलने वाले हिटमैन अब भारत की तरफ से टी20 खेलते नजर नहीं आयेंगे। टीम इंडिया ने ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 2007 के बाद दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीता। (शेष पेज 15 पर)

### कप्तान हो तो हिटमैन जैसा

रोहित शर्मा को बखूबी पता था कि विराट कोहली ने संन्यास का फैसला ले लिया है, फाइनल का नतीजा चाहे जो हो। विराट कोहली ने प्लेयर ऑफ द मैच लेने के समय ही संन्यास का ऐलान कर दिया। यही वजह है कि मैच के बाद पुरस्कार वितरण में रोहित ने उन्हें वह मौका दिया और अपने संन्यास का ऐलान नहीं किया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय कप्तान ने अपने संन्यास का फैसला दुनिया को बताया। उनके इस फैसले से खेल प्रेमियों के मन में रोहित के प्रति इज्जत और भी ज्यादा बढ़ गयी। मैदान से जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने किया ऐलान। रोहित ने 2007 टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। इसी मैच में युवराज सिंह ने स्टुअर्ट ब्रॉड को 6 छक्के मारे थे। अब 17 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप जीतकर रोहित ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। संन्यास के समय रोहित के नाम इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन, सबसे ज्यादा छक्के और सबसे ज्यादा शतक हैं।

### रविंद्र जडेजा ने भी सुनाया फैसला

भारतीय टीम के एक और सूरमा क्रिकेटर ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कोहली और रोहित के एक दिन बाद ही टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास की घोषणा कर दी। इस ऑलराउंडर ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट में अपने संन्यास की घोषणा की। अपने पोस्ट पर जडेजा ने लिखा, मैं कृतज्ञता से भरे दिल से टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं।

## चंपई और हेमंत ने हूल दिवस पर सिदो-कान्हू को किया नमन

# अमर शहीदों के सपनों का बना रहे झारखंड : सीएम



- तेजी से आगे बढ़ रहा है झारखंड
- पूर्वजों के बलिदान से सुरक्षित हैं आदिवासी-मूलवासी
- सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/साहिबगंज।** सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि 1855 में आज ही के दिन भोगनाडीह से अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अन्याय, शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। आज पूरा देश अपने इन महानायकों को नमन कर रहा है। यह प्रेरणा दिवस है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद भैरव और फूलो-झानो के इतिहास, संघर्ष और बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने समाज और राज्य को मजबूत बनाने का संकल्प लें।

उनके आदर्शों के अनुरूप झारखंड को संवारना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सीएम ने कहा कि महागठबंधन की सरकार में राज्य में तेजी से विकास हो रहा है। चंपई सोरेन रविवार को हूल दिवस पर अमर वीर शहीद सिदो कान्हू की पावन धरती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने भी शहीदों को नमन कर पुष्प अर्पित किये। सीएम ने कहा कि झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है। (शेष पेज 15 पर)

## इडी-सीबीआइ, जेल-फांसी से झारखंडी नहीं डरता : हेमंत

रांची/साहिबगंज। पूर्व सीएम व झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने हूल दिवस पर भोगनाडीह में सिदो-कान्हो को श्रद्धांजलि देने के बाद भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार उनके खिलाफ साजिश रच रही है। ये लोग समय से पहले झारखंड विधानसभा चुनाव कराना चाहते हैं। राज्य सरकार का कार्यकाल पूरा नहीं होने देना चाहते। हमने राज्य का बकाया पैसा मांगा, तो मुझे जेल भेज दिया गया। अब इडी-सीबीआइ और जेल-फांसी से हमलोग डरने वाले नहीं हैं। आज इस अवसर पर संकल्प लेकर राज्य के विकास में जो भी चुनौतियां सामने आयेंगी, उसका मुकाबला पूरी ताकत के साथ करेंगे। हमें अपने हक और अधिकार को हर हाल में लेना है। साथ ही साजिश रचनेवालों को जवाब देना है। हमें जल, जंगल और जमीन को हर हाल में बचाना है। झारखंड की संपदा में पहला हक झारखंड वासियों का है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।

### खनिज संपदा में यहां के लोगों को मिलगा हक

पूर्व सीएम ने कहा, झारखंड में हमलोग ऐसा कानून बनायेंगे कि खनिज संपदा में यहां के स्थानीय लोगों को हक मिलेगा। ये लोग (भाजपा) हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

**फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण :** साहिबगंज के बरहेट स्थित भोगनाडीह में सीएम चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने सिदो-कान्हू पार्क में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू एवं चांद-भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। हूल दिवस पर सभी नेता पंचकठिया स्थित क्रांति स्थल पर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना करके शहीद सिदो-कान्हू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। फिर समारोह में योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

# बिहार के बाद झारखंड में भी ढहा पुल

## पहली बारिश सह नहीं पाया निमार्णाधीन ब्रिज, बह गया गर्डर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह, रांची।** बिहार के बॉर्डर से सटे गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी में निमार्णाधीन पुल ध्वस्त हो गया है। यह घटना फतेहपुर-भेलवाघाटी सड़क में भेलवाघाटी के डुमरीटोला व कारीपहरी गांव के बीच अरगा नदी की है। शनिवार की शाम मानसून की पहली बारिश हो रही थी। इसी बारिश के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ गया और तेज बहाव की वजह से निर्माणधीन पुल का गर्डर टूट कर गिर गया। एक पिलर भी टेढ़ा हो गया। जांच अधिकारी ने कहा, मामले की जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

तेज आवाज के साथ निमार्णाधीन पुल का गर्डर टूट कर नदी में गिर गया। तेज आवाज के कारण लोग डर गये।

**5 करोड़ की राशि से बन रहा था पुल :** पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल गिरिडीह के द्वारा साढ़े पांच करोड़ प्राक्कलित राशि से पुल बनवाया जा रहा था। कार्य ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन के द्वारा करवाया जा रहा था। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि भ्रष्टाचार के कारण यह घटना घटी है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। (शेष पेज 15 पर)

SONA DEVI UNIVERSITY

SDU GHATSILA JHARKHAND

Estd. by Govt. of Jharkhand Act-05, 2023 and approved under section 2(f) of UGC Act, 1956
Kitadih, PO & PS- Ghatsila, North Maubhandar, Jamshedpur, East Singhbhum, Jharkhand-832303
Web:www.sonadeviuniversity.com, enquiry@sonadeviuniversity.com



RECRUITMENT, 2024

(Advt. No. SDU/05/2024)

Applications for various Academic & Non-Academic posts are invited by Sona Devi University, Ghatsila, East Singhbhum, Jharkhand-832303. The University is situated admist a sprawling, picturesque campus with state - of- the-art infrastructure on Jamshedpur-Kharagpur National Highway No. 18 (NH-33) at Ghatsila, East Singhbhum. The Sona Devi University is running 11 schools & 49 courses in 91 disciplines. All the Courses are approved by UGC, New Delhi as well as by other Regulatory bodies related to various disciplines.

1. Administrative Posts : Registrar (1), Finance Officer (1), Controller of Examination (1), Sports Officer (1), Deputy Registrar (2) Assistant Registrar (2), Chief Librarian (1), Marketing Officer (MBA) (1), H.R Executive (MBA) (1).
2. Post of Teaching Faculties (Professor-01), Associate Prof. (02), Assistant Prof. (03) in each subject) in following Disciplines :- **Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology, Psychology, Sociology, Social Work, Pol. Science, History, Geography, Anthropology, Economics, Hindi, English, Sanskrit, Bengali, Santhali, Home Science, Library & Info. Science, Commerce, Management, Education, Computer Application, Computer Science, Agriculture Science, Fisheries Science, Engineering & Technology (ME/ M.Tech in CSE, CE, ME, EEE with specialization in AI/DS/ML/Cyber Security) Yoga & Naturpoathy, Fine Arts, Environmental Science & Pharmacy (Professor/Principal in Pharmacy and Faculty Members).**
3. Post of Supportive Staff in Different Disciplines/Schools :- Office Superintendent/ Accountant(2), Library Assistant (3), Lab Assistant (15), Lab Technicians (10), Computer Operators (4), Store Keeper (2), Office Assistants (5), Multitask Workers (6), and Gradeners (6).

# Qualification, Experience & Reservation Shall be as per norms of UGC, State Govt. / Central Govt./ Concerned Regulatory Body. Ph.D holders & Experienced persons will be given priority, Retired persons from University P.G. Deptt./ Principal of colleges / Industry may also apply for the above posts.

Interested candidates may send their resume to : enquiry@sonadeviuniversity.com up to 26th July, 2024 by 5 PM.

## मन की बात में बोले मोदी : मां के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगायें

# अमर शहीद सिदो और कान्हू के साहस को नमन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 111वें एपिसोड में कहा, 'आज आखिरकार वह दिन आ ही गया जिसका हम सभी फरवरी से इंतजार कर रहे थे। 'इसके जरिये मैं एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवार के सदस्यों के बीच आया हूं। आज का दिन आदिवासी समाज के लिए बड़ा अहम है। यह दिन वीर सिद्धू और कान्हू के साहस से जुड़ा है। उनके साहस को नमन करने का दिन है। मोदी ने कहा, मैंने फरवरी में आपसे कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद मैं आपसे फिर मिलूंगा। आज वह दिन आ ही गया जिसका इंतजार था। मानसून के आगमन ने आपके दिल को भी खुश कर दिया है। इस मौके पर उन्होंने देशवासियों से मां के नाम पर एक-एक पेड़ लगाने की अपील की।




**हूल दिवस पर बोले मोदी :** प्रधानमंत्री ने कहा,' 30 जून का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे आदिवासी भाई-बहन इस दिन को हूल दिवस के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिदो और कान्हू के साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचारों का डटकर विरोध किया था। उन्होंने हजारों संथाली साथियों को एकजुट किया और अंग्रेजों से बहादुरी से मुकाबला किया। यह 1855 में हुआ था, यानी 1857 में भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम से दो साल पहले।

**एक पेड़ मां के नाम :** पीएम मोदी ने कहा,'इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' नाम से एक विशेष अभियान शुरू हुआ है। मैंने भी अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाया है। सभी देशवासियों से अपील की है कि वे अपनी मां के साथ या उनके नाम पर एक पेड़ लगायें। मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे मां। हम सबके जीवन में 'मां' का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। (शेष पेज 15 पर)

## हूल दिवस पर संथाल परगना की धरती से बाबूलाल मरांडी का बड़ा बयान

# संथाल परगना में जनजाति संस्कृति खतरे में सरकार एसआइटी से कराये जांच : बाबूलाल

■ 1951 में आदिवासियों की आबादी 44.69 प्रतिशत थी जो 2011 में 16 प्रतिशत घटकर 28.11 प्रतिशत हो गयी, जबकि मुस्लिम आबादी इस बीच 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73 प्रतिशत हो गई।



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/दुमका।** हूल दिवस पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि संथाल परगना में जनजाति संस्कृति खतरे में है। इसकी एसआईटी गठित कर जांच की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि जनजातियों की आबादी लगातार घट रही है। सन 1951 से 2011 के बीच मुस्लिम आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इसके पहले उन्होंने हूल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के 2 वर्ष पूर्व ही संथाल परगना की धरती से अमर शहीद सिदो कान्हू के नेतृत्व में अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ हजारों जनजाति भाई बहनों ने संघर्ष किया, बलिदान दिया। जो हूल के नाम से प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि हूल के कारण ही आदिवासियों के जल जंगल जमीन और संस्कृति की रक्षा के लिए एसपीटी, सीएनटी जैसे कानून बने।

उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना की संस्कृति खतरे में है। उन्होंने आदिवासियों की तेज गति से घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 1951 की जनगणना से लेकर 2011 की जनगणना के बीच आबादी का विश्लेषण करें तो भयावह तथ्य सामने आते हैं। 1951 में आदिवासियों की आबादी 44.69 प्रतिशत थी जो 2011 में 16 प्रतिशत घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई। जबकि मुस्लिम आबादी इस बीच 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73 प्रतिशत हो गई। शेष समुदाय की आबादी 43 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत ही हुई।

उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार जनजाति समाज की आबादी घटती रही तो आजादी के 100 साल और हूल आंदोलन के लगभग 200 साल पूरा होते होते संथाल जनजाति समाज का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के साहेबगंज और पाकुड़ जिला की स्थिति तो बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के जल जंगल जमीन की सुरक्षा के कानून तो मौजूद हैं लेकिन उनका अस्तित्व पूरी तरह खतरे में है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इसकी जमीनी स्तर पर गहराई से जांच होनी चाहिये।

# 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी हूल क्रांति : राजेश

**प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने हूल क्रांति दिवस पर आंदोलन के नायक सिद्धू-कान्हू को किया याद**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हूल क्रांति दिवस पर सिद्धू कान्हू पार्क में संथाल हूल के अमर नायक सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा एवं कांग्रेस भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था जिसमें संथाली अपनी मातृभूमि की खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। छोटे से गांव से शुरू हुए हूल से पूरे संथाल में ऊर्जा का संचार हुआ, जिसे तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी थी। उन्होंने कहा कि झारखंडवासियों को उन महान सपूतों के बलिदान से प्रेरणा लेकर झारखंड को समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने का संकल्प लेना होगा। इस अवसर पर अमूल्य नीरज खलको, मदन मोहन शर्मा, सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, कमल ठाकुर, रमा खलको, गौतम उपाध्याय, राकेश किरण महतो, अजय सिंह, एनुल हक, रमेश पांडे, चंदन बैठा, मनोज महतो, गुलजार अहमद, सुरेन राम, हृदय आनंद यादव, जगन्नाथ साहू, अर्चना मिर्धा शिवटहल नायक उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### अमरनाथ यात्रा : झारखंड के दो यात्री घायल

**रांची।** अमरनाथ यात्रा के दूसरे दिन 6 हजार 619 श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रविवार को जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ। इस बीच यात्रियों को ले जा रही एक कार पहलगाम के पास चंदनवाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें दो श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान झारखंड के विजय मंडल और गुरवा देवी के रूप में हुई है। दोनों के इलाज के लिए बीएसएफ अस्पताल ले आई। इसके बाद उन्हें अनंतनाग के डीअरडीओ अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई गई है।

### दो जुलाई को मनरेगा कर्मियों की वादा निभाओ रैली

**रांची।** झारखंड में मनरेगा कर्मचारी दो जुलाई को वादा निभाओ रैली कार्यक्रम करेंगे। मनरेगा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जॉन पीटर बागे ने बताया कि रैली मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से जाकिर हुसैन पार्क राजभवन धरना स्थल तक निकाली जायेगी। धरना स्थल पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जायेगा। आगामी आंदोलन की रणनीति भी तय होगी। अगर सरकार जल्द उनकी मांग पूरी नहीं करती है तो बड़ा आंदोलन भी किया जायेगा। संघ की ओर से स्थाईकरण की मांग की जा रही है। मनरेगा कर्मचारी संघ ने बैठक भी की जिसमें संजय प्रमाणिक, अनिरूद्ध पांडेय, व्यास देव, निखिल तिवारी, मो. इम्तियाज, गुंजुन, सुमन गांगुली आदि उपस्थित थे।

### कॉमरेड डी राजा ने हेमंत सोरेन को दी शुभकामनाएं



**रांची।** सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी राजा, पीके पांडेय, महेंद्र पाठक, अजय सिंह, केडी सिंह, कलम रशीदी, पुष्कर महतो ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बेल पर जेल से 5 महीने के बाद बाहर आने पर हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शुभकामना दी और कहा कि संविधान और सच्चाई की जीत हुई है,भाजपा के मंसूबों पर चोट हुई है। हेमंत सोरेन के बाहर आने से इंडिया ब्लॉक मजबूत हुआ है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर चुनाव लड़ने का संकल्प लिया है।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने सिद्धू कान्हू को किया याद



**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा मोराबादी स्थित सिद्धू कान्हो पार्क में हूल क्रांति के महानायक सिद्धो कान्हू मुर्म की प्रतिमा पर माल्याअर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष तनवीर खान और अल्पसंख्क कांग्रेस के महासचिव गुलाम रब्बानी मौजूद थे। तनवीर खान ने कहा के सिद्धू कानू जैसा होना बहुत कठिन है आज जो हम उनकी गाथा गा रहे हैं उनके सहयोग से ही हम देश और प्रदेश में अमन चैन की सांस ले रहे हैं। जिन्होंने अपना सब कुछ देश और राज्य के लिए निछावर कर दिया उन्हें आज हम नमन करने आए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 111वां संस्करण भाजपा नेताओं ने सुना

# भारत के सामर्थ्य और संस्कृति से परिपूर्ण संवाद है मन की बात : अमर कुमार बाउरी

**बढ़ते भारत की गाथा है मन की बात : बाबूलाल**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** तीसरी बार मोदी सरकार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 111वां संस्करण भाजपा नेताओं ने विभिन्न स्थानों पर सुना। प्रदेश भाजपा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम बूथों पर पार्टी के पदाधिकारी, सांसद विधायकगण, जन प्रतिनिधि एवम कार्यकर्ताओं ने सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संथाल परगना प्रवास के दौरान शिकारीपाड़ा के पलमा में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संबोधन कार्यक्रम आम जनता से जुड़ाव का अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम बढ़ते भारत, बदलते भारत की गाथा है।

उन्होंने हूल क्रांति और उसके महानायक सिदो कान्हू से भारत की जनता को परिचित कराने के लिये आभार प्रकट किया। वहीं गोंदा मंडल स्थित रॉक गार्डन बूथ पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह भारत के सामर्थ्य और संस्कृति का संवाद है। उन्होंने कहा कि 111वें संस्करण में विकसित भारत की सोच है। शहीदों की गाथायें है। जनता का परिश्रम है, सांस्कृतिक विरासत है। इधर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# एनआइए ने 5 लाख रुपये के इनामी नक्सली से की पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) पांच लाख के इनामी नक्सली नेशनल भोक्ता से पूछताछ कर रही है। एनआईए की रांची ब्रांच ने नेशनल गंझू को 26 जून से रिमांड पर लिया है। एजेंसी इनामी नक्सली से एक जुलाई तक पूछताछ करेगी। नेशनल गंझू लातेहार जिले के बारियातू थाना क्षेत्र के झिरमतकोना गांव का रहने वाला है। 30 मार्च 2024 को लातेहार पुलिस ने गारू थाना क्षेत्र के मिर्चाइया जंगल से माओवादी नक्सली कमांडर नागेश्वर भोक्ता उर्फ नेशनल गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**रीजनल कमेटी सदस्य छोटू खेरवार का करीबी है नेशनल**

सब जोनल कमांडर नेशनल भुईयां की गिरफ्तारी से भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा था। रीजनल कमेटी सदस्य छोटू खरवार का खास सदस्य है। नेशनल भोक्ता दस्ता में रहते हुए कई घटनाओं को अंजाम दिया था। नेशनल पर 17 सीएलए, यूएपीए, आर्म्स एक्ट के तहत विभिन्न थानों में कुल 11 मामले दर्ज है। जिसमें बारेसाढ़ थाना में पांच, महुआडांड में तीन, गारू में दो व नेतरहाट थाना में एक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## पुलिस मुख्यालय को भेजे गये नाम

# रांची में सिंघम जैसे पुलिस अफसरों की होगी पोस्टिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के आधा दर्जन से ज्यादा थानेदार जल्द बदले जाएंगे। खासकर वैसे थानेदार जो अपने-अपने क्षेत्र में अपराध की घटनाओं को रोक नहीं पा रहे हैं, उन पर जल्द चाबुक चलेगा। जिन थानेदारों को हटाया जाएगा उनकी जगह-अलग अलग जिलों से आए पुलिस अफसरों को पदस्थापित किया जाएगा।

**बेहतर अफसरों की टीम मांगी गई**

रांची पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से राजधानी के लिए एक दर्जन तेज तर्रार पुलिस इंस्पेक्टर मांगे गए हैं। जिन पुलिस अफसरों के नाम पुलिस मुख्यालय को रांची के लिए भेजे गए हैं, वह सभी रांची में पूर्व में काम कर चुके हैं और कानून व्यवस्था में बेहतर काम करते रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर स्तर के जिन अफसरों के नाम पुलिस मुख्यालय को भेजे गए हैं, उस पर मुहर भी लग गयी है। आने वाले दो से तीन दिनों में सभी की पोस्टिंग रांची में हो जाएगी।

**इंस्पेक्टर स्तर के अफसरों की कमी :** राजधानी रांची में इंस्पेक्टर स्तर के काबिल अफसरों की बेहद कमी है। कई ऐसे इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी भी हैं जो थानों में बेहतर परफॉर्म नहीं कर पा रहे हैं, लेकिन इंस्पेक्टर रैंक के अफसरों की कमी होने के वजह से उन्हें ही थाना प्रभारी बनाकर रखा गया है। राजधानी में बढ़ते अपराध के ग्राफ को देखते हुए तेज तर्रार और पूर्व में राजधानी में काम कर चुके अफसर की डिमांड की गई थी।

**लूट कांडों को लेकर पुलिस पर भारी दबाव :** एक महीने के भीतर दो बड़े लूट कांडों ने भी राजधानी की पुलिसिंग पर सवाल खड़ा कर दिया है। पंडरा ओपी क्षेत्र में 60 लाख और जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र एक करोड़ 40 लाख की दिनदहाड़े लूट ने पूरे पुलिस महकमे पर ही सवाल खड़ा कर दिया है।

# शहीदों के सम्मान एवं उनके परिजनों की सुध लेने वाली एक मात्र पार्टी है झामुमो : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर झामुमो रांची जिला समिति द्वारा कांके रोड स्थित सिद्धो कान्हू पार्क में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि झारखंड के तमाम शहीदों को सम्मान और शहीद के परिजनों की सुध लेने वाली पार्टी एक मात्र झामुमो ही है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुल क्रान्ति के महानायकों, शहीदों एवं शहीदों के परिजनों की सुध ली गई। सभी शहीद स्थलों को सौंदर्यीकरण किया गया। छूटे हुए शहीद स्थलों का सौंदर्यीकरण करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन अग्रसर हैं।

मौके पर जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, समनुर मंसुरी, जनक नायक, रामानंद बेदिया, कलाम आजाद, डॉ तालकेश्वर महतो, आदिल इमाम, मंटू लाला, अरुण वर्मा, डॉ बबलू राम, रामशरण विश्वकर्मा तिर्की, आफताब आलम, फरीद खान, सुजीत कुजूर, कैथरीना तिर्की, जीत गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, सोनू मुंडा, अजीत नायक, प्रदीप मिर्धा, सुजीत उपाध्याय, अजीजुल अंसारी, अजीत लकड़ा, आरिज खान, महताब अंसारी, रमजान रजा, साहिल यादव, गोपाल पांडेय, अमन तिवारी, असद फेराज, मो इरफान, अतिकूर रहमान, बीरबल प्रजापति, मनीष राणा, सज्जाद अंसारी, सालो देवी, राधा हेंब्रम, राधा बाउरी, हर्ष कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल वर्मा, रवि कुमार, मो साजिद, दिनेश तिग्गा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, फैय्याज शाह, प्रदीप कालिंदी, कयूम अंसारी, नवीन तिर्की, लक्ष्मण राम, अरुण, मोहन गोस्वामी, विनोद मुंडा, विजय रविदास, मो. एनुल अन्सारी, अनूप कुमार, राकेश वर्मा, अमन खान, सोनू, प्रिंस, बाबू, मनोहर कुजूर आदि शामिल थे।

## यह वक्त सिद्धू कान्हु के विद्रोह से प्रेरणा लेने का : महताब अंसारी



**रांची।** हुल दिवस के अवसर पर झामुमो युवा मोर्चा रांची के संयुक्त सचिव महताब अंसारी ने सिद्धू कान्हु के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महताब अंसारी ने कहा कि संथाली भाषा में हूल का मतलब क्रांति होता है। आज के दौर मै फिर से एक क्रांति लाना होगा जो केंद्र की जो एजुकेशन पॉलिसी है जिसमें सिर्फ अमीर लोग ही अच्छी शिक्षा ले पाते हैं। आज गरीब घरों के बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते। आज करोड़ों नौजवान बेरोजगार हैं। आज हमें सिद्धु कान्हु के विद्रोह को याद कर के एक विद्रोह करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर तालकेश्वर महतो, हेमलाल मेहता, धर्मेन्द्र सिंह, अंशु लकड़ा, अजीत लकड़ा, फिरोज अंसारी, रामसरन तिर्की, आदिल इमाम एवं हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति इस बार आगामी सिंदरी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत को लेकर तैयारी कर चुकी है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर रविवार को धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा जोन के बड़ा पिछड़ी पंचायत कुरमीडीह गांव में लगभग दो सौ महिलाओं की उपस्थिति में महिला मोर्चा संगठन विस्तार, प्रखंड कमिटी पंचायत कमेटी और बूथ स्तरीय कमेटी को मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया। केंद्रीय महासचिव उषा महतो की उपस्थिति से बरवाअड्डा जोन क्षेत्र में महिला मोर्चा संगठन विस्तार को लेकर पूरे बड़ा पिछड़ी पंचायत और बरवाअड्डा जोंन क्षेत्र में उत्साह का माहौल संचार हुआ। रंजीत कुमार महतो ने कहा कि इस बार सिंदरी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक बदलाव होगा। मौके पर उषा महतो, धनबाद जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार महतो, हरेंद्र रजक, पप्पु पहाड़ी महतो, छोटू रजक, प्रेम रजक आदि उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआई में स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेस हाल में रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2024 (16-30 जून) के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित कुमार सिन्हा ने स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित किया और पौधरोपण करके स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया। इस मौके पर श्री कुमार ने स्वच्छता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के लिए हमारे दैनिक जीवन और आसपास के समुदायों में स्वच्छता आवश्यक है और नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य व जीव कल्याण ही स्वच्छता का अंतिम लाभ है। निदेशक सतीश झा ने कहा कि स्वच्छता के संबंध में जानकारी का प्रचार-प्रसार और जागरूकता पैदा करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इसे निभाने के लिए हम लोगों को सतत प्रयास करना चाहिए।

सतर्कता अधिकारी सुमित सिन्हा ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों के लिए सीएमपीडीआई की सराहना की। सभी कर्मियों को पूरे वर्ष स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में जुड़े रहने की सलाह दी।

ज्ञात हो कि सीएमपीडीआई ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान एकल उपयोग प्लास्टिक पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल आदि और स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट, कचरे का निपटान, सफाई जैसी गतिविधियां चलायीं। सीएमपीडीआई (मुख्यालय) के अलावा सभी क्षेत्रीय संस्थानों और इसके अधीनस्थ गवेषण शिविरों में लोगों के बीच स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये गये।

गौरतलब है कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत, कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों स्वच्छ और स्वच्छ भारत के महात्मा गांधीजी के सपने को साकार करने के लिए 16 से 30 जून, 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

## चार महीना पहले ही राज्य में बढ़ी चुनावी तपिश, एनडीए व इंडिया के बीच रस्साकशी शुरू

# हिमंता ने भाजपा के लिए शुरू किया चुनावी आदिवासी मॉड्यूल

उदय चौहान



**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी अभी से ही बढ़ने लगी है। भाजपा आदिवासियों में खोया जनाधार वापस पाने के लिए आदिवासी दांव चलने की तैयारी में है। बाबूलाल मरांडी का नाम आगे कर भाजपा 28 वाला आदिवासी दांव झारखंड में खेलने की तैयारी में है। इसी क्रम में प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने भाजपा के आदिवासी नेताओं से मिलकर अपनी रणनीति को आगे बढ़ा दिया है। वहीं, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जमानत पर छूटने के बाद आक्रामक रूख अपनाये हुये हैं और कहा है कि अभी चुनाव हो तो भाजपा का सफाया कर देंगे।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में अभी चार महीने बाकी हैं। पर, माहौल में चुनावी तपिश का एहसास होने लगा है। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही दोनों राजनीतिक खेमों एनडीए और इंडिया में हलचल तेज हो गई है। लोकसभा की तीन सीटें गंवाने के बाद भाजपा की बेचैनी स्वाभाविक है।

झारखंड में भाजपा की जमीन खिसकती नजर आ रही है। दूसरी ओर भाजपा को नुकसान पहुंचाने में कामयाब इंडिया ब्लाक में वर्षों बाद रौनक लौटी है। इंडिया ब्लाक ने यह कमाल तब कियाए जब झारखंड में विपक्षी गठबंधन के प्रमुख चेहरा हेमंत सोरेन जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद थे। अब वे जमानत पर बाहर आ गये हैं। इसलिए विपक्षी खेमे में भी सरगर्मी स्वाभाविक है।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव तक तो झारखंड में भाजपा का जलवा बरकरार रहा। 2014 में भाजपा ने जहां लोकसभा की 12 सीटें अकेले जीत लीं। वहीं, उसी साल कुछ महीने बाद हुये विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने झंडा गाड़ दिया। केंद्र के बाद राज्य में भी भाजपा की सरकार बन गई। नरेंद्र मोदी के नाम पर ही भाजपा ने विधानसभा का भी चुनाव लड़ा था। रघुवर दास को पार्टी ने सीएम बनाया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा एक भी एसटी सीट नहीं जीत पाई। केंद्र में आदिवासी मामलों के मंत्री रहे अर्जुन मुंडा तक अपनी सीट नहीं बचा पाये।

**हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने बढ़ा दी भाजपा की मुसीबत**





जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ने झारखंड में कमजोर पड़ती भाजपा की मुसीबत बढ़ा दी। विपक्ष ने इसे निर्वाचित आदिवासी जनप्रतिनिधि के खिलाफ भाजपा की साजिश के रूप में प्रचारित किया। विपक्ष अपने मकसद में कामयाब रहा। भाजपा ने इसे हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार के रूप प्रचारित करने की कोशिश जरूर की, लेकिन आदिवासी समाज ने भाजपा की बातों या तर्कों पर तनिक भी भरोसा नहीं किया। पांच महीने जेल में बिताने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को जमानत दे दी है। इधर, कल्पना सोरेन ने भाजपा के खिलाफ धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है। इधर, भाजपा ने शिवराज सिंह चौहान के साथ असम के सीएम डॉ हिमंता बिस्वा शर्मा को झारखंड का प्रभारी नियुक्त किया है। पहली बार दोनों साथ आये। इसके बाद हिमंता बिस्वा शर्मा शनिवार को रांची आये और पार्टी के आदिवासी नेताओं के घर पहुंच गये। हिमंता ने दूसरी बार झारखंड पहुंचते ही सीता सोरेन समेत कई आदिवासी नेताओं से मुलाकात की। इतना ही नहीं, भाजपा ने अब यह भी साफ कर दिया है कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में ही विधानसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा इस बार 28 आदिवासी आरक्षित सीटों पर जल्द ही उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। इससे भाजपा को चुनावी लाभ मिलना तय है।

स्पीड न्यूज

## डॉ बीपी केशरी की 91वीं जयंती पर सेमिनार

**पिठोरिया।** एक जुलाई को रांची विश्वविद्यालय के टीआरएल संकाय जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्रथम विभागाध्यक्ष विद्वान लेखक साहित्यकार, इतिहासकार, झारखंड आन्दोलनकारी डॉ बीपी केशरी की 91वीं जयंती के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो त्रिवेणी नाथ साहुए डीएसपीएमयू के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य, पद्मश्री मुकुन्द नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख होंगे। इनके अलावा भारी संख्या में रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में कार्यरत प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी व साहित्यकार जुटेंगे। कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे प्रारंभ होगा।

## खिजुरटोला गांव में भाजपा नेता ने किया पौधरोपण

**ठाकुरगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संपूर्ण देश में चल रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को ठाकुरगांव के खिजुर टोला गांव में भाजपा नेता कमलेश राम के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। वहीं पौधे के बड़े होने तक संरक्षण की व्यवस्था की गई। भाजपा नेता कमलेश राम ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगानी चाहिए। धरती पर पेड़ पौधे होंगे तो हर साल बढ़ते तापमानए पर्यावरण प्रदूषण, ओजोन परत जैसे गंभीर मुद्दे का आसानी से हल हो सकेगा। हम सभी मिलकर फलदार, छायादार और ऐसे औषधीय पौधे लगाएं। मौके पर सिटु मुंडा, रामकुमार दुबे, गणेश यादव, दिनेश गोप समेत अन्य मौजूद थे।

## चान्हो-मांडर में मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति परीक्षा का आयोजन

**चान्हो/मांडर।** मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति परीक्षा का आयोजन रविवार को चान्हो और मांडर प्रखंड में किया गया। परीक्षा को लेकर चान्हो में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बिजुपाड़ा, राजकीय उत्क्रमित विद्यालय चान्हो, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय ओपा और प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय टांगर सहित कुल पांच केंद्र बनाए गए थे। चान्हो में 1627 विद्यार्थियों के लिए पांच केंद्र बनाए गए थे। वहीं मांडर के 1289 विद्यार्थियों के लिए संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय मांडर, प्लस 2 हाई स्कूल सोसई, संत जेवियर हाई स्कूल मांडर मिशन और राजकीय मध्य विद्यालय सोसई आश्रम में केंद्र बनाए गए थे। मांडर बीईईओ तरशिला केरकेट्टा ने विभिन्न परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

## बेड़ो : टेंपो-बाइक की सीधी भिड़ंत में एक की मौत

**बेड़ो।** नरकोपी थाना क्षेत्र के नरकोपी बोबरो सड़क पर बोबरो मोड़ के समीप रविवार की शाम लगभग साढ़े तीन बजे सवारी ऑटो और बाइक के बीच आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। वहीं टेम्पो चालक चरनालों गांव नरकोपी थाना निवासी 45 वर्षीय सुरेश भगत की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं बाइक चालक ईंटा गांव निवासी मईदीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही सवारी टेम्पो पर सवार बंधनी उरांव समेत अन्य लोग घायल हो गये हैं |सभी घायलों को नरकोपी थाना के एएसआई राम नगीना ने ग्रामीणों व सशस्त्र बल के सहयोग से इलाज के लिए चान्हों रेफरल अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मईदीन अंसारी को रिम्स से रेफर कर दिया। वहीं नरकोपी पुलिस ने घटनास्थल से मृतक सुरेश भगत का शव व घटनास्थल से दोनों वाहनों को बरामद कर थाना ले आई।

### विधिक सेवा शिविर में लाभुकों को दी गयी योजना की स्वीकृति पत्र

# जरूरतमंदों को मिलेगी सरकारी सुविधा

### 24 अबुआ आवास की स्वीकृति, 35 लोगों को मिला सर्वजन पेंशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** डीसी राहुल सिन्हा के निर्देश पर प्रखंड सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट आरके पांडेय की मौजूदगी में विभिन्न योजना के चयनित 1 हजार से अधिक लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया गया। इससे महिलाएं काफी उत्साहित दिखीं और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के प्रति आभार जताया। बीडीओ रवि कुमार ने कहा कि समाज के हर जरूरतमंद परिवार को सरकारी सुविधा मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों को बिचौलिये से सावधान रहने की सलाह देते हुये बताया कि सर्वजन पेंशन 35, अबुआ आवास 24, जन्म 354, मृत्यु 166, मनरेगा जॉब कार्ड 20, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) 10 एसएचजीसीसी ऋण महिला समूह 254, राशन कार्ड 10, अशुपालन 20, दाखिल-खारिज 36, पारिवारिक सदस्य 2, विधिक प्रमाण पत्र 1, आय 33, आवासीय 26 और जाति प्रमाण पत्र के 51 लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया। इससे पूर्व श्री पांडेय ने ग्रामीणों को कई कानूनी जानकारी दी। संचालन तैय्यब अंसारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ विजय कुमार ने दिया।

#### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा अभिषेक कुमार, मनिता कुमारी, विजय कुमार, कुणाल कुमार, मुन्नी कुजूर, पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, असगरी खातून, शमसुल हक, भगीरथ महतो, धर्मेंद्र कुमार, सुमित एक्का, अनिल कुमार, सुषमा मुर्मू, मंजर आलम, किरण देवी, शोभा देवी, पंचायत सचिव, जनसेवक, प्रखंड, अंचल व मनरेगा कर्मी आदि।

### इटकी में लगा विधिक सेवा शिविर

**इटकी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा रविवार को इटकी प्रखंड मुख्यालय सभागार में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मनोज कुमार इंदवार शामिल हुए। कार्यक्रम में विधिक संबंधित जानकारीए कार्यक्रम का उद्देश्य व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंगए थाना प्रभारी अभिषेक कुमारए बीएसओ हेमंत एक्काए रहीस मलिक आदि मौजूदू थे।

## खलारी में विधिक सेवा शिविर सह सशक्तिकरण का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार डालसा सिविल कोर्ट राँची के द्वारा खलारी प्रखण्ड सभागर में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिविल कोर्ट राँची के न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी गौतम गोविंदा को खलारी बीडीओ संतोष कुमार एवं खलारी अंचलाधिकारी प्रणव अम्बष्ठ ने पौधा देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायिक पदाधिकारी गौतम गोविंदा ने कहा कि डालसा का उद्देश्य जरूरतमंद असहाय पीड़ित न्याय से वंचित दिव्यांग व्यक्ति और लोगों तक न्याय की सहायता पहुँचाना है। साथ ही कानूनी प्रकिया में फंसे लोगों को भी निःशुल्क विधिक सहायता पहुँचाना है। उन्होने बताया कि मध्यस्थता के द्वारा आपसी विवाद का भी निपटारा करा कर लोगों की मदद की जाती है। वहीं सड़क दुर्घटना में मृत परिवार को मुआबजे की राशि दिलाना एपीड़ित मुआबजा अधिनियम के तहत पीड़िता को न्याय द्वारा संरक्षण देकर मुआवजा दिलाना है। बालकों की देख रेख संरक्षण पर डालसा के द्वारा खलारी में विशेष कैम्पेनिंग के जरिए बच्चों के सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। ताकि लोग अपने अधिकारों को समझें और डालसा की मदद उन्हें मिल सके।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंहए मुखिया पुतूल देवीए पारसनाथ उरांवए पुश्पा खलखोए शिवरत मुंडाए मलका मुंडाए सुनीता देवीए षांति देवीए पंसस कुजीता देवी सहित महिला पुरूश ग्रामीण एवं स्कूली छात्र.छात्राएं उपस्थित थे।

### मुखिया संघ करेगा कलमबंद हड़ताल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन में रविवार को मांडर विधानसभा के पांचों प्रखंड मांडरए चान्होए बेड़ोए इटकी व लापुंग के मुखियाओं की एक विशेष बैठक बेड़ो मुखिया सुशांति भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड मुख्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की ओर से अधिकारियों को उनकी अनुशंसा के बगैर प्रखंड में अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति नहीं देने के निर्देश का विरोध किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुखिया संघ की मांगें पूरी नहीं हुई तो मांडर विधानसभा के पांचों प्रखंडों के मुखिया कलमबद्ध हड़ताल पर चले जायेंगे। मौके पर रांची जिला मुखिया संघ के सचिव नीरज कुजूर ने कहा कि मुखिया अपने.अपने पंचायत में अबुआ आवास के लाभुकों का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करने में सक्षम हैं।

# संयुक्त श्रमिक संगठन की गेट मीटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** संयुक्त श्रमिको के मांग पर एनके प्रबंधन के द्वारा गए तय समय पर कार्य धरातल पर नही होने पर सयुक्त श्रमिक संगठन ने एनके के सभी परियोजना में गेट मीटिंग व धरना प्रदर्शन करने का रूप रेखा तैयार किया। धरना व गेट मिटिंग तय समय का वार्ता डकरा भीआईपी सभागर में किया गयं जिसकी अध्यक्षता डी पी सिंह व संचालन ध्वाजा राम धोबी ने कियव। बैठक में 10 जून को एन के प्रबंधन एवं संयुक्त श्रमिक संगठन के बिच वार्ता में कई विषयों में चर्चा किया गया था। जिसमे एन के सी सी एल प्रबंधन ने कई मुद्दों पर सहमती दि थी लेकिन तय समय पर कोई भी कार्य नही होने पर संयुक्त श्रमिक संगठन असहमत है। जिसका एनके प्रबंधन को जमकर विरोध कर विरोध करती है।

### संयुक्त श्रमिक संगठन ने धरना की तिथि तय किया

निराश संयुक्त श्रमिक संगठन ने आंदोलन का रूप रेखा इस प्रकार रू. 1 जुलाई को एन के महाप्रबंधक डकरा को इसकी लिखित सुचना देगी। 16 जुलाई को महाप्रबंधक एन के क्षेत्रीय कार्यालय डकरा पर एक दिवसीय धारना देकर विरोध प्रदर्शनए इससे पूर्व 05 जुलाई को के डी एच परियोजना मेंए 06 जुलाई को डकरा व चुरी परियोजना ए 07 जुलाई को पुरनाडीह व रोहनीए दिनांक 08 जुलाई को आर आर शॉप सहित सभी सर्विस यूनिट में गेट मीटिंग के माध्यम से सभी श्रमिको को आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान करेगी। वही 09 जुलाई को भीआईपी सभागार डकरा मे संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक 11 बजे दिन मे करके धारना के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियो पर चर्चा होगी। इस बैठक में मिथलेश कुमार सिंहएअमर भूषण सिंहएकृष्णा चौहानएगोल्डन यादवए हरेन्द्र सिंहए शैलेन्द्र कुमार सिंहए दिनेश भरएराजेंद्र चौहानए इस्लाम अंसारीएरमेश कुमार सिंह संजय प्रसादए जिफील टोपोए राजू कुमार शर्माए मो सज्जादए उदय कुमार सिंहए जगदीश चौहानए पिंकू सिंहए टुपा महतोए राम प्रवेश नायकएजय मंगल सिंहएटेकलाल महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### इटकी : एकता नगर में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक में उठाई कई मांगें



**इटकी।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज इटकी इकाई की बैठक रविवार को एकता नगर में हुई। बैठक में पेंशनरों के बेसिक पेंशन में पचास प्रतिशत मंहगाई भत्ते को जोड़ने, रेलवे यात्रा में पूर्व की भांति सिनीयर सिटिजंस को रियायत देने, कोरोना काल में रोके गये ग्यारह प्रतिशत मंहगायी भत्ते की राशि को विमुक्त करने के अलावे इटकी पेंशनर समाज के लिए इटकी में एक पेंशनर भवन का निर्माण कराने तथा जन सुविधा के तहत इटकी टीबी सैनेटोरियम परिसर में बने कोविड वार्ड को जेनरल अस्पताल के रूप में परिवर्तित करने की मांग सरकार से की गयी। अपनी मांगों को लेकर पेंशनर समाज शीघ्र ही स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत से मिलकर एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय भी लिया। बैठक में मुश्ताक अहमद, तसनीम अहमद, विनोद सिन्हा, किशोर गोप, मो सज्जाद, मोनिका कोनगाड़ी, क्रिशटिना बाड़ा, मो शरीफ, अलीहसन, तैयब अली, इजाजूल हक, मो मजीद, अब्दुल कय्यूम व ओबैदुल्लाह सहित अन्य शामिल थे।

### राजकिला में पारंपरिक ढंग से होगी रथयात्रा पूजा

### शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** थाना स्तरीय शांति समिति की बैठक राजकिला सभागार में हुयी। सीओ रवि कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान 7 जुलाई को होने वाली रथयात्रा पूजा पारंपरिक तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व सदस्यों ने किला मैदान के रथ मेले में पॉकेटमारों से मेलार्थियों की सजगता, महुआ शराब की बिक्री पर पाबंदी, यातायात सुदृढ़ करने, पेयजल की व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, ड्रोन कैमरे से पूजा स्थल व मेले की निगहबानी, असामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह, सीसीटीवी लगाने, वीडियोग्राफी कराने, स्वयंसेवकों की नियुक्ति, महिला पुलिस बल की तैनाती तथा सीएचसी की ओर से चिकित्सा शिविर लगाने पर जोर दिया।

#### भावुक हुईं राजकुमारी



राजकुमारी माधुरी मंजरी अपनी बात रखते हुये भावुक हो गयी। ग्रामीणों से सहयोग की अपील व दिवंगत युवराज की याद में वह फफक कर रो पड़ीं। यह देख सबकी आंखें नाम हो गयी। बैठक में प्रमुख संगीता तिर्की, थानेदार शशिभूषण चौधरी, एसआई अनुरंजन कुमार, पूर्व मुखिया फूलकुमारी देवी, मुखिया सुषमा तिर्की, हजारी प्रसाद, राजकुमार बर्मन, अरशद अयूब, महावीर विश्वकर्मा, शिवपूजन साहू व बैजू सोनी ने अपने सुझाव रखे। संचालन दामोदर नाथ मिश्र ने किया। मौके पर समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### अनगड़ा : ग्रामीणों ने श्रमदान से किया डोभा की सफाई

**अतगड़ा।** क्रिएटिव मिशन झारखंड रांची द्वारा विगत दिनों अनगड़ा प्रखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में गूंज एनजीओ की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया स ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया जिस के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। इसी दिशा में अनगड़ा के चिलदाग नायक टोला में ग्रामीणों ने सामूहिक श्रम दान कर एक डोभा की सफाई का कार्य किया। इस काम में श्रम दान करने वाले सभी ग्राम वासियों को गूंज की ओर से काम के बदले कपड़ा योजना अंतर्गत कपड़ों की किट का वितरण क्रिएटिव मिशन झारखंड रांची के माध्यम से पुरस्कार के रूप में किया जाए गा। इस सफाई अभियान में क्रिएटिव मिशन झारखंड संस्था के समन्वयक तौहीद आलम और वीर सिंह नायक ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपनी देख रेख में काम को कराया। पंचायत के मुखिया दुर्गा पहान वार्ड मेंबर उषा देवी संस्था की सचिव महमूदा तबस्सुम सीईओ बदरे वकार ने इस प्रयास व सहयोग के लिए ग्रामवासी को हार्दिक बधाई दी है।



### कांके : झामुमो ने मनाया हूल दिवस



**कांके।** हूल दिवस के अवसर पर झामुमो कांके प्रखंड समिति द्वारा ऑक्सब्रिज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सिंधु कानू के फोटो पर माल्यार्पण किया गया माल्यार्पण के बाद प्रखंड समिति द्वारा बैठक किया गया मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव की समीक्षा आने वाला विधानसभा चुनाव की तैयारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पंचायत वार्ड घर तक प्रचार प्रसार अल्पसंख्यक मोर्चा एवं कीड़ा मोर्चा का गठन अध्यक्षता कांके प्रखंड जावेद अख्तर अंसारी ने किया इस बैठक में फरीद खान धर्मेंद्र सिंह प्रदीप मिर्धा अनमोल रतन सांचा हनीफ अंसारी फलंदर मुंडा बसंत महतो सहाबुदीन अंसारी रंथु उरांव जैनुल अंसारी कलीम खान मगरू मुंडा मोहन उरांव बिनोद मुंडा मजहर अंसारी फारूक अंसारी दीनानाथ लकड़ा सहीत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोकारो में खेले गये खो-खो प्रतियोगिता में फुसरो को हरा कर ओरमांझी ने जीता गोल्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

### राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने दी बधाई

**ओरमांझी।** अखिल भारतीय विद्या भारती द्वारा 28 जून से 30 जून तक देवनगर दुग्धा बोकारो में आयोजित प्रांत स्तरीय खो-खो खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कूल्ही ओरमांझी की छात्राओं ने प्रथम स्थान लाकर गोल्ड पर कब्जा जमा लिया है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही ओरमांझी ने फुसरो की टीम से 18-0 से जीत कर सेमीफाइनल में पहुंची। वहीं फाइनल मैच ओरमांझी व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुपुर के बीच खेला गया, जिसमें सरस्वती षिषु विद्या मंदिर ओरमांझी की टीम ने 18-3 से जीत लिया। इसकी जानाकरी देते हुए विद्यालय के सचिव चन्नु महतो ने बताया प्रतियोगिता में पूरे झारखंड प्रांत से 16 टीमें शामिल थे। वहीं छात्राओं की सफलता पर विद्यालय के मुख्य संरक्षक राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पढाई के साथ खेल व संस्कार की भी शिक्षा मिलती है। यहां ज्यादातर गरीब व सुदूरवर्ती गांव के बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। झारखंड प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता जीत कर छात्राओं ने विद्यालय के साथ ओरमांझी का भी मान बढ़ाया है। यह उपलब्धी अन्य बेटियों को भविष्य में बेहतर करने के लिए उत्साहित करेगी। विजेता टीम में शामिल चांदनी कुमारी, निधि कुमारी, प्रियंका कुमारी, दीपिका कुमारी वर्षा कुमारी, दीप्ति कुमारी, नेहा कुमारी, नीतू कुमारी आरूषी कुमारी अंजली कुमारी श्रीष्टि कुमारी को अध्यक्ष बिरजू महतो, प्राचार्य जयप्रकाश कुमार, सुखदेव महतो, विजय आनंद, नेवालाल महतो, कालेश्वर महतो, भरत प्रसाद गुप्ता, दिनेश साहू, कोशिंदर महतो, शशि भूषण, सुरेंद्रनाथ महतो सहित कई लोगों द्वारा बधाई दी गई है।



गोल्ड मेडल जीतने वाली ओरमांझी की बेटियां।

### छोटानागपुर लॉ कॉलेज में झारखंड विधिज्ञ समागम का समापन

**नामकुम।** छोटानागपुर ला कालेज में रविवार को दो दिवसीय झारखण्ड विधिज्ञ समागम के दुसरे दिन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए न्यायधीस सुजीत नारायण प्रसाद ने समागम के उददेष्य पर प्रकाष डालाते हुए ऐसे दोसो को पहचानने पर जोर दिया जिन्हे दुर करने के उपायों के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है और समागम की जरूरत पडी है। उन्होने कहा कि समागम आधुनिक कानूनी प्रणालियों में फिट होने के लिए प्राचीन विचारों की खोज है। मुख्य न्यायधीस ने छात्रों को निर्देष देते हुए कहा कि वे पुराने और तीन नए दोनो आपराधिक कानूनों का भी अध्ययन करें ताकि सीखने के परिणाम को अधिकत्तम किया जा सके। मुख्य न्यायधीस ने कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 और 73 वें और 74 वें संवैधानिक संषोधन 1992 निहितार्थ का भी उल्लेख किया। हीं प्रो डा जयषंकर सिंह ने भारतीय संस्कृति और षिक्षाविदों पर गर्व करते हुए कहा कि भारत ने उच स्तर की बौद्विकतापैदा की है, डा सिंह ने रिपब्लिक और ऋग्वेद की तुलना करते हुए उसपर प्रकाष डाला। प्रो तपन कुमार षांडिल्य ने डाइसी की कानून की अवधारणा और कानून के षासन का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम को न्यायिक आयुक्त डा दिवाकर पाण्डेय,रंजना अस्थाना सचिव झालसा, प्रधान जिला न्यायधीस,राजेष षुक्ला,बार कांउसिल के राजेन्द्र कृस्णा, डा अजीत कुमार सिन्हा,प्रो डा पंकज कुमार चतुवेर्दी सहित डा चंद्रकांत षुक्ला,कामाख्या सिंह,डा षैवाल सत्यार्थी,डा राजू माझी,डा एमआर श्रीनिवासा,डा अनील कुमार चैधरी सहित अन्य ने संबोधित किया।

## नगर विकास सचिव ने रांची स्थित जुपमी भवन में कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर का किया निरीक्षण

# कमांड सेंटर के माध्यम से शहर की निगरानी का बढ़ेगा दायरा, जलजमाव वाले इलाकों पर होगी नजर : सचिव

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से रियल टाइम में निर्गत होगा चालान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी की महत्वाकांक्षी परियोजना कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर को सरकार और भी ज्यादा जन उपयोगी बनाना चाह रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने शनिवार को जुपमी भवन स्थित कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर का निरीक्षण किया और रांची स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया।

सचिव ने कहा कि यहां पर अत्याधुनिक तकनीकी से लैस उपकरण लगे हुये हैं। इसका अधिक से अधिक उपयोग होना चाहिये। ताकि जनता को सीधे इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कमांड सेंटर से संचालित हो रही स्वचालित ट्रैफिक सिग्नल्स, पीए सिस्टम, वीएमएसबी, स्पीड वायलेशन डिटेक्टर, रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्टर, ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकॉग्निशन और ऑनलाइन चालान की जानकारी ली।

निरीक्षण के क्रम में विभागीय सचिव ने कहा कि बरसात के दौरान नगर निगम क्षेत्र में कई जगह से जल जमाव की शिकायत आती है। वैसे में हमारे कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर से ऐसी जगह को चिन्हित कर उस पर क्लोज मॉनिटरिंग रखा जाये और जल जमाव की कोई भी समस्या होती है तो तुरंत रांची नगर निगम की टीम को सूचित किया जाये।



### सड़क दुर्घटनाओं पर भी रहे विशेष नजर

नगर विकास सचिव ने डेमो के माध्यम से जब स्पीड वायलेशन डिटेक्टर के मामलों को देखा और उन पर कैसे कार्यवाही होती है। इसकी जानकारी ली। उसके बाद कहा कि रांची शहर में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर भी नजर रखी जाए और अगर कोई सड़क दुर्घटना की जानकारी कैमरा या अन्य इक्विपमेंट के माध्यम से हमारे कमांड सेंटर को पता चलती है तो तुरंत संबंधित थाना या स्वास्थ्य विभाग की एजेंसी को सूचित किया जाए ताकि लोगों को त्वरित मदद पहुंचाई जा सके। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली जा सकती है। नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने स्मार्ट सिटी के कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर से निर्गत हो रहे ऑनलाइन चालान की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन चालान की पेंडेंसी का त्वरित निष्पादन करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कोशिश किया जाये।

### कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर से होती है निगरानी

स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर के माध्यम से ही शहर की पूरी ट्रैफिक व्यवस्था ऑनलाइन सुचारू रूप से संचालित हो रही है। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर ऑनलाइन चालान भी निर्गत किया जाता है। शहर में आने वाली हर वाहन पर निगरानी रखी जाती है। 1000 से ज्यादा कैमरे के माध्यम से पूरे शहर पर क्राइम कंट्रोल के मद्दे नजर निगरानी रखी जाती है। इन संसाधनों के माध्यम से पुलिस को भी घटनाओं के उद्वेदन या घटनाओं को रोकने में मदद मिलती है। राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जन उपयोगी योजनाओं के प्रचार प्रसार को आसान बनाने के लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम और वेरिएबल मैसेज साइन बोर्ड का उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर में साफ सफाई सुनिश्चित करने में भी कमांड कंट्रोल की मदद ली जाती है और यहां से नगर निगम के कर्मी निगरानी रखते है। निरीक्षण के दौरान रांची स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंद कुलियार ने सचिव को कमांड सेंटर की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर पीआरओ अमित कुमार, सचिव के ओएसडी विजय कुमार, प्रबंधक उत्कर्ष कुमार, अंजनी दुबे, जुडको के आशुतोष सिंह, हनीवेल ऑटोमेशन इंडिया लिमिटेड के अतुल अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी, कर्मचारी थे।

## ज्वेलरी लूट कांड : मालिक ने पुलिस को दिया बयान

# मित्र संग बैठा था, तभी चार अपराधी दुकान में घुसे, पिस्टल दिखाकर लूट लिया जेवरात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बिरसा चौक के पास स्थित डीपी ज्वेलर्स में अपराधियों ने शुक्रवार को भीषण लूट की घटना को अंजाम देने के बाद जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने दुकान के मालिक ओम वर्मा का बयान लिया। बयान में ओम वर्मा ने कहा घटना के दिन प्रत्येक दिन की तरह मेरा स्टाफ मुन्ना कुमार और रॉबर्ट सांगा ने 11.15 बजे दुकान खोल दिया था। वे दोपहर करीब 2:30 बजे अपने ज्वेलरी दुकान पर आये। जिसके बाद दिन के 3:30 बजे उनका मित्र दिलीप सिंह दुकान पर आया। ओम वर्मा उससे बातचीत कर रहा था। इस दौरान मेरा एक स्टाफ मुन्ना अंदर खाना खा रहा और दूसरा स्टाफ रॉबर्ट समान लाने बाहर गया था।

**हेलमेट पहने चार अपराधी दुकान के अंदर घुसे** : ओम वर्मा ने बताया कि चार अज्ञात लोग हेलमेट पहनकर दुकान में घुस गये। हथियार हाथ में लेकर गाली देते हुए दो अपराधी मुझे धक्का देते हुए तिजोरी के पास लेकर चला गया। पिस्टल सटाकर कर तिजोरी खोलवाया और सभी सोने के जेवर को लूटकर बैग में रख लिये। उसी क्रम में गोली फायर किया तो मुझे धक्का मुक्की के क्रम में दाहिने हाथ की केहुनी के नीचे गोली लग गयी। जिस वजह से दाहिना पेट किनारे बारुद से जल गया। इसके अलावा दो अपराधी काउंटर पर लूटपाट कर रहे थे। उसमें भी एक ने हाथ में पिस्टल और चाकू लिया था। काउंटर पर रखे सोने-चांदी के लगभग सभी जेवरात लूट कर बैग में रख लिया। इस दौरान अपराधियों ने ओम उसके स्टाफ रॉबर्ट और उसके मित्र दिलीप का मोबाइल फोन लूट लिया। ओम ने बयान में कहा है कि लूटपाट में कितना का सोना चांदी लूटा गया है, स्वस्थ होने के बाद सही जानकारी दे पायेंगे। इस बाबत मालिक ओम वर्मा के बयान पर जगन्नाथपुर थाना में कांड 29/24 दर्ज किया गया है।

# प्रेमी से फोन पर किया झगड़ा, फिर कूद गयी छत से, अस्पताल में निधन

### लव लाइफ में चल रहा था टेंशन, हिरासत में प्रेमी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने रविवार को आत्महत्या कर ली। प्रेमी से झगड़ा के दौरान उसने यह जानलेवा कदम उठाया। पुलिस ने लड़की के प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद के पास रहने वाली सना परवीन का अपने प्रेमी जावेद से शादी की बात को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों एक दूसरे से मोबाइल पर बात कर रहे थे। बातचीत के दौरान ही दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बात करते-करते सना छत से कूद गयी। सना को उसका प्रेमी ही सबसे पहले वहां दौड़ कर आया और उसे अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**परिजन पहुंचे अस्पताल, प्रेमी हिरासत में** : सना की मौत की सूचना पर उसके परिजन भी भागे-भागे अस्पताल पहुंचे। हिंदपीढ़ी पुलिस ने उसके प्रेमी जावेद को हिरासत में ले लिया है। जावेद से पूरे मामले में पूछताछ की जा रही है। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी बाबू राम भगत ने कहा कि परिजनों के लिखित शिकायत पर ही मामले में अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

# स्टेशन के पास होटल में चल रहा था सेक्स रैकेट, दस युवतियां हिरासत में

### रांची में सेक्स रैकेट का खुलासा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित होटल रॉयल रेजीडेंसी में छापेमारी कर अनैतिक देह व्यापार का खुलासा किया है। सिटी डीएसपी केवी रमण के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी, चुटिया थानेदार समेत कई लोगों ने एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस ने होटल में छापेमारी की, होटल के कमरे से लड़कियां निकलती गईं। पुलिस ने होटल से 10 लड़कियों समेत 12 को हिरासत में लिया गया। इस मामले में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है जैसे ही इसके बारे में सूचना मिल रही है उस पर कार्रवाई की गयी। आगे भी कार्रवाई की जायेगी।



**होटल के कोने कोने से निकली लड़कियां** : सिटी डीएसपी केवी रमण ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी उसके बाद होटल रॉयल रेसीडेंसी में छापेमारी की गई। पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि शहर के एक होटल में अनैतिक देह व्यापार का कारोबार किया जा रहा है। ग्राहकों को होटल में ही बुलाया जाता है और फिर उनके कमरे तक लड़कियों को भेजा जाता है। लड़कियों को रखने के लिए विशेष कमरा भी होटल में बनवाया गया था। पुलिस जब होटल में छापेमारी के लिए पहुंची तो होटल के कोने-कोने से लड़कियां निकाल कर भागने लगीं, लेकिन पुलिस ने सभी को दबोच लिया। इस संबंध में चुटिया थाना में होटल के मालिक और मैनेजर पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के अनुसार ज्यादातर लड़कियां प. बंगाल की हैं। पुलिस को इनके मोबाइल से कैश लेने देने के भी सबूत मिले हैं। लड़कियों से पूदताछ की जा रही है। सभी को महिला थाना में रखा गया है।

### ईश्वर मनुष्य के साथ पक्षपात नहीं करता : आर्च बिशप विसेंट आइंद

**रांची।** हेसाग पल्ली में रविवार को मिस्सा बलिदान का आयोजन किया गया। आर्च बिशप विसेंट आइंद ने धर्मविधि संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि प्रभु के लिए हर मनुष्य एक समान है। इसलिए ईश्वर किसी के साथ पक्षपात नहीं करता है। यही कारण है कि परमेश्वर हमें विश्वासी बनाता है।

**आर्च बिशप का विश्वासियों ने किया भव्य स्वागत** : धर्मविधि से पहले विश्वासियों ने आर्च बिशप का भव्य स्वागत किया। विसेंट आइंद के आगमन पर विश्वासियों की आंखों में खुशी झलकती नजर आयी। धर्मबहनों ने पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाकर आर्च बिशप को पल्ली परिसर में प्रवेश कराया। इसके बाद चर्च के अंदर परमेश्वर की आराधना करायी गयी। आयोजन को सफल बनाने में कैथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### हेमंत के पोस्टर-होर्डिंग से पटी राजधानी रांची



**रांची।** हूल क्रांति दिवस के मौके पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के बड़े-बड़े पोस्टर एवं होर्डिंग शहर के चौक-चौराहों पर लगा दिया गया है। किसी पोस्टर में हेमंत क्लीन सेव में नजर आ रहे हैं तो किसी में पकी दाढ़ी वाले रूप में। इन पोस्टरों पर हूल जोहार, सत्यमेव जयते लिखा है। कई पोस्टर में साजिशों के खेल का हुआ अंत, आ गया अपना हेमंत आदि लिखा है। इन पोस्टरों को लेकर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### हूल दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**रांची।** हूल दिवस पर रविवार को शहीद स्थल सह स्मारक, शहीद चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहीद सिद्धो-कान्हू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। डॉ राम प्रवेश, सचिव शहीद स्मारक समिति ने शहीद सिद्धू, कान्हू, चाँद-भैरव, एवं फूलों झानों की कुर्बानियों एवं 1855-56 के आंदोलन पर प्रकाश डाला। सभा में बासिल किड़ो, वीरेंद्र सिंह, शंकर आजाद, रविदत, किशन अग्रवाल, भारत ठाकुर, मनोज तिवारी, चितरंजन शहदेव, दिलीप कुमार वर्मा, आदित्य मोनू, सूर्यनारायण, पशुपति सिंह, सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने ब्लड कैंप लगाया



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है। रविवार को रक्तदान शिविर न्यूक्लियस मॉल कांके रोड एवं न्यूक्लियस मॉल लालपुर रोड में आयोजित किया गया। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया और सरिता बथवाल ने बताया कि दोनों शिविर में कुल 17 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, रोजी खंडेलवाल, रितु पोद्दार, कोमल पोद्दार का सहयोग रहा।

### लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल का 24वां स्थापना समारोह मना



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ राँची कैपिटल का 24वाँ स्थापना समोराह का आयोजन रविवार को आदिम जाति अनाथाश्रम, निवारनपुर में किया गया। जिसमें मनोज गोयल को अध्यक्ष, अनूप अग्रवाल सचिव और सुशील सिंह कोषाध्यक्ष एवं नए पदाधिकारी और निदेशक मंडल की टीम को 01.07.2024 से आरंभ होने वाले लायनिस्टिक वर्ष 2024-25 के लिए लायन प्रकाश अरोरा ने शपथ दिलवाई।

### एनआईबीएम में विशेष बैच 1 और 5 जुलाई से



**रांची।** स्नातक, बीटेक, एमबीए युवा के लिए बैंकिंग, आईबीपीएस, एसबीआई, आरबीआई, नाबार्ड, एसएससी, रेलवे, स्टेट लेवल एसएससी में नौकरियों के लिए इस वर्ष भी रिक्तियां की घोषणा कर दी गई है। इन सभी के लिए पिछले 26 वर्षों से सर्कुलर रोड, श्री साईं टावर स्थित एनआईबीएम में विशेष बैच हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में 1 तथा 5 जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। इस संस्थान में फ्री लाइब्रेरी रीडिंग रूम के साथ शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन नई पैटर्न पर पढ़ाई कराई जाती है तथा संबंधित डाउट को प्रतिदिन क्लियर भी किया जाता है। कल्याण योजना के तहत गरीब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए नामांकन में 50 फीसदी की विशेष छूट दी जाती है। इच्छुक विद्यार्थी संस्थान के वेबसाइट या कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

### रीता गुप्ता की पुस्तक का विमोचन

रांची। राजधानी रांची के साहित्याकाश में रविवार को करमटोली स्थित प्रेस क्लब में हिंदी लेखिका रीता गुप्ता के नवीन कहानी संग्रह सांझ ढले गगन तले का लोकार्पण किया गया। रीता गुप्ता पिछले कई दशकों से हिन्दी लेखन में सक्रिय हैं। खासकर गद्य विधा में। यह लेखिका की दूसरी पुस्तक है। इस उपलक्ष्य में रश्मि शर्मा ने रीता गुप्ता की कहानियों पर रोशनी डालते हुये कहा कि सांझ ढले गगन तले की कहानियां प्रथम दृष्टया संस्मरणात्मक लगती हैं लेकिन कहानी के अंत आते आते पाठक चौंक जाता है। अलग अलग रंगों और पूरे कहानीपन के साथ मौजूद हरेक कहानी पठनीयता से लबरेज है। वीणा श्रीवास्तव ने रीता गुप्ता की कहानियों के बारे में बोलते हुए कहा कि इनकी कहानियां सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाती हुई उम्मीद की किरणें हैं। वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर अरुण कुमार ने कहा कि आज के लेखकों को तय करना होगा कि वे किधर खड़े हैं । रीता गुप्ता जी शब्दकचित्र की कुशल कलाकार हैं। आचार्य हरेराम त्रिपाठी चेतन ने कहा कि कहानी वही अच्छी होती है जो मनुष्यता की बात करती हो रांची में कथाकार के साथ साथ समीक्षक भी आ रहे हैं जो कि बहुत ही सुखद है।

### कृष्णापुरी रेलवे कॉलोनी में पौध भंडारा कार्यक्रम का होगा आयोजन : जायसवाल

**रांची।** कृष्णापुरी रेलवे कॉलोनी में मंदिर पुनर्निर्माण के लिये बनायी गयी कमिटी की बैठक में रविवार को प्रोफेशनल कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधि आदित्य विक्रम जयसवाल शामिल हुए। उन्होंने मंदिर पुननिर्माण में आ रही समास्याओं को जाना और कहा कि समास्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में बिजली, पानी और बिजली के पोल की कमी है। इसको लेकर मुहल्ले वालों के साथ संबंधित विभाग के अधिकारी से मिलकर समास्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष राम सिंह उपस्थित थे। आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में जल्द ही पौध भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर पौधा बॉटा जाएगा। इसके पश्चात निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प लगाया जाएगा। रोजगार से लोगो को जोड़ा जाएगा।

# मां ज्वाला जी की ज्योत का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के चंद्रभान तलेजा, रामचंद्र तलेजा, मनोहर लाल जसूजा, केसर पपनेजा, हरीश अरोड़ा, मनोज किंगर, पप्पू मादन पोतरा, सुनील कटारिया एवं ज्ञान देव जी पंडित हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी शहर से मां ज्वाला जी की ज्योत लेकर सड़क मार्ग से रविवार को दोपहर 3:00 बजे अल्बर्ट एक्का चौक रांची पहुंचे। जहां मंदिर कमेटी के राधेश्याम किंगर, राधेश्याम तलेजा, राधा कृष्ण घई, नंद किशोर अरोड़ा, किशोरी पपनेजा, अरुण जसूजा, हरीश मनुजा, निखिल घई समेत अन्य सदस्यों ने मां ज्वाला जी की ज्योत का स्वागत किया। अल्बर्ट एक्का चौक से मां ज्वाला जी की ज्योत के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो रात 9:00 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी रातू रोड स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंच कर विसर्जित हो गई। शोभा यात्रा के आगे श्रद्धालु भगवा पताका लेकर चल रहे थे।



शोभायात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, भाजपा नेता हरविंदर सिंह बेदी, अशोक यादव, दिलीप गुप्ता, सुनीता देवी, सुनील यादव (मामा) शामिल हुए। मंदिर कमेटी के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि शोभा यात्रा के रूट में शास्त्री मार्केट एसोसिएशन, रांची थोक वस्त्र विक्रेता संघ, गांधी चौक दुकानदार समिति, महावीर मंडल, सूरज संगम, बाल मित्र मंडल, स्वर्गीय किशोरी यादव परिवार, भाजपा नेत्री सुनीता देवी, पंजाबी युवा मंच, मेट्रो गली दुकानदार संघ, बहावलपुरी पंजाबी समाज के अलावा भाजपा नेता रमेश सिंह ने जोरदार स्वागत किया। यह जानकारी नरेश पपनेजा ने दिया।

# बंद घर में अपराधियों ने की चोरी, पिस्टल छोड़ भागे



**रांची।** गोंदा थाना इलाके के भीठा बस्ती में अज्ञात चोरों ने बंद घर में लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की घटना के बाद अपराधी घर में ही पिस्टल छोड़कर भाग गये। मामला शनिवार की रात का है। इस संबंध में मकान मालिक मो शफीक ने गोंदा थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गोंदा थाना पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी है।

**खाना खाने होटल गये थे मकान मालिक** : बताया जाता है कि मकान मालिक, घर में पत्नी के नहीं रहने के कारण बाहर किसी होटल में खाना खाने गये हुए थे। इसी बीच चोरों ने बंद घर के ताले को तोड़कर रूम में प्रवेश कर गये और पांच हजार नगद समेत पांच से छह लाख के जेवरात चोरी कर फरार हो गये। मकान मालिक की आवाज सुनकर चोर छत से छलांग लगा फरार हो गए। इसी बीच हड़बड़ी में चोरों ने एक देसी कट्टा सहित रॉड छत में ही छोड़ दिया। मकान मालिक ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर पिस्टल को जब्त किया और आगे की छानबीन कर रही है।

### दिव्यांग के साथ गैंगरेप की घटना पर झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

**रांची।** अखबार में छपी खबर 12 वर्ष की दिव्यांग के साथ गैंगरेप की घटना के मामले पर झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया था तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची को यह आदेश दिया हैं कि वह तत्काल पीड़ित तथा पीड़ित के परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, दिवाकर पांडे ने डालसा सचिव को अविलम्ब एक टीम गठित कर पीड़ित तथा पीड़िता के परिवार को विधिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया। इस आदेश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची कमलेश बेहरा ने एक टीम गठित किया, जिसमें पीएलवी अनिता देवी और सम्पा दास को नियुक्त किया गया है। कमलेश बेहरा, सचिव डालसा, पीएलवी अनिता देवी व सम्पा दास ने पीड़ित के परिवार से रिम्स में मुलाकात किया और डालसा द्वारा दी जानेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा पीड़िता के परिवार को मुकदमा हेतु सहायता दी जायेगी एवं पीड़िता को विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से प्रो-बोनो अधिवक्ता ी ममता श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है।

# 56569 हजार लाभुकों के बीच बांटी गयी 51,78,45,946 की परिसंपत्ति

**रांची।** झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा रविवार को कानूनी सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन रांची जिला के सभी 18 ब्लॉकों में सम्पन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों जैसे - श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मनरेगा एवं अन्य सरकारी विभागों की लाभकारी योजनाओं की सहायता परिसंपत्ति के रूप में लाभुकों में वितरित की गयी तथा सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी। ज्ञात हो कि अनगड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुड़मू, ईटकी, कांके, खेलारी, मांडर, नगड़ी, नामकूम, ओरमांझी, राहे, रातू, सोनाहातू एवं तमाड़ ब्लॉक में कानूनी सेवा-सह-सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया और लाभूकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि एक ही दिन रांची जिला के सभी ब्लॉक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालसा के पीएलवी के द्वारा लाभुकों को चिन्हित किया गया था तथा कैंप में 56,569 लाभुकों के बीच 51,78,45,946.00 रुपए का परिसंपत्ति का वितरण किया गया। ये वैसे लाभुक है जो किसी कारणवश सरकारी योजना के लाभ से वंचित थे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रेल परियोजनाओं के कार्य का किया निरीक्षण

# पावर हाउस चुटिया और केतारी बागान में जल्द बनेगा फ्लाईओवर: संजय सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रांची रेल मंडल की रेल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। अमृत कल के निमित्त रांची रेलवे स्टेशन का 3.30 करोड़ एवं हटिया रेलवे स्टेशन का 2.79 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार होना है। साथ ही, पिस्का स्टेशन, बालसीरिंग, नामकुम, टाटीसिल्वे, गंगाघाट, सिल्ली एवं मुरी स्टेशन का जीर्णोद्धार का काम लगभग 6 महीना में पूर्ण होने की उम्मीद है। वहीं, धुर्वा, डोरंडा, हिनू क्षेत्र के लोगों को अब मेन रोड जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेपाल हाउस के पास निर्मित ब्रिज के पास से 25 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है, जो सीधे भारत पेट्रोलियम के पास उतर जायेगा। वहीं नामकुम और बांसुली आरओबी का टेंडर कर दिया गया है। इसका जल्द ही शिलान्यास किया जायेगा। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया नगड़ी, नया सराय, हटिया पुलिस मुख्यालय के पास निर्माण आरओबी के कार्य प्रगति पर है। सिरम टोली फ्लाईओवर निर्माण में आ रही समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा हुई। सिल्ली में बासारूली के समीप बनने वाली अंडरपास एवं ईलू रेल लाइन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। मुरी से विसरिया गांव तक सड़क निर्माण की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई पर चर्चा कर इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। सेमर टोली के समीप अंडरपास निर्माण के दौरान रास्ता बंद होने से आदिवासी परिवार को हो रही समस्याओं पर चर्चा कर इसका समाधान करने को कहा। समीक्षा बैठक में विधायक नवीन जायसवाल, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा सहित रेल के कई अधिकारी उपस्थित थे।



सुप्रभात
सोमवार 01.07.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 72
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर फर्जीवाड़ा के तीन आरोपी को जेल

**कतरास।** जोगता थाना की पुलिस ने ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। नया श्याम बाजार के रजनीश पांडे (19 वर्ष), नवीन पांडे (28 वर्ष) एवं गौरीशंकर साव को जोगता पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चलें कि तीनों आरोपी कोटक महिंद्रा बैंक व फिनो बैंक व अन्य बैंक से ऑनलाइन पैसे के लेनदेन के नाम पर लोगों को झांसा देते थे। पुलिस ने एक चार पहिया वाहन, मोबाइल, दो चेक बुक, एटीएम तथा लैपटॉप आदि जब्त किया है।

### विशेष ट्रेन से यात्रा की सौगात

**धनबाद।** बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ हिन्दूए ईसाई एवं मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लाभुक तीर्थ यात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा आईआरसीटीसी के माध्यम से गोवाए द्वारिका .सोमनाथ एवं अजमेर शरीफ .आगरा .फतेहपुर सिकरी तीर्थ यात्रा माह जुलाई एवं अगस्त 2024 में निर्धारित है। जिसमें हटिया से गोवा के लिये 10 जुलाईए हटिया से द्वारका सोमनाथ के लिये 20 जुलाईए 2024 को ट्रेन रवाना होगी। साथ ही अजमेर फतेहपुर सीकरी आगरा हेतु हटिया से 2 अगस्त 2024 को ट्रेन रवाना होगी। इच्छुक लाभुक अपने .अपने प्रखंड कार्यालय में तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध करा सकते हैं। यात्रियों की पात्रता उम्र 60 वर्ष से अधिक और झारखण्ड राज्य का स्थाई निवासी होना चाहिए। यात्री को बीपीएल श्रेणी के अंतर्गत आना चाहिए और यात्री ने इससे पहले से इस प्रकार का तीर्थ दर्शन योजना का लाभ नहीं लिया गया हो।

### एनएचएआई ने ऊपर मोड़ पर लगाया बोर्ड

**कतरास।** जनहित के मुद्दों पर लगातार मुखर रहने वाले कतरास निवासी झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता गजेन्द्र कुमार की पहल पर ऊपर मोड़ टंडा की ओर जाने वाले रास्ते में शिवाजी नगर का बोर्ड लगाया गया। बताते हैं कि उस मार्ग पर बोर्ड लगाने की मांग अधिवक्ता ने एनएचएआई के अधिकारियों से की थी। नकी मांग को गंभीरता से लेते हुए रास्ते में बोर्ड लगाने की अनुमति दे दी गई। मौके पर सूर्यदेव मिश्रा, मनिंद्र प्रताप, रंजित मोदी, योगेन्द्र ठाकुर, रिंटू बनर्जी, सुधीर बरनवाल, रबिंद्र बरनवाल आदि मौजूद थे।

### नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड के गोपालपुर पंचायत भवन में रविवार को मुखिया शिखा नाग ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविरलगाया। शुरूआत गोपालपुर पंचायत की मुखिया व प्रतिनिधि स्वपन नाग ने फीता काटकर की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड व कई तरह की छोटी मोटी जांच कराई। शिविर में आए सभी डॉक्टर को मुखिया व उनके प्रतिनिधि द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। मुखिया शिखा नाग ने कहा कि यह पंचायत में दूसरा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर है, जिसमें स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है और दवा भी मुफ्त में दी जा रही है।

### सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

**गोविंदपुर।** जियलगढ़ा ग्राम पंचायत की मुखिया रेशम कुमारी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वह आजीवन समाज को शिक्षित करते रहते हैं। वह रविवार को जियलगढा प्राथमिक विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडेय के विदाई समारोह में बोल रही थी। प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने कहा कि राजेंद्र पांडेय ने 36 वर्षों तक विभाग की सेवा की। वह निर्विवाद, कुशल एवं कर्मठ शिक्षक रहे।

## हूल दिवस पर वीर शहीदों की शहादत को किया सलाम

### तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र सवाददाता




**धनबाद।** हूल दिवस पर रविवार को पूरे जिले में वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और वीरांगना फूलो-झानो को याद किया गया। उन शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनकी शहादत को सलाम किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यालय में समारोह आयोजित कर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन सहित कार्यकर्ताओं ने वीर शहीद सिदो-कान्हू और चांद-भैरव को श्रद्धांजली अर्पित की। श्री सोरेन ने कहा कि चार आदिवासी भाइयों के नेतृत्व में भोगनाडीह में लगभग 50,000 आदिवासियों ने 30 जून 1855 को महाजनी प्रथा और ब्रिटिश बंदोबस्त नीति के खिलाफ युद्ध का बिगुल फूंका था। झामुमो महानगर समिति ने सर्किट हाउस में हूल दिवस मनाया। वीर शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मौके पर केन्द्रीय सदस्य कंसारी मंडल, धरनीधर मंडल, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, महानगर अध्यक्ष मंटु कुमार थे।

**हूल दिवस है अन्याय से मुक्ति की विजय गाथा: चंद्रदेव महतो**

**सिंदरी ।** बिरसा समिति सिंदरी में हूल दिवस पर वीर शहीदों सिदो, कान्हो, चांद, भैरव को याद किया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सदस्यों ने क्रांतिकारी अभिनंदन के साथ अमर शहीदों हम तुम्हें नहीं भूलेंगे के नारे लगाए। मौके पर अम्बुज मंडल, राजीव मुखर्जी, सुरेश प्रसाद, महालाल हाँसदा, गौतम प्रसाद, फुलचन्द मरांडी, सुरेन्द्र हेम्ब्रम, गोविन्द टुडू, राजकुमार महतो, अंकुर सेन, मधु सरकार, राजेन्द्र सिंहथे।

**आजसू ने हूल के महानायकों का शहादत दिवस मनाया**

**गोमो ।** तोपचाची के गोमो रोड स्थित जागेश्वर मेडिकल के परिसर में हूल दिवस पर आजसू पार्टी की ओर से संथाल हूल के महानायक सिदो-कान्हो, चांद-भैरव व फूलो-झानो का शहादत दिवस मनाया गया समारोह की अध्यक्षता आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार महतो ने की। मौके पर सिदो कान्हो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में केंद्रीय सदस्य दयालचंद्र महतो, विनोद बिहारी महतो, सोशल मीडिया प्रभारी योगेश महतो,महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष रुद्रनी देवी,रीना देवी, प्रियंका देवी मधुसूदन महतो,राजू यादव, मनोज रजक थे।

**विधायक राज सिन्हा ने शहीदों की तस्वीर पर किया माल्यार्पण**

**धनबाद।** हूल दिवस पर विधायक राज सिन्हा ने डीएस कॉलोनी मोड़ हीरापुर स्थित वीरांगना फूलो-झानो चौक पर तथा बरमसिया स्थित अमर शहीद सिदो-कान्हू चौक पर अमर शहीदों की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि हूल दिवस वीरता का प्रतीक है। सिदो-कान्हू, फूलो-झानो ऐसे वीर हुए, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज हम उन्हें नमन करते हैं।

**स्वतंत्रता संग्राम में संथाल विद्रोह की बड़ी भूमिका : निर्मला**

**गोविंदपुर ।** धनबाद जिला प्रमुख संघ की अध्यक्ष एवं गोविंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह ने हूल दिवस पर गहिरा में सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि सभा में आप नेता डीएन सिंह, युनुस अंसारी, कृष्णा सोरेन, पंसस मीरा देवी, आसिफ अंसारी, अनवर अंसारी थे । वही पूर्वी गोविंदपुर के गोरगोरो में ग्रामीणों द्वारा स्थापित वीर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा का अनावरण रविवार को जिप सदस्य व झामुमो नेत्री लक्ष्मी मुर्मू ने किया। मौके पर निर्मल कुमार मंडल, रामेश्वर मुर्मू, पायका मुर्मू, कालीचरण मुर्मू, सुकल टुडू, सदानंद किस्कू, चांद मुर्मू, सुकलाल टुडू, दुगाई मुर्मू, अजय मुर्मू , गुरुपद तुरी, निखिल गोराई, विश्वनाथ गोराई, पुराण मुर्मू, पार्वती मरांडी, गोरोबी मुर्मू,शोभा टुडू मौजूद थे ।

## वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** वेतनमान की मांग को लेकर रविवार को जिले के सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सभी प्रखंड मुख्यालयों से मशाल जुलूस निकाला गया। कहा राज्य सरकार ने तीन माह के अंदर वेतनमान देने का जो वादा किया था, उसे पूरा करे। जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो हमलोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। टुंडी प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने प्रखंड मुख्यालय से बाजार तक मशाल जुलूस निकाला। नेतृत्व कुलदीप पांडेय व अनिल राजवंशी ने किया। मशाल जुलूस में राज्य सदस्य निरंजन दे व सुशील पांडेय शामिल थे। दोनों प्रतिनिधियों ने कहा कि टुंडी दिशोम गुरु शिबु सोरेन के आंदोलन की धरती रही है। राज्य के सहायक अध्यापक अब उन्हीं की राह पर चलने को विवश हैं। झारखंड सरकार बिहार की तर्ज पर वेतनमान जल्द लागू करे। जुलुस में राजीव सिंह, गिरीश साव,पंकज विश्वकर्मा,सतार अंसारी,अब्दुल रसीद, गाजों सिंह, अशोक महरा, लीलनाथ मंडल,पवन मंडल, मलयाशीस बनर्जी, कोमेश हंसदा, शुशील कुमार, अनोज शर्मा, भागीरथ सिंह, ईश्वर मुर्मु, नंदलाल महतो, सुरेन किस्कू शामिल थे।

## निजी एंबुलेंस चालकों की मनमानी से मरीज और चिकित्सक परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों के जमावाड़े के कारण मरीज सहिता डॉक्टर भी परेशान हैं। एंबुलेंस चालक अस्पताल के मरीजों के परिजनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराने के सारे हथकंडे अपनाते हैं। बदले में निजी अस्पतालों से मोटी रकम वसूलते हैं। यह काम रात के समय में ज्यादा देखने को मिलता है। साथ ही अस्पताल के चिकित्सकों के प्रति अभद्र टिप्पणी भी करते हैं। महिला चिकित्सक उनकी हरकतों से सबसे ज्यादा परेशान होती हैं। कई बार तो वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों से भी उलझ जाते हैं।

## हूल दिवस पर आदिवासी युवाओं ने निकाली बाइक रैली



सिंदरी। हूल दिवस पर रविवार को सिंदरी के सिदो कान्हू सेवादल आरएमकेफोर अकानाघुटू के ग्रामीण आदिवासी युवाओं ने बाइक रैली निकाली। रैली आरएमकेफोर दुर्गा मंदिर से निकलकर सिदो कान्हू खेल मैदान, बिरसा समिति सिंदरी, शहरपुरा बाजार होते हुए एल टाइप कॉलोनी के जाहेर थान पहुंची। पुनः जाहेर थान से बाइक रैली जयहिंद मोड़ होते हुए आरएमकेफोर दुर्गा मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल युवा जय झारखंड और वीर शहीद अमर रहे के नारे बुलंद करते नजर आए। बाइक रैली में नुनु लाल टुडू, लोगेन हेंब्रम, रॉबिन सोरेन, सोमलाल हेंब्रम, महावीर, सोहन, गणेश, दीपक हेंब्रम, धनंजय हेंब्रम, राजेंद्र टुडू, गोपाल हाँसदा, संजय, शशि, विशाल मुर्मू, ऋतिक हेंब्रम, सुनील बेसरा, दीपक, रविंद्र टुडू, शंकर मुर्मू, अग्नू टुडू, नरेश सोरेन, राहुल, अंशु, दीपू, रोहन, रोहित, पीयूष, विनीत सहित कई युवा शामिल थे।

एक नजर में

### गिरिडीह में हूल दिवस पर याद किए गए झारखंड के वीर शहीद



झामुमो कार्यालय में शहादत को याद कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**गिरिडीह।** हुल दिवस के मौके पर रविवार को झामुमो जिला कार्यालय में 1857 में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई में शामिल झारखंड के आंदोलनकारी चांद, भैरव, सिदो-ू कान्हु, फूलो झानो की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा पार्टी के राकेश रंजन, मोहम्मद अनवर, योगेंद्र सिंह, सैफ अली गुड्डू, असदुल्ला, दिलीप रजक समेत पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आंदोलनकारियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक श्री सोनू ने कहा कि झारखंड के युवा और बच्चों को इन आंदोलनकारियों की जानकारी सिर्फ इसलिए नहीं है कि उन्हें सही ढंग से इतिहास नहीं पढ़ाया गया। ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई में झारखंड के वीर शहीदों का न सिर्फ योगदान रहा, बल्कि उन्होंने बड़ा आंदोलन भी खड़ा किया था। कहा कि अब समय बदला है और युवाओं के साथ बच्चों को भी इस लड़ाई के बारे में अध्ययन कराने की जरूरत है, ताकि झारखंड के आंदोलनकारियों की जानकारी युवा और बच्चों को हो सके।

## मंत्रोच्चार के साथ पौधे लगा धरती बचाने का लिया संकल्प




### पवित्रम सेवा परिवार ने बरवाअड्डा में मनाया वन महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पवित्रम सेवा परिवार द्वारा रविवार को बरवाअड्डा स्थित गणेश पेट्रोल पंप में पवित्रम वन महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी मौजूद थी। उन्हें एक पौधा, श्रीमद्भागवत गीता एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में सभी लोगों ने मंत्रों के जरिये पौधा लगाने, पर्यावरण और धरती बचाने का संकल्प लिया। पर्यावरण बचाने के लिए जीवन शैली में बदलाव, एसी, डिस्पोजल, प्लास्टिक आदि का प्रयोग कम करने का संकल्प कराया गया। घरों मे खाए जाने वाले आम, जामुन,लीची के बीजों को सुखाने की शपथ भी ली। मुख्य वक्ता अजय भरतिया ने सभी लोगों से आसपास के स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों का चयन कर वहां पवित्रम परिवार के साथ मिलकर वृक्षारोपण का आह्वान किया। सभी संस्थाओं से इस अभियान में साथ आने का आह्वान किया गया। बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बाजार समिति परिसर में एक सौ एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंत्रोच्चार के साथ पेट्रोल पंप में आम, अनार, आंवला, आदि फलदार पौधे का रोपण किया गया। मौके पर संस्था के संस्थापक अजय भरतीया, पर्यावरण संयोजक विपुल कुमार, राकेश खंडेलवाल, वंदना घोषाल, भारती दुबे के अलावा पवित्रम परिवार के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी आलोक डोकानिया, मनोज मिश्रा, काजल झा, अनिता डोकनिया, विभा अग्रवाल, राशि गुप्ता, ब्रजेश कुमार, राजेश सिह, अमित अग्रवाल, विनोद सिंघल आदि मौजूद थे।

## आज से 31 अगस्त चलेगा डायरिया नियंत्रण पखबारा

### नियमित टीकाकरण को लेकर सीएस को निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिला टास्क फोर्स ने डायरिया के मद्देनजर प्रत्येक घरों में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चे को ओआरएस और जिंक टेबलेट देने का निर्देश दिया है। उप विकास आयुक्त सादात अनवर द्वारा रूटीन टीकाकरणए वीपीडी निगरानीए ??आईडीसीएफ एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य समेत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के लिए जिला टास्क फोर्स की समाहरणालय के सभागार में हुई बैठक में उपरोक्त निदेश दिया गया। सर्वप्रथम डीडीसी ने सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन से नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डब्लूएचओ से डॉ अमित कुमार तिवारी द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान कपंततीवमं बवदजतवस वितजदपहीजद्ध प्रोग्राम निर्धारित तिथि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाने हेतु चर्चा की गई। इस प्रोग्राम का उद्देश्य बच्चों में डायरिया के रोकथाम एवं प्रीवेंटिव मेजर को सुदृढ़ करना है। इस प्रोग्राम के दौरान सभी घरों में जहां 5 वर्ष के बच्चे हैं उनको ओआरएस और जिंक टेबलेट देना है और यह सुनिश्चित करना है कि डायरिया के लक्षण दिखने पर इसका उपयोग किया जा सके। बैठक के दौरान डीडीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियोंए चिकित्सकों सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो के विजेता खिलाडी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में आयोजित 15 वें राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सिंदरी के पांच खिलाड़ियों को कल्याण केन्द्र क्रीड़ा स्थल पर रविवार को सम्मानित किया गया। 12 जून से आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में सिंदरी के द राइट ट्रैक ताइक्वांडो अकेडमी के दो खिलाड़ियों प्राची सिन्हा और अराध्या पाण्डेय ने स्वर्ण पदक और दो खिलाड़ियों रजत मंडल और श्रुति शर्मा ने कांस्य पदक हासिल कर झारखंड का नाम रोशन किया है। अकेडमी के विशिष्ट खिलाड़ी अयान दे ने उम्दा प्रदर्शन कर धनबाद जिला का नाम रोशन किया। अकेडमी कोच विशाल पंडित ने बताया कि प्रतियोगिता में अकेडमी के पांचों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से उचित स्थान प्राप्त किया है। पांचों खिलाड़ियों को कोच, रोटी बैंक अध्यक्ष रवि शेखर और एफसीआई सिंदरी के संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी ने गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में थे मौजूद**

मौके पर ताइक्वांडो संघ के महासचिव प्रभात शर्मा, भारतीय ताइक्वांडो संघ उपाध्यक्ष सह झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत सिन्हा, महासचिव कमलेश पांडे, सचिव सुमीर शर्मा, भारतीय ताइक्वांडो संघ के अश्विनी शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के रेफरी चीफ अमर बाउरी, विजय शंकर, विश्वकर्मा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान, रेफरी ज्योति कुमारी, रोनित सिंह, सुमित शर्मा, उदय कुमार पंडित, खिलाड़ियों में प्राची सिन्हा, आराध्या पाण्डेय, दीया मंडल, आरुषि, श्रुति शर्मा, पुष्पा महतो, रजत मंडल, अयान दे, हार्दिक पीयूष गिरि, अंशुमन गोराई व श्रेष्ठा मौजूद थे।

## शहर में स्ट्रीट लाइट रोशनी की जगह फैलाएगी अंधेरा, बरसात में बढ़ेगी मुसीबत



### कई माह से मेंटनेंस का काम बंद, निगम नहीं कर सकी वैकल्पिक व्यवस्था

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बरसात का सीजन शुरू हो चुका है। कोयलांचल में बारिश का सिलसिला किसी भी दिन शुरू हो सकता है। परंतु सबसे ज्यादा परेशानी लोगों को इस बार अंधेरे से होने वाली है। क्योंकि शहर के गली मुहल्लों से मुख्य सड़क तक करीब 1200 स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी है। बकाया पेमेंट नहीं मिलने के कारण लाइट लगाने वाली कंपनी ने भी मेंटनेंस का काम छोड़ दिया है। निगम के पास अपना कोई मैन पावर नहीं है जो उन्हें ठीक करा सके। बारिश में नालियां भरी हों या आंधी में टूटकर गिरे बिजली तारों का खतरा हो, लोगों को खुद ही निपटना होगा।

**26 हजार लगी थी स्ट्रीट लाइट**

शहर को जगमग करने के लिए वर्ष 2017 से 2020 के बीच 33.10 करोड़ की लागत से 26 हजार स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगाई गई थी। इसमें ईईएसएल, सूर्या, तिरुपति व तुलस्यान कंपनी ने सात साल तक मेंटनेंस की जिम्मेवारी भी ली थी। नगर निगम ने एक टॉल फ्री नंबर भी जारी किया था। 24 से 48 घंटे में लाइट मरम्मत का दावा भी किया गया था। शुरू में काम हुआ भी, लेकिन धीरे धीरे कंपनियों ने अपने हाथ पीछे कर लिये। अब सिर्फ ईईएसएल ही मरम्मत का काम रही है। परंतु बकाया पेमेंट नहीं मिलने के कारण उसने भी हाथ खींच लिया है। स

**20 हजार लाइट लगाने की योजना भी फेल**

स2020 में निगम क्षेत्र में 20 हजार स्ट्रीट लाइट लगाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2021 में नगर विकास विभाग से लाइट लगाने का आदेश ईईएसएल कंपनी को दिया गया। निगम चुनाव इसी साल प्रस्तावित था। इस कारण पार्षदों में अपने-अपने वार्ड में स्ट्रीट लाइट लगाने की होड़ मच गई। विद्युत शाखा के अनुसार 4500 लाइट लगाने का आवेदन दिया गया था। निगम विचार करता, तब तक चुनाव टल गया और वह सुस्त पड़ गया। इस मामले के अब साढ़े चार साल बीत चुके हैं। ना निगम चुनाव हुआ और ना ही अब तक ये लाइट लगी।

स्ट्रीट लाइट की मरम्मत का काम पूरी तरह बंद नहीं है। छिटपुट काम चल रहा है। ईईएसएल का मेंटनेंस का टर्म पूरा हो गया है, उसके बाद भी मरम्मत का काम वह कर रही थी। लेकिन बकाया राशि नहीं मिलने के कारण उसने काम बंद कर दिया है। वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है, मरम्मत के काम में सुधार देखने को मिलेगा।
**जय कुमार महतो, सहायक अभियंता, नगर निगम धनबाद**

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात



भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित बूथ संख्या 366 में योगेश दांगी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की मन की बात सुनी। मन की बात के माध्यम से पीएम मोदी ने पूरे देशवासियों को हुल दिवस की बधाई देते हुए सिद्धो-कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम को गति देते हुए मोदी ने सभी को इससे जुड़ने का आह्वान किया। मन की बात सुनने वालो में हृदय नारायण दांगी, रॉबिन तिग्गा, नागेन्द्र सिन्हा, गुलाब मिश्रा, लक्ष्मण साव, सद्दाम अंसारी, विशाल कुमार, अफजल हुसैन, जफर आलम, सीपी तिग्गा आदि शामिल थे।

## सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत वैंकटेश स्पंज आयरन फैक्ट्री लपंगा के सौजन्य से सेवा मंच के बैनर तले प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी भुरकुंडा साप्ताहिक हाट में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले जरूरतमंदो को भोजन कराया गया।अध्यक्ष डब्लू सिंह व अन्य सदस्यों ने करीब 150 गरीब महिला-पुरुष और बच्चों के बीच पूरी-सब्जी और बुंदिया का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, अशोक झा, उदयभान दुबे, रिंकू वर्णवाल, लालू उरांव, लखन राम, संजू सिन्हा, मो. शाहिद सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

## कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ का विस्तार



भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (युवा प्रकोष्ठ) के जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने रविवार को कमेटी का विस्तार किया। उन्होंने कहा कि इनके मनोनयन से युवा प्रकोष्ठ और भी मजबूती के साथ समाजहित में कार्य करेगा। विस्तारित कमेटी में में कुंवर प्रसाद बक्शी और रवि प्रकाश श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, अभिषेक कुमार सिन्हा को महामंत्री, मनोज कुमार सिन्हा और मनीष कुमार बक्शी को मंत्री मनोनित किया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में निरंजन कुमार सिन्हा, जीवन बक्शी, सागर सिन्हा और शामिल हैं।

## शशि बने जसम के शाखा अध्यक्ष



कुजू। जनता मजदूर संघ (जसम) की बैठक शनिवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना में हुई। बैठक मुख्य रूप से संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो शामिल हुए। सदस्यों ने पूर्व शाखा अध्यक्ष ललन कुमार यादव को निष्कासित करने के साथ नये शाखा अध्यक्ष का चुनाव के लिए प्रस्ताव लाया। जिसमें सदस्यों ने सर्वसम्मति से माइनिंग सरदार शशि कुमार को जनता मजदूर संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, शाखा सचिव राजकुमार महतो, हउसिंग कमिटी सदस्य, तरुण कुमार रंजन, कोषाध्यक्ष नरेश महतो, पी एससी सदस्य शोख शमिउल्लाह, मुरली मनोहर महतो, राजेश, विनोद महतो, धनीराम मांझी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## चिकोर पंचायत में सुनी मन की बात



भुरकुंडा (रामगढ़)।भारतीय जनता पार्टी भदानीनगर मंडल अंतर्गत चिकोर पंचायत के बूथ संख्या 391 में रविवार को पंचायत संयोजक आनंद कुमार के नेतृत्व में पीएम मोदी के मन की बात का 111वां एपिसोड का प्रसारण देखा एवं सुना गया। मन की बात सुनने वालो में आनंद कुमार, लक्ष्मी कुशवाहा, सुजीत कुमार, राहुल कुमार, कमल महतो, रेहान अंसारी आदि शामिल थे।

## आजसू ने मनाया हूल दिवस



कुजू। आजसू पार्टी द्वारा रविवार को मांडू प्रखंड कार्यालय कुजू मुरपा में हूल दिवस (संताल विद्रोह) मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने संताल विद्रोह के नायक सिद्धों,कान्हो, फूलों,झानो, सहित आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सपनों के झारखंड में गढ़ने का संकल्प लिया। वही उन्होंने कार्यकताओं के अंदर जोश भरते हुए कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव झारखंड में आजसू पार्टी इतिहास रचेगी। अधिक से अधिक सीट जीतकर सरकार बनाने का काम करेगी। इसके लिए उन्होंने कार्यकताओं को अभी से चुनाव को तैयारी में जुटने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो,केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो,जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो, उपाध्यक्ष तेजू महतो, मनोज गोप, संजीत गोप, उमेश कुमार, राहुल सिंह, राजेन्द्र महतो, ओम प्रकाश पटेल आदि शामिल थे।

## बच्चों की दी गयी कराटे की ट्रेनिंग



भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। शिविर में कराटे प्रषिक्षक सेंसाई कंचन दास ने बच्चों को ग्रेडिंग परीक्षा का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान कंचन दास के देखरेख में सृष्टि कुजुर, आस्था सिंह, स्मृति मुंडा को एडवांस काता और कुमिते का ट्रेनिंग दिया गया। साथ ही 4 वर्ष से 16 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं को बेसिक काता, कुमिते और आत्मरक्षा के तकनीक से अवगत कराया गया। ग्रेडिंग परीक्षा की तैयारी में चित्रलेखा, विकास, शिवांश, रेयांश, मो. अनीस, मो. नबील, अजीज, यामिनी, खुशी, सोनी भूमि, सृष्टि बोध, दिशा आदि शामिल थें। शिविर को सफल बनाने में सेंसाई कंचन दास, सृष्टि कुजूर एवं आस्था सिंह का विशेष योगदान रहा।

# सांसद ने संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में किया पौधरोपण

### एक पेड़ मां के नाम लगायें : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) के अध्यक्ष मनीष जायसवाल लोकसभा सत्र के दो दिवसीय अवकाश के दौरान दिल्ली से सीधे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र पंहुचे जहां शनिवार की शाम से लेकर रविवार की शाम तक अपने सांसद सेवा कार्यालय में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए और जरूरतमंदों को हरसंभव सहयोग पंहुचा। इसी रविवार की सुबह उन्होंने स्व.संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। सांसद मनीष जायसवाल ने यहां चल रहें कार्य यथा ग्राउंड में मिट्टी भराई, ग्राउंड का विस्तारीकरण कार्य, पवेलियन में ग्रील लगाने का कार्य, पेयजल की उचित उपलब्धता और व्यवस्था से संबंधित कार्य का निरीक्षण कर बारीकी से जानकारी प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने मैदान परिसर में वृक्षारोपण भी किया। मैदान निरीक्षण के क्रम में जायसवाल ने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से क्या संभव नहीं हो सकता है। स्व. संजय सिंह स्टेडियम (वेल्स क्रिकेट मैदान) को लेकर हमने जो सपना देखा था अब वह पूरा होता नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा की लेकिन हमें रुकना नहीं है, सुविधाओं को ओर बेहतर करते जाना है, इसी दिशा में आज इस खेल परिसर का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा- निर्देश दिया। सांसद श्री जायसवाल ने वृक्षारोपण पर कहा की प्रकृति माँ का मान बढ़ाये, धरा को एक बार फिर सजायें। आओ मिलकर कदम बढ़ायें, एक पेंड़ माँ के नाम लगायें । मौके पर विशेषरूप भाजपा नेता अनिल मिश्रा, एचडीसीए के सचिव राजेश तिवारी उर्फ बंटी, प्रमोद कुमार, बिकास चौधरी, आशीष चौधरी, मनोहर सिंह, रंजीत कुमार, अनिल अग्रवाल, सुमन कुमार लाल, बिमलेश दुबे, दिनेश कुमार, रितेश सिन्हा, प्रवीण कुमार राय, प्रभात रंजन राहुल जैन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पंजाबी हिन्दू बिरादरी के फिर अध्यक्ष बने वासुदेव

▸▸ मनजीत साहनी-उपाध्यक्ष, महेश मारवाह-महासचिव , नरेश चन्द्र मारवाह-सहसचिव व सुशील कुमार खोसला-कोषाध्यक्ष बने

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। पंजाबी हिन्दू बिरादरी की 38वीं वार्षिक आम सभा शनिवार देर शाम झंडा चौक के माता वैष्णों देवी मंदिर स्थित बिरादरी हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एससी वासुदेव और संचालन महासचिव महेश मारवाह ने किया। वासुदेव ने बिरादरी की भूमिका को और अधिक कारगर बनाने के लिए अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किए जाने वाले संभावित कार्यक्रमों की रुप-रेखा से सभा को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक सामाजिक कार्यक्रम किए जाने की योजना बनाई गई है। सभा के दूसरे सत्र में पंजाबी हिन्दू बिरादरी का चुनाव बिरादरी के वरिष्ठ सदस्य रमण मेहरा की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। जिनका सहयोग बलवंत राय मारवाह ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, महासचिव महेश मारवाह, सहसचिव नरेश चन्द्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार खोसला को बनाया गया। महासचिव महेश मारवाह ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष सत्र 2023-24 में संपन्न हुए सभी सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों की सफलता को सशक्त एकता एवं सदस्यों की सक्रियता का परिणाम बताया। उन्होंने एक वर्ष के दौरान किए गए विकास कार्यों की जानकारी एवं भावी विकास योजनाओं की रूपरेखा से सदस्यों को अवगत कराया। मौके पर सुभाष चन्द्र मारवाह, ओमकार मल्होत्रा, सुरेन्द्र सोबती, प्रवीण शर्मा, संजीव चड्ढा, हरि ओम भसीन, संजीव धमीजा, रविंद्र कुमार, महेंद्रपाल मारवाह, विजय सोबती, द्वारिका नाथ सिल्ली, राजीव चड्ढा, कैलाश शर्मा, मनीष मारवाह, नितिन कपूर, जितेंद्र कैंथ, पवन मारवाह, विशाल वासुदेव, निशांत जैन, अशोक सोबती, विशाल मारवाह, अनिल छाबड़ा आदि मौजूद थे।

## आजसू जिला कार्यालय में मना हूल दिवस

रामगढ़। आजसू जिला कार्यालय में रविवार को हूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश महतो और संचालन राजेन्द्र महतो ने की। मौके पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने महान क्रांतिकारी सिद्धू और मुर्मू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। चौधरी ने कहा कि महान क्रांतिकारी सिद्धू और कान्हू ने 1855-56 में ब्रिटिश सत्ता,साहूकारों, व्यापारियों, और जमींदारों के अत्याचार के विरूद्ध विद्रोह की शुरूआत की। कहा कि सिद्धू ने संथालों को संगठित किया और 30 जून 1855 ई को भोगनाडीह में विशाल सभा का आयोजन किया। सभा में सिद्धू का राजा, कान्हू को मंत्री, चांद को मंत्री व भैरव को सेनापति बनाया गया।

## पतरातू में आजसू ने हुल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू पार्टी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय पतरातू में रविवार को हुल क्रांति दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता पतरातू प्रखण्ड के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर अशोक पाठक ने बताया कि 30 जून 1855 को भोगनाडीह गांव में पहुंचकर संथाल विद्रोहियों ने अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का एलान करने के साथ मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से ऐलान किया था। अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया। तब विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला। इसके बाद सिद्धो और कान्हु को भोगनाडीह में ही पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी। उन्होंने कहा कि संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। मौके पर जिला प्रवक्ता विरेंद्र झा, मनोज राम, राजेश पटेल, लक्ष्मी कांत महतो, गणेश करमाली, राकेश विश्वकर्मा, रंजीत तिवारी, विनोद सिंह, धीरज चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सैकड़ों लोग आजसू में शामिल

### एक बार मौका दें, क्षेत्र में विकास की गंगा बहायेंगे : रोशनलाल चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता



केरेडारी। केरेडारी प्रखंड के सलगा पंचायत भवन में आजसू पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकताओं ने टिकेश्वर साव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी,संदीप कुमार के नेतृत्व में जेएमएम और डीएस कुमार महतो के नेतृत्व में जेबीकेएसएस छोड़ आजसू पार्टी और बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नीति सिद्धांतों से प्रेरित होकर पार्टी का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए जिन्होंने सभी शामिल हुए लोगों को आजसू पार्टी का पट्टा व माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो व संचालन पंचायत अध्यक्ष रूपलाल महतो ने किया। चौधरी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र पिछले 15 सालों से त्राहिमाम है। यहां की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।विगत के वर्षो से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का विकास नहीं बल्कि एक हीं परिवार का विकास हुआ है। युवा भटके नहीं, सभी युवाओं एवं महिलाओं की एकजुटता से ही हमें सफलता मिलेगी,अगर मुझे आप सभी नेतृत्व करने का मौका देते है तो बड़कागांव विधानसभा में विकास की धारा बहेगी,सभी युवा एवं बेरोजगारों को रोजगार से जोडूंगा। इस दौरान केंद्रीय सदस्य पंकज साहा,भोला महतो, मोहन महतो,प्रेमचंद महतो,जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,पंचायत सचिव रूपलाल कुशवाहा,प्रमोद कुशवाहा,कंचन यादव,बलदेव ठाकुर,विकास कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

# देश में किसानों की हालत सबसे बदहाल : डी राजा

▸▸ अखिल भारतीय किसान सभा का चौथा राज्य सम्मेलन संपन्न 35 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड के लबगा स्थित अतुल कुमार अंजन सभागार में चल रहे अखिल भारतीय किसान सभा का दो दिवसीय चौथा राज्य सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। सम्मेलन की शुरूआत अतिथियों ने सिद्धो-कान्हू, फुलो-झानो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर की। इससे पूर्व रैली निकालकर गगनभेदी नारा लगाया गया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कार्य रिपोर्ट एवं सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि आज भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की हालत सबसे बदहाल है। लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन काला कृषि कानून के चलते देश के हजारों किसान शहीद हो गये। उन्होंने किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आहवान किया। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज देश सहित झारखंड में किसानों की हालात बहुत खराब है। झारखंड राज्य में किसानी के खेत में पानी पहुंचाने के लिए किसी सरकार ने अभी तक कोई काम नहीं किया।

उन्होंने कहा कि यहां के किसान आज भी भगवान भरोसे खेती पर निर्भर हैं। विस्थापन से हजारों किसान बेघर हो गए हैं। लेकिन झारखंड सरकार ने अभी तक विस्थापन नीति नहीं बनाई जो चिंता का बिषय है। इसके लिए अखिल भारतीय किसान सभा लागातार संघर्ष करेगा और किसानों के हक दिलाकर रहेगा। एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेंद्र कुमार ने कहा कि किसान और मजदूरों का संबंध गहरा है। झारखंड के किसान आज मजदूर होते जा रहे हैं। खेती मंगही होते जा रही है। लेकिन सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए अभी तक कोई योजना नहीं बनाई। उल्टे भूमि बैंक के नाम पर किसानों के जोत-कोड़ की गैरमजरूआ भूमि को भूमि बैंक में डालकर किसानों को भूमिहीन बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार इसपर सुधार करें। सभा के कार्यकारी अध्यक्ष के डी सिंह, रूचिर कुमार तिवारी आदि अतिथियों ने किसानों की जनसमस्याओं पर प्रकाश डालते हुए किसान संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से 35 सदस्यी कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद मेहता, कार्यकारिणी अध्यक्ष केडी सिंह, वरीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र, उपाध्यक्ष नेमन यादव, अर्जुन कुमार, हेमकांत मांझी, महादेव राम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महासचिव पुष्कर महतो, उप महासचिव महेंद्र पाठक, गणेश प्रसाद महतो, सोनिया देवी, अनिरूद्ध कुमार, विमणकांत घोष, उमेश सिंह मनोनित किये गये। मौके पर सदस्यों में जगदीश महतो, मुकुंदन महतो, अमरूल, महेश बेसरा, मेवालाल प्रसाद, साबिर अंसारी, बीएन ओहदार, महेश सिंह, महेंद्र पाठक, केडी सिंह, कन्हैयालाल पहाड़िया, पीके पांडेय अजय सिंह, रुचि तिवारी, विष्णु कुमार, मनोज कुमार महतो, शंभू प्रसाद, मिथिलेश दागी, गणेश महतो, अंबुज ठाकुर, जितेंद्र सिंह, मेमन यादव, जैनेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, जियाउल अंसारी, मनोज पहान, पोचाई प्रसाद, महादेव राम, सोनिया देवी, सीमा, राजकिशोर बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## 20 सूत्री की बैठक में लिये गये कई निर्णय



विष्णुगढ़। प्रखंड सभागार में प्रखंड एवं अंचल के सभी पदाधिकारी एवं सहकर्मियोंके साथ 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। 20 सूत्री अंतर्गत आने वाले कई योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। राजस्व को लेकर मुख्य रूप से चर्चा का विषय रहा जिसमें कहा गया कि चाहे एलपीसी का मामला हो या मोटेशन का मामला हो या फिर जमीन संबंधित जिस किसी तरह का विवाद हो उसे अवीलंब निपटाया जाए आम जनों को परेशान नहीं किया जाए।अंचल के क्रियाकलापों से लोग काफी परेशान है । मनरेगा अंतर्गत 2021-22 का 173 डोभा निर्माण को पूर्ण अभी तक नहीं किया जा सका है। इस अविलंब पूरा किया जाये, ताकि नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। जिन गरीब परिवार का अबुआ आवास आवंटन किया गया है, उसे जल्द दूसरी किस्त दिया जाय। विष्णुगढ़ ब्लॉक में लगभग 1700 अबुआ आवास और बनना है। बैठक में मुख्य रूप से 20 सूत्री के उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य अब्बास अंसारी, झामुमो के अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, इकबाल राणा, गुरु प्रसाद, संजय प्रजापति एवं लक्ष्मी देवी मौजूद थे।

## अमन कुमार का सांसद ने किया स्वागत

हजारीबाग। बड़कागांव के महुदी प्रकरण में पिछले 17 दिनों से जेल में बंद हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार को बेल मिलने के बाद रविवार को जेल से रिहा कर दिया गया इससे पहले जेल से ही उनके परिवारजन, समर्थक और बिहार से हजारीबाग पंहुचे भाजपा नेता मनीष कश्यप के साथ बड़ी संख्या में उमड़े उनके समर्थक जेल से निकलने पर इंजीनियर अमन कुमार का स्वागत किया। बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में जनसभा में सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने अमन कुमार का स्वागत किया। जायसवाल ने कहा कि अमन कुमार कोई अपराधी नहीं, एक धर्म प्रचारक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी सड़क पर किसी का गुजरना या जुलूस लेकर जाना संवैधानिक तरीके से जायज होने के वाबजूद महुदी में दशकों से रामभक्तों को शोभायात्रा की अनुमति नहीं दी जाती थी। ऐसे में इस अतिक्रमण सड़क पर शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस पार कराने पर राज्य सरकार को अमन कुमार का सम्मान करना चाहिए लेकिन ऐसे नहीं करके उनके साथ षडयंत्र करके उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया गया ।

## हुल दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

विष्णुगढ़। आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड समिति ने अंग्रेजो के हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा अमर शहीद सिदो-कान्हू, वीर बिरसा मुंडा सहित अनेकक्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हूल विद्रोह के महानायकों की संघर्ष गाथा को याद कर उनके बलिदानों को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपु अकेला प्रखंड उपाध्यक्ष सुधीर कुमार गोविंद महतो बिंदा कुमार पंकज महतो टिंकू कसेरा सहित अजु पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चरही में 169 वां हूल दिवस मना



चरही। कसियाडीह सिद्धू-कानूह मैदान में समाजसेवी आनंद सोरेन ने169 वां हूल दिवस मनाया। मांडू विधानसभा के भावी प्रत्याशी आनंद सोरेन ने सिद्धू-कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सोरेन ने कहा कि जब सिद्धू -कान्हू ने शोषण के विरूद्ध विद्रोह करने का संकल्प ले लिया तो जन समूह को एकजुट करने के लिए परंपरागत ढंग से अपनाया। डुगडूगी पिटवा दी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महालाल हंसदा,बिशन मुर्मू,दिलीप टुडू,प्रकाश टुडू,कमलेश्वर टुडू, बाबूचंद हंसदा,विकाश टुडू,राजेश टुडू, रूपेश टुडू,रूपेश हंसदा,विकाश बेसरा,अर्जुन सोरेन,सलमान सोरेन, सहदेव किस्कू,अनूप तिग्गा, दिलीप प्रजापति, पार्वती, मीना बेसरा सहित कई आदिवासी समाज के लोग शामिल थे।

## जनता से हर्ष अजमेरा ने किया सीधा संवाद



कटकमदाग। सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के सिरसी पंचायत में रविवार को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने पंचायत वासियों से सीधा संवाद किया, संवाद के दौरान पंचायत वासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर विस्तार पूर्वक अपनी बातों को रखा उन्होंने बताया कि बिजली, पानी जैसे अनेकों समस्याओं से हम पंचायत वासियों काफी परेशान हैं साथ ही सभी ने एक स्वर से श्री अजमेरा से समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। साथ ही पंचायत वासियों ने श्री अजमेरा के प्रति आभार जताते हुए कहा की सेवा सहयोग समिति के प्रयास से काफी कुछ पंचायत में हुआ है हम आग्रह करते हैं कि आगे भी आप समस्या का समाधान अवश्य करेंगे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की आपकी समस्या वह हमारी समस्या है समस्या का निष्पादन करना ही मेरा लक्ष्य है आपको कोई समस्या ना हो इसके लिए आप सीधा मेरे कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, आपकी समस्याओं को जल्द ही समाधान किया जाएगा, साथ ही श्री अजमेरा ने बताया की सेवा सहयोग समिति के माध्यम से सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों के पंचायत में ट्रांसफार्मर, चापाकल जैसे अनेकों समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी समस्या का जल्द समाधान होगा और मैं आपके साथ रहूँगा ।

## बड़कागांव में आजसू ने मनाया हूल दिवस



बड़कागांव। आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सह सचिव घनश्याम कुमार ने किया।इस दौरान लोगों ने सिद्धू - कान्हो के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि नायकों की शहादत हम सभी को सदैव प्रेरित करता है। करो या मरो अंग्रेजों हमारे माटी छोड़ो का नारा देते हुए अत्याचारी विदेशी दासता से मातृभूमि को मुक्त करने के लिए जन क्रांति का आगाज किया था। देश के आजादी में सिद्धू-कान्हू के यहां भूमिका थी। सिद्धू-,कान्हू के आदम साहस से जुड़ा है,जिन्होंने विदेशी शासको के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था।मौके पर केंद्रीय सचिव अनिकेत कुमार, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, युवा प्रखंड सचिव पप्पू प्रसाद,अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, किसान मोर्चा सचिव सुरेश दांगी, मुरली महतो ,शिवदयाल महतो ,दीपक कुमार ,पिंटू कुमार उपस्थित थे

# मानसिक सेहत

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार' वर्तमान में दुनिया का हर आठवां व्यक्ति किसी न किसी रूप में मानसिक विकार से ग्रसित है। इस संस्था का यह भी कहना है कि कोरोना महामारी ने लोगों की मानसिक सेहत पर बुरा असर डाला है। इस महामारी के कारण लोगों के अवसाद और चिंता जैसी स्थितियों की दर में 25 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। जहां तक भारत का सवाल है तो 140 करोड़ की आबादी वाले इस मुल्क में मानसिक अस्वस्थता को लेकर जागरूकता का अभाव परिवार, समाज से लेकर सरकारी स्तर पर साफ नजर आता है। हर सात भारतीयों में से एक मानसिक रोगी है। भारत में अंदाजन 20 करोड़ लोगों को मानसिक इलाज की दरकार है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि यह संख्या कोरोना महामारी से पहले की है, अब यह तादाद बढ़ गई होगी। जब मानसिक स्वास्थ्य वाले मुद्दे पर चर्चा होती है तो उसका एक अहम बिंदु बच्चे व किशोर वर्ग भी हैं। अगर इन्हीं की मानसिक सेहत सही नहीं है तो उसका असर आगे चलकर परिवार, समाज व राष्ट्र पर पड़ता है। नवीनतम सर्वेक्षणों बताते हैं कि 10-19 आयु वर्ग के किशारों के बीच सात में से एक से अधिक किशोर मानसिक विकार के साथ जीने को अभिशप्त है। यूनिसेफ की ' द स्टेटआफ द वल्डर्स चिल्ड्रन रिपोर्ट 2021' के अनुसार कोविड-19 के कारण बड़ी संख्या में बच्चों और किशोरों की एक बड़ी आबादी का मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ गया है। जिसका प्रभाव आगामी कई सालों तक रहेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी से पहले भी 21वीं सदी बच्चों और युवाओं के लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण है। विशेषकर विकासशील देशों की हालत तो खराब है ही विकसित देशों में भी यह समस्या बड़ी हो रही है।

# तीस्ता जल विवाद

अभी बांग्लादेश को तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन परियोजना के लिए लगभग 987.27 मिलियन डॉलर की आवश्यकता है। दिखावे के तौर पर बांग्लादेश ने विश्व बैंक, जापान, और दूसरी अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग एजेंसियों से बात की। लेकिन बांग्लादेश जल संसाधन मंत्रालय के वरिष्ठ सचिव कबीर बिन अनवर ने जानकारी दी, कि चीन ने इस विशाल परियोजना की फंडिंग के वास्ते हामी भर दी है। तीस्ता बेसिन पर बसा रंगपुर से पंचगढ़ तक का इलाका चीन के टारगेट में है, जहां उसे जल प्रबंधन के बहाने डाटा इकट्ठे करने हैं। बांग्लादेश का पंचगढ़ एक ऐसा सामरिक लोकेशन है, जो पूर्वोत्तर के चिकेन नेक (सिलीगुड़ी) से मात्र 67 किलोमीटर की दूरी पर है। चिकेन नेक से लगे इलाके में चीनी कर्मियों की मौजूदगी सचमुच चिंता वाली बात है। तो क्या दिल्ली पर दबाव बनाने के वास्ते शेख हसीना यह खेल, खेल रही थीं? शेख हसीना संभवतः 8 से 14 जुलाई के बीच पेइचिंग की यात्रा पर रहेंगी। 24 जून, 2024 को सीपीसी सेंट्रल कमेटी के नेता लियु चिएनचाओ इस सिलसिले में ढाका आये थे। तीस्ता पर अपडेट को लेकर किसी भी पक्ष ने मीडिया से सूचनाएं साझा नहीं कीं। अब जो दिल्ली में शेख हसीना की यात्रा को अभूतपूर्व उपलब्धि मान रहे थे, उन्हें इस पर गौर करना चाहिए कि ढाका में चल क्या रहा है। बांग्लादेश का थिंक टैंक मानता है कि तीस्ता नदी पर भारतीय बैराज, इंफ्रा, जलविद्युत परियोजनाएं नदी के प्रवाह में बाधाएं पैदा करने के वास्ते हैं। उनको शक है कि भारत, तीस्ता के पानी के उचित हिस्से से बांग्लादेश को वंचित करने के उपक्रम में है। लेकिन वे चीन की प्लानिंग पर गौर नहीं करते। तीस्ता का मामला सिर्फ नदी के जल का मामला न होकर भारत के लिये सामरिक महत्व का भी विषय है।

# यही वक्त है देश विभिन्न क्षेत्रों में सूचकांक तैयार करने

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गल्त दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है।

इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है।

वस्तुतः भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है।





- प्रह्लाद सबनानी

इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन

इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं। कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है।

युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का, आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने से सम्बंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गम्भीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। आगे आने वाले दो वर्षों के दौरान यदि उक्त तीनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता

## खास बात

### हाईब्रिड कार

जापानी वाहन कंपनी सुजूकी और टोयोटा के बीच वै??शिवक गठजोड़ के तहत पहली बार संयुक्त तौर पर डिजाइन की गई हाइब्रिड कार भारतीय बाजार में उतरने के लिए तैयार है।

यह हाइबिड कार एसयूवी सेगमेंट में आएगी, जो भारत के वाहन बाजार में तेजी से विकास कर रहा है। देश की प्रमुख कार विनिमार्ता कंपनी मारुति भी इस सेगमेंट में पैठ बनाने की को?शिश कर रही है क्योंकि एसयूवी खंड में उसकी मौजूदगी कम होने से बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आ रही है। मारुति सुजूकी के कार्यकारी निदेशक (बिक्री)? शशांक श्रीवास्तव ने कहा, यह मझोले आकार की एसयूवी होगी। इसका इंजन माइल्ड हाइब्रिड होगा जिसे सुजूकी द्वारा विकसित किया गया है और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड को टोयोटा द्वारा विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि सुजूकी द्वारा विकसित मॉडल का उत्पादन मध्य अगस्त तक शुरू हो जाएगा।

इस एसयूवी को मुख्य रूप से भारत में बिक्री के लिए विकसित किया गया है लेकिन इसे अफ्रीका जैसे बाजारों में निर्यात भी किया जा सकता है। इस एसयूवी के टोयोटा संस्करण का नाम अर्बन क्रूजर हाइराइडर होगा जिसे 1 जुलाई को पेश किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि मारुति विटारा नाम से जल्द ही इस एसयूवी को बाजार में उतारेगी।

यह एसयूवी मारुति सुजूकी के लिए अहम होगी क्योंकि यह सीधे तौर पर हुंडई की क्रेटा और किया सेल्टॉस को टक्कर देगी। मझोले आकार की एसयूवी काफी लोकप्रिय है और वाहन कंपनियों की बिक्री बढ़ाने में इसका अहम योगदान है। भारतीय बाजार के लिए किफायती हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन विकसित करने के लिए टोयोटा और सुजूकी ने 2017 में पहली बार गठजोड़ किया था।

इसके तहत टोयोटा ने अपनी हाइब्रिड प्रौद्योगिकी सुजूकी को देने के लिए सहमति जताई थी। टोयोटा के अध्यक्ष अकोई टोयोटा ने कहा, टोयोटा और सुजूकी अपनी दक्षता का लाभ उठाकर भारतीय ग्राहकों को व्यापक विकल्प मुहैया करा रही हैं और हमें उम्मीद है कि इससे कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। इस साझेदारी के तहत हम कारोबार के अवसर तलाशते रहेंगे।

# जीवन का राह

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**दुख** क फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग है तो बिजली, वाई-फाई, नेटफ्लिक्स और एमेजॉन प्राइम भी हैं। तो क्या अब तक हमने काफी दुख नहीं झेल लिए? क्या वाकई हमें बहुत पीड़ा सहने की जरूरत है? कितना दुख हो तो उसे पर्याप्त कहा जाएगा? क्या हम नियति का झन्नादेदार थप्पड़ पड़े बिना सीख सकते हैं सबक? धर्म क्या कहता है? क्या कोई आध्यात्मिक उद्देश्य है इस महामारी का? यह एक आध्यात्मिक अवसर हो सकता है क्या?

यह सब हम पर निर्भर करता है। हममें से हर एक पर। सबक तो हैं ही। हम सामुदायिक भावना जगा सकते हैं। परिवार, दोस्तों, पास-पड़ोस के घेरे में गूंथ सकते हैं खुद को। सोशल मीडिया के शोरगुल के बजाय ऐसे इंसानी रिश्तों में, जिनका हमारे लिए कोई मायने हो। क्या हम ऐसी जिंदगी बसर कर सकते हैं, जो हमारे स्वार्थ, हमारे लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के दायरे से कहीं बड़ी हो? हम कम में, बहुत कम में गुजारा कर सकते हैं, यह बात इस महामारी ने सिखाई है। हमने सीख लिया है कि चाहतों का कोई ओर-छोर नहीं होता और यह भी कि इनकी सीमा भी हो सकती है। मामला सोच का है। क्या प्रेस रिलीज और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ढिंढोरा पीटने के बजाय हम चुपचाप किसी की मदद कर सकते हैं? ऐसा कर सकें तो हम अपनी जिंदगियों में धर्म के लिए गुंजाइश बना पाएंगे। हमने देखा है कि हमारी इस धरती पर दूसरे जीव राहत की सांस ले रहे हैं। क्या हम न केवल अपने लिए, बल्कि जानवरों के लिए भी इस दुनिया को बेहतर बना सकते हैं? तालाबों-नदियों, पहाड़ों और मैदानों के लिए? सभी जीवों के लिए?

वैदिक सनातन संस्कृति संस्कार और उसकी दिव्य संवेदनाओं के सबल संरक्षक परमाराध्य ब्रह्मलीन गुरूदेव भगवन अनन्त श्री विभूषित पूज्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज की तृतीय पुण्य स्मृति पर उनकी मोक्षदा अनुग्रहशील और कल्याणी दिव्य सत्ता को सादर प्रणामाञ्जलि !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

जो कहते हैं, वो करते हैं। महिलाओं को ?1,000 प्रोत्साहन राशि झारखंड में 200 यूनिट बिजली मुफ्त लाखों परिवारों को 15 लाख का स्वास्थ्य बीमा शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार को 60 लाख मदद बीआरपी-सीआरपी का मानदेय 50% बढ़ा **–चंपई सोरेन**





**पवित्र** अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर सभी तीर्थयात्रियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। बाबा बर्फानी के दर्शन और वंदन से जुड़ी यह यात्रा शिवभक्तों में असीम ऊर्जा का संचार करने वाली होती है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# देश की जनसंख्या वृद्धि और उसके कारक

## सामयिक

**भारत** सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इस दिन प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस का जन्म दिवस है, जिन्हे हम स्वतंत्रता के बाद आर्थिक नियोजन और सांख्यिकीय विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जानते है। भारत की आबादी प्रथम जनगणना (1871-72) के अनुसार 23 करोड़ थी जो अब 135 करोड़से ज्यादा हो गई है हम विश्व मे आबादी केआधार पर अभी दूसरे स्थान पर है और संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2027 तक दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश बन जाएंगे।

इस वृद्धि कि अहम वजह मृत्यु दर मे आई कमी का होना और जन्म दर मे कोई कमी का ना होना हैभारत की मृत्यु दर (प्रति हजार जनसंख्या पर मौतों की संख्या)जो 1901-1921 मे 40 से ज्यादा थी अब7के करीब है इसी तरह से प्रजनन दर(प्रति महिला पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या) जो 1960 मे 6 के करीब थी वो अब 2.2 के लगभग है अगर ये दर 2.1 से कम (जिसे हम प्रतिस्थापन स्तर भी कहते है)हो जाए तो आबादी घटने लगती हैआज हमारे देश मे 28 मे से 17 राज्य प्रतिस्थापन स्तर पर पहुँच चुके है भारत इस बिन्दु के बहुत करीब पहुँचने वाला है मुख्य राज्य जो प्रतिस्थापन स्तर से दूर हैं उस शृंखला मे बिहार(3.4),उत्तर प्रदेश (2.7),झारखंड (2.6),राजस्थान (2.4),मध्य प्रदेश(2.3), छत्तीसगढ़ (2.2) और असम (2.2) जैसे राज्य है मगर हमारी जनसंख्या मे वृद्धि अभी बढ़ती रहेगी और 2048 मे अपने ऊंचाई मे रहेगी जो 1.6 अरब है और उसके बाद घटने लगेगी और 2100 मे हमारे देश की जनसंख्या 1 अरब और प्रजनन दर 1.3 हो जाएगी जो विश्व मे हमे सबसे आबादी वाला देश बना देगी। विश्लेषण हमें ये भी बताता है कि 2100 मे हम दुनिया के तीसरे बड़े अर्थवयवस्था वाले देश होंगे।

भारत मे 1901 से लेकर 1921 तक 20 वर्षों मे जनसंख्या वृद्धि की धीमी स्तर रही। इस दौरान सूखा, प्लेग, मलेरिया और इंफ्लुएंजा की वजह से काफी मौतेहुइ।इस समय भारत मे जन्म के साथ-साथ मृत्यु दर भी ज्यादा होती थी इसलिए जनसंख्या मे वृद्धि ना के बराबरहुई। वर्ष 1921 की जनगणना मे भारत के जनसंख्या कम हुई थी इसलिए इस वर्ष को हम ग्रेट-डिवाइड वर्ष के रूप में भी जानते है।

फिर 1921 से 1981 तक 60 साल मे 45 करोड़ लोग बढ़ गए और आबादी 25 करोड़ से 68 करोड़ हो गयी। इस दौरान जनसंख्या में लगातार वृद्धि का मुख्य कारण मृत्यु दर मे गिरावट आना थाजो 48 से 15 हो गया। जिसकी मूल वजह चिकित्सा प्रणाली मे सुधार रहा। इसके परिणामस्वरूप सलाना औसत प्राकृतिक विकास दरइन 60 वर्षों के दौरान1 से 2.5 प्रतिशत हो गई थीं इसे हम द्वितीय अवस्था कह सकते है, जिसमे उच्च जन्म-दर एवं गिरती मृत्यु-दर और तीव्र जनसंख्या वृद्धि होती है। इसी वर्षों के दौरान ही 1951 से 1981 के वर्ष को हम जनसंख्या विस्फोट वर्ष भी कहते हैं। यह तीव्र जनसंख्या वृद्धि का काल था जब जनसंख्या पिछले 50 वर्षों के दौरान जो लगभग 12 करोड़ बढ़ी थी की तुलना में 30 वर्षों मे 32.5 करोड़ की वृद्धि हुई थी।1981-2001 चरण के दौरान, जनसंख्या वृद्धि की एक निश्चित गिरावट की प्रवृत्ति दृश्यमानरही । 20 वर्षों के दौरान कुल जनसंख्या में 34.37 करोड़ की वृद्धि हुई। परंतुऔसत वार्षिक वृद्धि दर निश्चित रूप से घटकर 1.93 प्रतिशत ही रह गई थीहालांकि, जनसंख्या विस्फोट की प्रवृत्ति अभी भी जारी रहीइसे हम तृतीय अवस्था से जोड़ सकते है जिसमे कम होती जन्म-दर और न्यून मृत्यु-दर होता है। चतुर्थ अवस्था मे निम्न जन्म और मृत्यु-दर और धीमी जनसंख्या वृद्धि होती है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### महके लोकतंत्र

**18वीं** लोकसभा में विपक्ष पिछले दशक के मुकाबले मजबूत बनकर उभरा है। किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात से है कि सरकार सहमति से चले। विपक्ष का भी कर्तव्य बनता है कि जिम्मेदार भूमिका में नजर आये। निष्कर्ष यह है कि हंगामे, बहिष्कार व नारेबाजी के बजाय रचनात्मक और गरिमामय भूमिका की दरकार है। स्वस्थ लोकतंत्र जरूरी है।

**– दिवाकर झा, रांची**

### विषय से खिलवाड़

**नीट** यूजी परीक्षा 2024 के स्कोर कार्ड जारी होने के बाद से ही देशभर के लाखों छात्र और उनके समर्थन में राजनीतिक दल भी सड़कों पर उतर आये हैं। पेपर लीक और ग्रेस मार्क्स को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा पहुंचा। अब देश में पेपर लीक जैसे घटनाओं पर रोक लगाने के लिए एंटी पेपर लीक कानून लागू कर दिया गया है।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

# पेपर लीक, सिस्टम वीक, सर्जरी जरूरी

## सामयिक

**डॉ. रमेश शर्मा**

पेपर लीक स्कैंडल ने देश की आत्मा को भीतर तक झकझोर दिया है। यह नैतिक पतन की पराकाष्ठा है। देश में बहुत बड़ा वर्ग बिकाऊ है। कीमत दो और खरीद लो। फिर वह पेपर हो पद या प्रतिष्ठा। ऐसे स्कैंडल इस ओर भी ध्यान आकर्षित करते हैं कि प्रतिभा, मेरिट, पारदर्शिता, ईमानदारी तो पुस्तकों के विषय तक सिमट कर रह गए हैं लेकिन दूसरी तरफ चिंता इस बात की है कि साधारण और सरल व्यावहारिक दूरदर्शिता का प्रशासनिक व्यवस्था में इतना अकाल कभी देखा नहीं गया है । तरह-तरह के शिक्षा माफिया सक्रिय रहते हैं, नकल माफिया, पेपर लीक और सॉलवर गैंग, स्टाफ की मिलीभगत आदि परंतु ये तब तक सफल नहीं हो सकते जब तक सिस्टम में विद्यमान तत्व सहयोग न करें ।

सर्वविदित तथ्य है कि अध्यापक चाहेगा तो केंद्र में नकल होगी और यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी । तकनीक में अनेक प्रकार के आयाम जुड़ने के कारण एआई जैसी टेक्नोलाजी के आने से चुनौतियां और बढ़ गई हैं तो मूल्यांकन भी जटिल हो गया है । सोशल साइट्स ने जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है और एक प्रभावी उपकरण बन चुका है । सूचना का आदान-प्रदान क्षणों में संभव है। सभी तथ्यों की जानकारी होने के बावजूद ऐसी परीक्षाओं को साधारण औपचारिकता के तौर पर कंडक्ट करवाया जाए और माफिया आराम से ऑपरेट करते रहें तो हाहाकार होनी तो स्वाभाविक है ।

केवल परीक्षार्थी ही मानसिक तनाव का शिकार हो ऐसा नहीं होता । उसके अभिभावकों सहित अनेक लोगों पर इन हाई प्रोफाइल प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं का प्रत्यक्ष या परोक्ष असर पड़ता है जिनमें कोचिंग संस्थान भी शामिल होते हैं । अपार धन का अनियंत्रित बिजनेस है । समिति गठन की जितनी अहमियत अब दी जा रही है, काश एनटीए गठन के समय यह परिश्रम कर लिया जाता और कंडक्ट को सीबीएसई से पूरी तैयारी के बाद ही वापस लिया जाता तो इस विभीषिका से बचा जा सकता था । निश्चित तौर पर सरकार की कारगुजारी पर धब्बा लगा है और सिस्टम पर विश्वास बहाली उसकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए ।

शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं कि पेपर सेटिंग से लेकर परिणाम घोषित होने तक किस स्तर के विभिन्न विशेषज्ञ इस दायित्व का निर्वहण और निष्पादन करते हैं । इन के प्रशिक्षण और अनुभव को वरीयता दी जाती है या दी जानी चाहिए। ऐसे सक्षम विशेषज्ञों का यदि पैनल बना हो तो सुविधाजनक रहता है ।

वर्तमान स्कैंडल में ऐसा लगता है कि सारी प्रक्रिया के सभी चरणों में लापरवाही जाने अनजाने की गई है । परीक्षा का केंद्र कहां होगा ड्यूटी देने वाले निरीक्षक कौन होंगे, पेपर कहां रखे जाएंगे, परिवहन व्यवस्था क्या होगी , काम करने वाले कैमरे , समय पर पेपर एकत्रित करना और तुरंत बापस करने के लिए सीलबंद करना। ये काम नहीं हुआ तो एजेंसी की आउटसोर्स की सारी प्रणाली में छिद्र हैं फिर एनटीए परीक्षा की जिम्मेवारी क्यों ले रही है अथवा उसे यह जिम्मेवारी क्यों दी गई। आनन-फानन में संवेदनशील राष्ट्रीय परीक्षा का आयोजन हुआ है ।

ऐसा पहली बार हुआ हो यह सत्य नहीं है लेकिन यह अंतिम बार हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यही सरकार का कर्तव्य है और इसके लिए युवा प्रतिभा के साथ न्याय हो जिस से सही आदमी सही स्थान पर पहुंच कर देश सेवा कर सके । इन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने के स्थान पर राज्यों को सीट आवंटन किया जा सकता है और केंद्र अपने कोटे की परीक्षा सीमित दायरे में करवा सकता है । आयोजन करने वाली मशीनरी तो स्थानीय ही होती है प्रतियोगिता चाहे जो भी हो । उत्तर प्रदेश जैसा सख्त कानून तो बनना ही चाहिए लेकिन वही काफी होगा यह समय बतायेगा। सारे सिस्टम की मेजर सर्जरी आवश्यक है ।

## स्पीड न्यूज

### बारिश के बीच लायंस क्लब ग्रेटर के सदस्यों ने किया खिचड़ी का वितरण



गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला ग्रेटर का सिग्नेचर प्रोजेक्ट फूड फॉर हंगर के तहत रविवार महावीर चौक प्याऊ के पास खिचड़ी का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 500 से ऊपर व्यक्तियों व राहगीरों को खिचड़ी खिलाया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन राजेश लोहानी ने कहा की जन सेवा के तहत क्लब के द्वारा खिचड़ी वितरण का निर्णय लिया गया व अपने क्लब का सिग्नेचर प्रोजेक्ट प्रोग्राम फूड फॉर हंगर के तहत अगले रविवार को भी उपरोक्त व समय को पुन: खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। सचिव हिमांशु केशरी ने कहा की लायंस क्लब का उदेश्य जन सेवा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन सह चार्टर्ड प्रेसीडेंट अमित महेश्वरी ने मौके पर उपस्थित सभी क्लब सदस्यों में एक नया जोश व मानव सेवा हेतु एकजुट होकर आगे आने को कहते हुए कहा कि क्लब के द्वारा और भी भिन्न भिन्न कार्यक्रम मानव सेवा व जनकल्याण के लिए आगे भी जारी रहेगी। मौके पर चार्टर्ड प्रसिडेंट ला सुभाष अग्रवाल, ला दीपक अग्रवाल ला अभिनव महेश्वरी ला सुनील अग्रवाल, ला निशांत मंत्री ला संजीव मालानी ला शिवम् जायसवाल उपस्थित थे।

### चैनपुर क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से गंदा पानी घुसा घरों में



चैनपुर। चैनपुर क्षेत्र में लगातार दो दिनों से हो रहे बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली है पर लगातार बारिश के कारण चैनपुर बस स्टैंड के समीप नालियों का गंदा पानी रोड पर आ जाने से कचरा का अंबार लग गया है। जिससे आने जाने वाले स्कूली बच्चे सहित राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मेन रोड स्थित कई घरों में नाली का पानी घुस गया। जिससे लोग परेशान नजर आये। बताते चलें कि चैनपुर मुख्यालय में जहां भी नाली का निर्माण हुआ है। वहां मिट्टी और कचड़े से पूरी तरह ढक चुका है। जिसके कारण बरसात आने पर बारिश का पानी व कचड़ा घर में घुस जाता है। जिससे निकलने वाले दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है।

### नशामुक्ति अभियान के तहत डुमरी में महिलाओं ने निकाला जागरूकता रैली



डुमरी। नशामुक्ति अभियान के तहत रविवार को डुमरी प्रखंड मुख्यालय में झारखंड प्रदेश महिला प्रतिज्ञा एसोसिएशन के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली प्रखंड के सभी मुख्य मार्गों में घूमी। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि गुमला को नशामुक्त जिला बनाने में लोग सहयोग करें, नशापान छोड़कर जीवन से नाता जोड़े, नशा करने वालों का घर हो रहा है बर्बाद, नशा से बढ़ता है अपराध जैसे नारे लगाये गये। मौके पर अध्यक्ष देवकी देवी ने कहा कि ब्राउन शुगर, गांजा व नशीले दवा का प्रयोग कर आज युवा वर्ग बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। देश का भविष्य नशे का शिकार हो रहा है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। रैली में डुमरी प्रखंड की कई महिलाएं शामिल हुई।

### देवाकी बाबा धाम घाघरा के पास पशुओं से लदा पिकअप पलटा





घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम पुल के समीप पशुओं से भरा पिकअप वाहन शनिवार की रात को पलट गया। पिकअप वाहन में पशुओं को भरकर तस्करी के लिए बाहर भेजा जा रहा था। इधर घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। ग्रामीणों के अनुसार घटना शनिवार की देर रात की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार मालवाहक पिकअप जेएच 01भी 4710 है जो आदर की ओर से घाघरा की ओर आ रही थी। वहीं एक अन्य वाहन से उसका पीछा किया जा रहा था। जहां बाबाधाम पुल के समीप मोड़ में पिकअप पलट गयी। घटना इतनी जबरदस्त था कि उक्त पिकअप वाहन एक पेड़ में जाकर जमीन से सटकर सीधे खड़ी हो गई। वहीं पिकअप में क्रूरता पूर्वक एक दर्जन मवेशियों के चारो पैर बांधकर उसे वाहन से बाहर भेजा जा रहा था। घटना के बाद मवेशी 20 फीट नीचे जा गिरा। जिससे कुछ की मौत हो गई। बता दे की मवेशी तस्कर अपराधियों से अधिक बेखौफ होकर धड़ले से तस्करी का खेल खेल रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि आदर में फॉरेस्ट विभाग का एक चेक नाका है। जहां से बिना चेक किये किसी भी गाड़ी को पार नहीं कराया जाता है। जो सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। इस संबंध में थानेदार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### चैनपुर के कटकाही गांव में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के कटकाही गांव निवासी अनुराज बैगा पिता बंधना बैगा उम्र 29 वर्ष ने अपने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार की रात 9 बजे की बतायी जा रही है। घटना के संबंध में मृतक की मां ने बताया कि मेरा बेटा चैनपुर बजार गया था और मेरी बहु गांव वालों के साथ क्षेत्र में अच्छी बारिश के लिए भिक्षाटन करने गई थी। शाम में हमलोग जल्दी खाना खाकर सो गये। तभी मेरे बेटे ने घर को बाहर से बंद कर दिया। जिसके बाद मेरी बहु ने आवाज देकर दरवाजा खुलवाया। फिर हम दोनों उसे ढूंढने निकले तो देखा कि घर के बाहर बने कमरे में उसने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुची और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# लायंस क्लब गुमला के अध्यक्ष बने राजकुमार अग्रवाल और सचिव अशोक जायसवाल









**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** लायन्स क्लब गुमला के नये सत्र 2024-25 का शुभारंभ एक जुलाई से होगी। नये सत्र के लिए लायन्स क्लब गुमला का पदाधिकारियों का चुनाव अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लायन राजकुमार अग्रवाल को अध्यक्ष, ला अशोक कुमार जायसवाल को सचिव, अनिल अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, योगेन्द्र प्रसाद साहु को पीआरओ, ला मुरली मनोहर प्रसाद को उपाध्यक्ष , ला पवन अग्रवाल को जीएमटी, ला मनमोहन केसरी को सीए, बिशाल कुमार को जीएसटी, महेश प्रसाद गुप्ता को एलसीएफ, ला सतेन्द्र कुमार गुप्ता को जेएलटी चुना गया। नये साल के लायन्स क्लब के कार्यभार संभाले नये पदाधिकारियों से उम्मीद जतायी गयी कि गुमला और समाज के विकास के लिये मजबूती से कार्य करेंगे। अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया ने नई कमिटी को बधाई दिया। वहीं बधाई देने वालो में ला संजीव उर्वशी, ला बनवारी अग्रवाल, ला दामोदर कसेरा, ला विजय गोयल, ला पदम साबू, ला अम्बिका लाल, साहु ला अशोक आनन्द, ला बृज किशोर फोगला, ला गुलाब चन्द्र प्रसाद, ला अनुराधा प्रसाद, ला मनमोहन केसरी, ला मनोरमा साहु, ला ओमप्रकाश साहु, ला राजलछमी आनन्द, ला रीता गुप्ता ला शीव कुमार लाल ला शिव कुमार सोनी ,ला संजय अग्रवाल, ला सुषमा देबी, हेमन्त, विजया उर्वशी, ला विजय गाडोदिया, ला शशी किरण, ला सरस्वती प्रसाद, ला प्रमोद अग्रवाल, ला पंकज गुप्ता के नाम शामिल है।

# सेवा भारती द्वारा 107वां सप्ताह स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 48 लोगो ने कराया जांच



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 107 वां सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। इस शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करा कर लाभान्वित हुए। मौके पर दीपक सर्राफ ने कहा बदलते मौसम पर अपने स्वास्थ के प्रति खास ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा की लोगों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य चेकअप अवश्य कराते रहना चाहिए। शिविर में अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अंजलि सर्राफ, मीना देवी, पायल अग्रवाल, अतुल सर्राफ, मनमोहन प्रसाद, राजीव सिंह, रेखा देवी, महेश कास्यंकार, इंदु देवी, अशोक शाह, सुनैना देवी, मीना देवी, मनोज प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, ज्ञानेश गुप्ता, राधेश्याम प्रसाद, अनिल मोदी, अनूप महतो, रेणु देवी, विजय गुप्ता, उदय कास्यंकार, बिहारी उरांव, देवनारायण गुप्ता, सूरज साहू आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में लोहरदगा जिले में हुआ खिलवाड़

## कई परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी से ज्यादा वीक्षक आये नजर



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा को लेकर जिले में खिलवाड़ हुआ है। रविवार को आयोजित इस परीक्षा में शिक्षा विभाग की बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आई है। लोहरदगा के 19 परीक्षा केदो में रविवार को सरकारी स्कूलों के आठवीं पास विद्यार्थियों के लिए मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति बहुत कम रही। आलम ये था कि कई परीक्षा केंद्र में तो परीक्षार्थियों से ज्यादा संख्या वीक्षकों की रही। प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल में 400 विद्यार्थियों को इस परीक्षा में शामिल होना था जबकि मात्र तीन परीक्षार्थी उपस्थित हुए। एमएलए महिला कॉलेज लोहरदगा में 350 से अधिक परीक्षार्थियों की जगह केवल 17 परीक्षार्थियों ने परीक्षा लिखी। उसुर्लाईन कॉन्वेंट में 400 में 181, लूथरन में 300 में 112 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि परीक्षा के आयोजन की सूचना काफी देर से विद्यालयों को प्राप्त हुई। मिडिल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया गया कि उनके यहां से आठवीं पास विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड जारी करें। जानकारों की माने तो स्कूल से पास आउट हो चुके विद्यार्थियों से संपर्क करना मिडिल स्कूलों के लिए मुश्किल था और ज्यादातर स्कूलों में इसे लेकर लापरवाही बरती गई। नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को परीक्षा के बारे में पता ही नहीं चला या जिन्हें जानकारी हुई तो उनके पास एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं हो पाया।

# रक्तदान करते हुए जीवनदान के इस अभियान से लोग अवश्य जुड़े: उपायुक्त

## पुलिस लाइन चंदाली में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन





**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गुमला शाखा के द्वारा रविवार को चंदाली स्थित पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रेड क्रास सोसाइटी के अध्यक्ष उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह उपस्थित हुए। एसपी शंभू कुमार सिंह के द्वारा ब्लड डोनेशन करते हुए इस शिविर की शुरूआत की गई। शिविर में सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 26 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा आम नागरिको के सहयोग एवं सहायता के लिए सदैव अपनी तत्परता दिखाई गई है। आज के ब्लड डोनेशन कैंप में भी सभी पुलिस कर्मियों ने रक्त दान करते हुए मरीजों के जीवन दान करने में भी अपनी भूमिका निभाई है। उपायुक्त ने जिले के नागरिकों से भी अपील की कि वे भी रक्तदान करते हुए जीवनदान के इस अभियान से अवश्य जुड़े। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि रक्त ऐसी चीज है। जिसका निर्माण नहीं किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में हम सभी नागरिकों को रक्तदान करने की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने जिले वासियों से भी अपील की कि वे भी अधिक से अधिक रक्तदान करें एवं जिले में आयोजित होनेवाले रक्तदान शिविरों को सफल बनाएं। सिविल सर्जन राजू कच्छप ने सभी को रक्तदान करने के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान से शरीर में कमजोरी नहीं आती। बल्कि विभिन्न गंभीर बीमारियों के होने की संभावना कम हो जाती है। शिविर में अपर समाहर्ता गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, एसडीओ सदर राजीव नीरज, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, डॉ सुनील राम, सोसाइटी के सचिव बलदेव प्रसाद शर्मा, संयुक्त सचिव अशोक जयसवाल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार

# भाजपा महिला मोर्चा ने एक पौधा मां के नाम से किया पौधारोपण



**चैनपुर। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष के निर्देश पर चैनपुर मंडल महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष संगीता देवी के नेतृत्व में सदस्यों नें दुर्गा मंदिर परिसर में एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया। मौके पर मौजूद उपाध्यक्ष संगीता देवी ने बतलाया की यह कार्यक्रम भाजपा झारखंड महिला मोर्चा के द्वारा प्रत्येक मंडल में किया जाना है। उन्होंने बतलाया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़ हमें छाया प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। अगर अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं तो दुनिया का पर्यावरण को सुरक्षित बनाया जा सकता है। वृक्षारोपण से प्रदूषण भी कम होता है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा महामंत्री उर्मिला देवी, मंत्री इला देवी, अनीता देवी, मिडिया प्रभारी असरिता देवी, सहित मोर्चा की महिला मौजूद थी।**

# बिजली व्यवस्था में विभाग सुधार करें नहीं तो होगा चरणबद्ध आंदोलन : दामोदर

## बारिश हो या न हो बादल गरजने के साथ काट दी जाती है 8-10 घंटे बिजली

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा है कि बिजली विभाग अविलंब बिजली आपूर्ति में सुधार करें नहीं तो विभाग के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। गुमला जिला में विद्युत आपूर्ति के नाम पर विभाग खिलवाड़ कर रहा है। विद्युत की चरमरायी व्यवस्था से गुमला के व्यापारी एवम आम जनता परेशान है। जिसके कारण व्यापरियो को बड़ी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। गुमला मे बहुत सारे छोटे छोटे उद्योग हैं जो बिजली से चलती है पर बिजली कब आएगी कब जायेगी इसका किसी को खबर नहीं होती है। थोड़ी सी भी वारिश होती है तो बिजली विभाग के द्वारा बिजली घंटो काट देती है। जिसके कारण उद्योग में काम बंद हो जाता है। आखिर कब तक गुमला में यह सब चलता रहेगा। इसका जबाब कौन देगा। सहनशीलता का भी एक सीमा होती है। अगर बिजली संबंधित विभाग को कोई परेशानी है तो जनता को बतलाना चाहिए की किस कारण से बिजली की आपूर्ति में दिक्कतें आ रही है। मैं गुमला प्रशासन से आग्रह करूंगा की बिजली की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सुधार में पहल करे ताकी गुमला के लोगों को बिजली के लिए परेशान नहीं होना पड़े। कसेरा ने कहा कि जिले में बिजली की तार भी कवर वाली लगी है। उसके बाद भी बारिश हो या न हो बादल गर्जन के साथ 8 से दस घंटे बिजली काट दी जाती है।

### लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कर्वड विद्युत तार लगाने का मंत्री ने दिया निर्देश



लोहरदगा। लोहरदगा के स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने महाप्रबन्धक सह मुख्य अभियन्ता, झारखण्ड राज्य विद्युत निगम लि विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची झारखण्ड को एक पत्र लिख कर लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तारों को बदलने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा है की लोहरदगा विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान मैंने पाया कि कई ग्रामों में लगे हुए विद्युत तार काफी पुराने एवं जर्जर हो गये हैं, जिसके कारण सदा गम्भीर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन ग्रामों में पुराने जर्जर हो चुके विद्युत तार को बदली किया जाना अति आवश्यक है। अतः पुराने जर्जर हो चुके विद्युत तार को बदली करने हेतु जिला में कर्वड विद्युत तार की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विधायक के इस पहल का ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने सराहना की है।

### प्रांतीय खो खो प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहदगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन



लोहरदगा। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 35वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो खो खेलकूद प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया के टीम ने प्रांत स्तर पर किशोर वर्ग में चतरा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ बाल वर्ग में गुमला को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग बहन की टीम कब्बड्डी में प्रांत स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता सरस्वती विद्या मंदिर देव नगर दुग्धा, बोकारो में आयोजित हुई। विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, गुमला विभाग के प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, समिति सदस्य, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्य-आचार्या एवं अभिभावक गण ने बधाई एवं शुभकामना दी। विद्यालय के खेल आचार्य जोधन सिंह को शुभकामना देते हुए कहा कि विद्यालय को गौरवान्वित करने में अपने शारीरिक आचार्य ने कठिन परिश्रम किया। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

### नाबालिक ने गौशाला में फांसी लगाकर की आत्महत्या

भंडरा। थाना क्षेत्र की भीठा गांव में बीती देर शाम गांव के एक नाबालिक युवक ने अपने घर के गौशाला में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गांव के सोमरा उरांव का 17 वर्षीय पुत्र अनूप उरांव शनिवार की शाम घर में अकेला था, घर के सभी सदस्य खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान सोमरा का पुत्र अनूप उरांव घर के पीछे गौशाला में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमरा देर शाम घर लौटकर घर में आराम कर रहा था। इस दौरान गांव के कुछ लोगो ने सोमरा के गौशाला में शव झूलता देख सोमरा को इसकी सुचना दी। सोमरा तत्काल गौशाला पंहुचा तो देखा उसका छोटा पुत्र अनूप रस्सी के सहारे आत्महत्या कर ली है। ग्रामीणों की मदद से शव को निचे उतार कर घटना की सुचना स्थानीय मुखिया व भंडरा पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौप दिया। आत्महत्या की घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों ने बताया की सोमरा का तीन पुत्र व एक पुत्री थी।

# भूमि सुधार उप समाहर्ता ने की पेशरार में योजनाओ की समीक्षा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भूमि सुधार उप समाहर्ता सुजाता कुजूर-सह-वरीय पदाधिकारी प्रखंड पेशरार ने पेशरार प्रखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड में संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इसमें मनरेगा योजनाओं यथा दीदी बाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा कूप संवर्धन अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य योजनाओ की समीक्षा की। इस मौके पर टाना भगत का एक प्रतिनिधिमंडल भी वरीय पदाधिकारी से मिला और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजनाओं में प्रगति लाने के निदेश दिये और टाना भगतों की समस्याओं के निवारण का आश्वासन दिया।

# मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रयास से कुडु प्रखंड में लगा 200 केवी का ट्रांसफार्मर



**खबर मंत्र संवाददाता**

**कूडू।** प्रखंड अंतर्गत ककरगढ़ पंचायत के ग्राम ककरगढ़ में काफी समय से 200 केवी ट्रांसफार्मर की मांग थी और क्षेत्र में बिजली बाधित हो रही थी इस बीच विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी और मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 200 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल द्वारा किया गया। मौके पर निशीथ जायसवाल ने कहा कि मंत्री उरांव लोहरदगा की जनता की सेवा के लिए तत्पर हैं। उनके द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर सभी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। गठबंधन सरकार ने भी 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा की है। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, रविन्द्र सिंह खेरवार, असलम अंसारी, पंचायत अध्यक्ष नयूम अंसारी, सेराजूल अंसारी, खलील अंसारी, ताहिर अंसारी, सनाउल्लाह अंसारी,समीम अंसारी, तौहीद अंसारी, मुमताज अंसारी, नसीम अंसारी, मोजमिल अंसारी, ससिता उरांव आदि उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हार व जीत खेल का हिस्सा है, हार टीम खेल से सिख लेकर आगे बेहतर करें : उपायुक्त




**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता रविवार को आरंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच अंडर 15 में सिसई व रायडीह के टीम के बीच खेला गया। जिसमें रायडीह विजय हुआ। वहीं अंडर 17 में डुमरी व घाघरा टीम कबीच मैच खेला गया। घाघरा की टीम विजय हुई। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि खिलाड़ियों को पूरे ईमानदारी और लगन के साथ खेलने प्रतियोगिता में भाग लेना है। उन्होंने कहा कि यह मौका है अपने प्रतिभा को दिखाने का। जिला स्तरीय विजेता टीम 2 जुलाई को राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उपायुक्त ने कहा कि हार एवं जीत खेल का हिस्सा है जो भी टीम जीत हासिल नहीं कर पाएगा वे अपने हार से सिख लेंगे एवं आगे और बेहतर करने के लिए मेहनत करेंगे।संत इग्नेसियस उच्च विद्यालय तथा संत पैट्रिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिला के सभी प्रखंड स्तर की अंडर 17 बालिका एवं बालक तथा अंडर 15 बालक वर्ग की टीम भाग ले रही है। जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के कर्मियों एवम साधनसेवियों द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 01 जुलाई को खेला जाएगा और पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां, जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, एडीपीओ पियूष कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय द्वितीय व अंतिम बैच के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डायट चिरी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। पीएमश्री विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के निमित भारत सरकार के निर्देश पर उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी। प्रशिक्षक अरुण राम ने बतलाया कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में अतिरिक्त योग्यता होती है, इस अतिरिक्त योग्यता को अवसर में बदलने की आवश्यकता है। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी का प्रदर्शन बेहतर रहा है, अब सभी का दायित्व और भी ज्यादा हो गया है। डायट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सभी प्रतिभगी समय से आना, दिए गए कार्यों को समय से पूरा करना एवं हरएक गतिविधि को उत्साह के साथ समय से पूरा करना देखने को मिला। अंत में प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों ने प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम एवं अमृता सिन्हा को अंगवस्त्र पहनकर तथा पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, पितरूस उरांव, राजश्री भगत, पंकज कुमार, रश्मि कुजूर, खुशबू कुमारी, मीरा उरांव, सोनी टोप्पो, उर्मिला एक्का, मोनिका उरांव, समीना खातून, दुर्गी कुमारी, फुलमनी कुमारी, सरोज कुमार दुबे, जियाउल हक अंसारी, पंकज कुमार, सुमित कुमार, वीरेंद्र उरांव, रजिया खातून, राजश्री भगत, शादाब अंसारी, सोनी टोप्पो, ताज मोहम्मद सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

# पूजा अर्चना कर बाबा बैधनाथ सेवा संघ के पोस्टर का विमोचन

›› कदमा के रंकणी मंदिर में हुई पूजा अर्चना

›› सावन में 1100 कांवरिया नि:शुल्क जायेंगे सुल्तानगंज : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कदमा के रंकणी मंदिर में बाबा बैधनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित नि:शुल्क कांवर यात्रा में शामिल होने के लिए पंजीयन हेतु संपर्क नंबर के साथ पोस्टर का विमोचन पूजा अर्चना कर विधिवत किया गया। कदमा के रंकणी मंदिर के प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में जुटे शिवभक्तों ने बोल बम का नारा जमकर लगाया।

पोस्टर विमोचन के कार्यक्रम में शामिल संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने बताया कि सावन के सावन माह में आगामी 28 जुलाई को बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित नि:शुल्क कांवर यात्रा में इस वर्ष 1100 कांवरिया 28 जुलाई को बस, छोटी गाड़ी एवं रेल सेवा से जमशेदपुर से सुल्तानगंज रवाना होंगे। सुल्तानगंज से उत्तर वाहिनी गंगा से जल भरकर 1100 कांवरिया पैदल बाबा नगरी के लिए प्रस्थान करेंगे।

यात्रा में शामिल होने वाले शिव भक्तों का पंजीयन 1 जुलाई से किया जायेगा। यात्रा में शामिल होने वाले लोगों को पंजीयन हेतु किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए संपर्क नंबर लिखा पोस्टर सभी मंदिरों सहित सभी चौक चौराहे में लगाया जायेगा। विकास सिंह ने कहा कि सप्ताह भर चलने वाले इस यात्रा में सुल्तानगंज से लेकर देवघर से देवघर से लेकर बाबा बासुकीनाथ धाम तक सभी धर्मशाला एवं ठहरने हेतु ठिकाने आरक्षित कर लिए गए हैं । बाबा बैद्यनाथ की अमर जीवंत कथा का आयोजन बाबा भूतनाथ धर्मशाला में मध्य प्रदेश के रीवा से आए कलाकारों द्वारा प्रदर्शित किया जायेगा जो इस यात्रा का आकर्षण का केंद्र रहेगा। विकास सिंह ने कहा इस वर्ष सोनारी, कदमा, बिष्टुपुर साकची और मानगों के शिवभक्त कांवर यात्रा में शामिल होंगे।



पोस्टर का विमोचन करते विकास सिंह व साथी।

### कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित

पोस्टर विमोचन के कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकास सिंह, राजेश सिंह, चितरंजन वर्मा, अरविंद महतो, राकेश सिंह, संजय सिंह, अमरिंदर मल्लिक, ललन चौहान, अशोक दुबे, शंकर रेड्डी, मनोज सिंह, सीमा यशवाल, कार्तिक राव, राजाराम रजक, विनोद रजक, संजय शर्मा, अविनाश मोहंती, विजय पांडे, केएन ओझा, प्रभाकर शर्मा, रणजीत सिंह, किशोर बर्मन, संदीप शर्मा, छोटेलाल सिंह, सुबोध प्रसाद, शिव साहू, पुष्पा सरदार, अमित सिंह, रतन देवी सुमित्रा घोषाल सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज



### लक्ष्मीनारायण मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा तीन से निमंत्रण बांट रहे सरयू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय ने रविवार की शाम साकची बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों एवं ग्राहकों को 3 से 7 जुलाई तक जमशेदपुर के गोलमुरी केबुल टाउन स्थित निर्माणाधीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए निमंत्रण सौंपा। मौके पर आल मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरविंद्र सिंह मंटु, भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव, आकाश शाह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजु मारवाह, अमन सिंह, राकेश मंडल, त्रिलोचन सिंह, के विनित सहित अन्य उपस्थित थे।

### नारायण आइटीआई में याद किये गये वीर शहीद सिदो-कान्हू

**जमशेदपुर।** नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में रविवार को हुल दिवस मनाया गया। मौके पर सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उनके तस्वीर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संस्थान के संस्थापक प्रो डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि हुल का मतलब होता है क्रांति। मौके पर ऐडवोकेट निखिल कुमार, शांति राम महतो, पवन महतो, अरुण पांडेय, गौरव महतो, आदित्य गोप, मोहन सिंह सरदार ,देब कृष्ण महतो, अजय मंडल आदि उपस्थित थे।

### विधायक सरयू राय ने सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश कोया के नेतृत्व में रविवार को बिरसानगर स्थित सिदो कान्हू चौक प्रतिमा स्थल पर हुल दिवस मनाया। मौके पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। श्री राय एवं भाजमो नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान भाजमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, संजीव आचार्या, विकास गुप्ता, अभय सिंह, शंकर कर्मकार, जय प्रकाश सिंह, सुरज हेम्ब्रम, नंदिता गगराई, राजेन कुजूर, वासते टुडू , अनिल गगराई, पिंकी विश्वास, रेखा महानंदी, करमेला बरला, सरस्वति खामरी, प्रसननजित सिंह, आर एन मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो के कई युवा और महिलाएं हुईं आजसू में हुए शामिल

**जमशेदपुर।** रविवार की सुबह 11 बजे परसुडीह शीतला चौक से सिधू कान्हू चौक तक पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने पदयात्रा किया। चौक पर जाकर उन्होंने शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। उनके साथ शहीद सिधू कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने ढोल नगाडो-गाजे बाजे के साथ सैकड़ों शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, धीरज यादव, सचिन प्रसाद, सोमू भौमिक, लक्ष्मी मुंडा, सुनीता अग्रवाल, समेत अन्य उपस्थित थे। रविवार को आजसू पार्टी जिला समिति ने दक्षिण पंचायत सराजामादा के पंचायत भवन के समीप हुल दिवस मनाया।

### घाटशिला के व्यवसायी कृष्ण कुमार अग्रवाल का आकस्मिक निधन



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के सबसे छोटे फूफा जी कृष्ण कुमार अग्रवाल (गोयल) जो कि घाटशिला के व्यापारी है उनका मंगलवार, दिनांक 25 जून को दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। ज्ञात हो कि वे घाटशिला से मंगलवार को संध्या टाटानगर आये थे और अपने स्वास्थ्य के रूटिन चेकअप के तहत बिष्टुपुर में डॉक्टर को संध्या 6.15 बजे दिखाया और उसके बाद वे अपने व्यापारिक काम से जुगसलाई गये।

# जमशेदपुर समेत चार जिलों में मजदूर नेताओं को दिये जायें टिकट : इंटक

■ विधानसभा चुनाव के लिए पहली बार इंटक ने पेश की दावेदारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश इंटक कार्यकारिणी के जमशेदपुर के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक रविवार को आईएसडब्ल्युपी (तार कंपनी)वर्कर्स यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई । उक्त बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में कहा गया कि झारखंड राज्य मजदूरों की मेहनत एवं खून पसीने के द्वारा बना है, और इसमें इंटक एक महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। बोकारो, धनबाद, पश्चिम सिंघभूम एवं पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से इंटक के किसी कार्यकर्ता को विधानसभा में टिकट देने की मांग कांग्रेस आलाकमान से की गई। यह पहला मौका है जब पूरे दमखम के साथ विधानसभा चुनाव में इंटक ने दावेदारी पेश की है।

बताया गया कि झारखंड प्रदेश इंटक के कार्यकारिणी सदस्यों की अगली बैठक दिनांक 7 जुलाई को हजारीबाग के टाउन हॉल में होगी जिसमें इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री संजय सिंह शामिल होंगे। झारखंड राज्य में इंटक के सदस्यों को संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में नई यूनियनें बनाने एवं असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को सरकारी सुविधाओं,पी एफ एवं इ एस आई का लाभ कैसे मिले इस पर बात विचार हुआ।

बैठक में आदित्यपुर क्षेत्र में स्थापित झारखंड का दूसरा सबसे बड़ा इ एस आई के अस्पताल में हो रही असुविधाओं एवं दिक्कतों के बारे में विचार विमर्श हुआ। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण एवं गरीब परिवारों की महिलाओं को वित्तीय सहायता देना, महिलाओं को आजीविका कमाने में मदद करके उन्हें सशक्त बनाना, एवं इंटक में महिलाओं की सहभागिता, उनकी जिम्मेदारी एवं उन्हें मजबूती प्रदान कैसे करना है इस पर विचार हुआ।

बैठक में झारखंड के सभी जिलों में इंटक की जिला कमेटी का गठन एवं उनकी जिम्मेदारियां से अवगत कराना एवं जिम्मेदारियां को निभाना इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग दी जाने की सुविधा पर चर्चा हुई। कांग्रेस एवं इंटक दोनों में संमजस्य स्थापित करना एवं मिलजुल करके कार्य करने की पद्धति को आगे बढ़ानें पर विचार विमर्श हुआ। इंटक के सभी विंग, महिला इंटक, यूथ इंटक एवं सभी कार्यकर्ताओं को मिलजुल कर इंटक की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के अलावा इंटक के उत्थान अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के साथ आगामी 7 जुलाई 2024 को हजारीबाग में होने वाली इंटक के कार्यकारिणी के सदस्यों की होने वाली बैठक में सभी को शामिल होने के आग्रह के साथ सभा की समाप्ति हुई।



बैठक के पश्चात ग्रुप फोटो करवाते प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व सहयोगी पदाधिकारी।

## एक नजर में

### झारखंड के शहीदों का बलिदान देश की आजादी के लिए अविस्मरणीय है : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर प्रखंड हुल दिवस के अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने हलूदबनी और हितकू पंचायत के खुकड़ाडीह टोप्पोडुंगरी में स्थित संथाल विद्रोह के महानायक वीर शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा ही लक्ष्य संस्था के और से स्थानीय महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर साड़ी वितरण किया। और सरजमदा धमुटीला( बांधटोला) में एवं हलूदबनी बगानटोला में जुवान आखड़ा कमिटी की और से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और क्षेत्र के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालें समाजसेविओं को सम्मानित किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि झारखंड के शहीदों का बलिदान देश की आजादी के लिए अविस्मरणीय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य पूर्णिमा मल्लिक, जिप सदस्य परितोष सिंह, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष पलटन मूर्मू, झामुमो नेता माणिक मल्लिक आदि उपस्थित थे।

### तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत श्री हनुमान चालीसा कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता संपन्न



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन द्वारा आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अन्तर्गत शनिवार 29 जून को कक्षा 1 से 3 तक तथा रविवार, 30 जून को कक्षा 4 से 6 तक के छात्रों के लिये श्री हनुमान चालीसा कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के 22 विद्यालयों के कुल 480 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत माधवी उपाध्याय के सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात संस्थान के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुये पुरे कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सर्वश्री अरुण कुमार तिवारी, यमुना तिवारी व्यथित, दिव्येन्दु त्रिपाठी, अमरनाथ सिंह, डॉ० अरुण सज्जन, पुनम महानंद, माधवी उपाध्याय, अरुणा भूषण शास्त्री, डॉ० उदय प्रताप हयात , नीता सागर चौधरी, अनीता निधि, डॉ संजय पाठक, आरती श्रीवास्तव एवं वसंत जमशेदपुरी रहे। जबकि प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान करने वालों में सर्वश्री सुभाष चन्द्र मुनका, राम नन्दन प्रसाद, प्रसन्न वदन मेहता, ब्रजेन्द्रनाथ मिश्र, डॉ अजय कुमार ओझा, रीना सिन्हा , लक्ष्मी सिंह, राकेश कुमार, अजय प्रजापति, कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी', शकुंतला शर्मा तथा जितेश तिवारी प्रमुख रहे।

### सरायकेला के स्वयंसेवकों ने ओडिसा के समुद्री बीचों पर किया 'पॉल्यूशन से आजादी' कार्यक्रम




**गम्हरिया/जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन व निश्चय फाउंडेशन से जुड़े सरायकेला-खरसावां जिले के स्वयंसेवको द्वारा ओड़िसा के पूरी स्थित समुद्र के विभिन्न बीचों व पर्यटन स्थलों पर तीन दिवसीय 'पॉल्युशन से आजादी' कार्यक्रम किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों के सहयोग से उन पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही, पर्यटकों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया गया। उंक्त टीम में संस्था के आकाश महतो, प्रकाश बास्के, इंद्रजीत महतो, सहदेव महतो, प्रवीर दास, प्रकाश मार्डी, सूरज मंडल, सुनील लयांगी के अलावा कई स्वंयसेवक शामिल थे। इस दौरान स्वंयसेवकों ने ओडिसा के पर्यटन स्थलों पर में चिल्का झील, पुरी समुद्र बीच व कोणार्क समुद्र बीच पर जागरूकता अभियान चलाया। फाउंडेशन से जुड़े युवा स्वयंसेवियों के ओडिसा प्रवास के दौरान पर्यावरण संरक्षण को किया गया प्रयास बेहद ही उत्साहवर्धक है। यह प्रयास युवाओं के सकारात्मक कार्यों के प्रति आशा जागता है। ओडिसा स्थित चिल्का झील, पूरी समुद्र बीच व कोणार्क समुद्र बीच पर तीन दिन तक चले इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के झारखंड प्रमुख आकाश महतो ने किया।

### हुल क्रांति दिवस की स्मृति में 90 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** संताल विद्रोह के प्रतीक हुल क्रांति दिवस को समर्पित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 90 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर की उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्रीमती पारुल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, वी बी डी ए के संस्थापक सदस्य सुनील मुखर्जी एवं चंद्रशेखर खा, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी जी, जिला परिषद पूर्णिमा मल्लिक जी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, समाजसेवी राजेंद्र साह, झामुमो नेता एवं सेवा ही लक्ष्य के अध्यक्ष मानिक मल्लिक, साहित्य एकेडमी अवार्ड प्राप्त मानसिंह माझी, मुखिया संग के कार्यकारणी अध्यक्ष सरस्वती टुडू, कान्हु मुर्मू, जोबा मार्डी, राकेश मुर्मू, सुनील किस्कू, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन एवं सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सदस्य उपस्थित हुए। संपूर्ण हलुदबनी ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से मुखिया पानो मुर्मू, मुखिया सालगे सोरेन, मुखिया सुमन सिरका, मुखिया अजीत भूमिज, पंसस स्वपना बेरा, पंसस आरती करवा, पंसस रैना पूर्ति, पंचायत समिति सदस्य सिनी सोय, वार्ड सदस्य रूबी टोपनो, रुक्मणि हेंब्रम, बाली सोरेन, राजेश गुप्ता, सिखा माइटी, सूनाराम माझी, सबिता सरकार जल सहिया सीनी हेंब्रम, ग्राम संगठन अध्यक्ष सकुंतला हांसदा, पूर्व मुखिया खत्री सिरका ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट, जुट बैग, पेपर फूल, गिफ्ट दिया।

## 350 लोगों ने निशुल्क चिकित्सा व दवा वितरण शिविर का लाभ उठाया

■ हेमकुंड पब्लिक स्कूल में हुए आयोजन में शामिल हुए डा अजय कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सुभाष युवा मंच के द्वारा गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल में निशुल्क चिकित्सा जांच एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन समाजसेवी पारस मिश्रा के नेतृत्व में किया गया जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद डॉक्टर अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद और समाजसेवी पारस मिश्रा ने कहा कि जरूरतमंद जो अभावग्रस्त में अपना इलाज नहीं कर पाते हैं उन्हें उचित चिकित्सा के साथ-साथ निशुल्क दवा भी उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा करवाए इसीलिए इस कैंप का आयोजन किया गया है। चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पूर्व सांसद और पूर्व एपी डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि छोटी-छोटी बीमारियां अनदेखी और लापरवाही के कारण गंभीर रूप धारण कर लेती है।

## जल्द बनकर तैयार होगा अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ का भवन : सरयू राय

■ भारतीय गोंड आदिवासी संघ ने विरांगना रानी दुर्गावती का शहादत दिवस मनाया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ द्वारा 30 जून दिन रविवार को टोइला डूंगरी स्थित गुरुद्वारा हाल में रानी दुर्गावती का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ, जमशेपुर के अध्यक्ष दिनेश शाह गोंड ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मनोहरपुर गुरु चरण नायक और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपस्थित हुए। साथ ही विशिष्ट अतिथि महासचिव हरिकृष्ण नायक मझगांव से आये। दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव जे पी गोंड उपस्थित हुए। राम सुभक प्रसाद उपस्थित रहे। मंच का संचालन साहिल अस्थाना ने किया। वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था। 24 जून 1564 को उनका शहादत हुआ।



समाज के लोगों के साथ विधायक सरयू राय।

## सांसद बनने के बाद गृह क्षेत्र मनोहरपुर पहुंची जोबा माझी का जोरदार स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/चक्रधरपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र का सांसद बनने के बाद पहली बार मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र पहुंची जोबा माझी का सोनुवा, गोइलकेरा व मनोहरपुर में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। सोनुवा पहुंचने के बाद झामुमो समेत गठबंधन दलों के कार्यकताओं ने बाजे-गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए नव निर्वाचित सांसद का स्वागत किया।

मौके पर कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जीत की बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपनी खुशी का इजहार किया। सोनुवा के बाद गोइलकेरा में भी स्वागत किया गया। गोइलकेरा में सांसद जोबा माझी ने अपने दिवंगत पति देवेंद्र माझी के स्मारक स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित की।



पश्चिमी सिंहभूम के सोनुआ प्रखंड के झींगामिरचा में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं सांसद जोबा माझी। बगल में खड़े हैं उनके पुत्र और समाजसेवी जगत माझी।

## नयी न्यूनतम मजदूरी दर का ईमानदारी से लागू करें प्रतिष्ठान व उद्योग : डा अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने आज बिष्टुपुर में एक संवाददाता सम्मेलन किया जहां उन्होंने न्यूनतम मजदूरी का विषय उठाया जिसे झारखंड सरकार ने इस साल मार्च में लागू किया है। डॉ. अजय ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुई श्रमिको की न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी संबंधी अधिसूचना 11 मार्च 2024 (न्यूनतम मजदूरी बढ़ोतरी अधिनियम 2024) को जारी करने के साथ ही प्रदेश में इसको लागू कर दिया गया था। डॉ अजय ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की है कि इस पर नजर रखी जानी चाहिए कि छोटे और बड़े व्यापारिक संगठन, उद्योग, कंपनियां इस नये न्यूनतम वेतन कानून का पालन करें।

# सेवा भाव से चलता है एशिया का सबसे बड़ा फरीदाबाद का अमृता हॉस्पिटल



श्री निजामृतानंद पुरी महाराज से मिलते काले।

■ संस्थापक माता अमृतानंदमयी जी पर ईश्वर की है विशेष कृपा : काले

■ देश में स्वास्थ्य क्रांति का प्रतीक, आयुष्मान कार्ड धारकों को मिलती है सुविधा

■ काले ने झारखंड के जरूरतमंद लोगों के लिए तलाशे संभावनाओं के द्वार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/नयी दिल्ली।** लौहनगरी जमशेदपुर के समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर निजामृतानंद पुरी जी महाराज से विशेष भेंट की और संस्थान द्वारा चलाये जा रहे अत्यंत पावन व पुनीत कार्यों को समझा। श्री महाराज ने झारखण्ड के मरीजों का भी इलाज करने के श्री काले के अनुरोध का स्वागत किया।

आज एशिया के सबसे बड़े निजी अस्पताल की बात करें जहां हर मरीज का पूरे सेवा भाव से उपचार किया जाता हो तो यह कहने मे कोई अतिश्योक्ति नहीं कि दिल्ली से सटे फरीदाबाद स्थित नवनिर्मित अमृता अस्पताल है। काले ने बताया कि मुझे यहां जाने का सुअवसर मिला। जब इस अस्पताल में गया तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं भारत के किसी अस्पताल में हूं। 135 एकड़ के विशाल परिसर में भरपूर हरियाली, साफ सुथरे बगीचे, व्यवस्थित सेवाएं और सहयोग संबंधी निदेर्शों वाले साइन बोर्ड हर दिशा मे दिखाई देंगे। 2,600 बिस्तरों की क्षमता वाले इस अस्पताल मे 500 से भी ज्यादा आइसीयू और सीसीयू के बेड हैं। कैंसर के विश्वस्तरीय इलाज है, लोगों को स्किल देने की ट्रेनिंग दी जाती है।

# भोगनाडीह में बोले सीएम- बदल रहा है झारखंड, प्रगति के राह पर बढ़ रहा आगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**साहिबगंज/रांची।** हूल दिवस पर अमर शहीद वीर सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि भोगनाडीह में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

हमारी योजनाएं घर घर तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान के दौरान लाखों आवेदन हमें मिले। इन आवेदनों के माध्यम से हमें जनता की विभिन्न समस्याओं की पूरी गहराई से जानकारी मिली। लोगों की समस्याओं के आधार पर ही हम योजनाओं को बना रहे हैंए ताकि इसका लाभ हर किसी को मिल सके।

उन्होंने कहा कि झारखंड तभी आगे बढ़ेगा, जब यहां की आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक व्यवस्था मजबूत होगी। इसी सोच के साथ हमारी सरकार कार्य कर रही है। उनके साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थी। दोनों ने हूल दिवस पर राज्यवासियों को बधाई दी।



हुल दिवस पर अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू एवं चांद- भैरव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सीएम चपाई सोरेन, पूर्व सीएम हेमन्त सोरेन।

### 396 योजनाओं की मिली सौगात

सीएम चंपई सोरेन ने इस अवसर पर 29026.745 लाख रुपये की कुल 396 योजनाओं का उदघाटन- शिलान्यास किया। इसमें 11284.854 लाख रुपये की 165 योजनाओं का उदघाटन और 17741.731 लाख रुपये की 231 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 37212 लाभुकों के बीच 9289.745 लाख रुपये की परिसंपत्तियां बांटी। मौके पर मंत्री बसंत सोरेन, सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, विधायक दीपिका पांडेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, पुलिस उप महानिरिक्षक संजीव कुमार और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड धनी, पर लोग गरीब...

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की भरपूरता है। इस लिहाज से झारखंड काफी धनी है, लेकिन यहां के लोग आज भी गरीब हैं। यहां के खनिज संसाधनों से दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं लेकिन झारखंड पिछड़ा राज्य में ही गिना जाता है। अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सरकार की अनेकों योजनाएं हैं जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### जमसं के बीएंडके क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य बने राहुल



बेरमो। जेबीसीसीआई के सदस्य सह जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्दार्थ गौतम ने जमसं के बीएंडके क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य राहुल कुमार को मनोनीत किया है। उन्होंने इसकी पत्र बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक को भेज दी है। पत्रकारो के पूछने पर राहुल कुमार ने बताया कि सीसीएल के कोयला कामगारो और असंगठित मजदूर को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओ को दिलाने का पहल करेगे। यूनियन के द्वारा जो जिम्मेवारी मिली है उसे बखूबी निभाने का काम करेगे।

### भारत माता न्यास परिषद ने सांसद को बधाई व निमंत्रण भेजा

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट भारत माता न्यास परिषद के सभी सदस्यों ने गिरिडीह के निर्वाचित सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को बधाई दे देते हुए उन्हें यहां आने का निमंत्रण दिया। साथ ही समिति के अध्यक्ष इंदेश्वरी चौबे ने बताया कि गोमिया विधायक लंबोदर महतो हमारी समिति के सदस्य हैं। भारत माता मंदिर जो बोकारो के तेनुघाट में है। आगे उन्होंने बताया कि उनकी पूरी समिति के सदस्य के द्वारा गिरिडीह सांसद को भारत माता मंदिर आने का निमंत्रण दिया गया है और वह बहुत जल्द यहां आएंगे। जिनके स्वागत करने को भारत माता न्यास परिषद के सदस्य तैयार है।

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत आयोजित



बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो अनील कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत लगाया गया। इस मासिक लोक अदालत में कुल 1,628 मामलों का निष्पादन और लगभग 1,20,000 रुपए की समझौता राशि वसुल किए गए। इस लोक अदालत में चार बेंच का गठन किया गया था। जिसके प्रथम बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा एवं दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल और अधिवक्ता उमेश प्रसाद एवं तीसरे बेंच पर मुंसिफ शिव राज मिश्रा ओर अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर तथा चौथे बेंच पर अनुमंडल पदाधिकारी अशोक कुमार एवं देव दत तिवारी मौजूद थे। उक्त बातों की जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी।

### श्रम अधीक्षक ने बाल श्रमिक को मुक्त कराया

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव द्वारा गठित धावा दल द्वारा श्रम अधीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी अंतर्गत सेक्टर 9 स्थित हटिया मोड़ के पास से पिन्टू कार वाशिंग सेंटर से एक बाल श्रमिक पवन घटवार को विमुक्त कराया गया जिसका उम्र 14 वर्ष से कम है। विमुक्त कराने के पश्चात उक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति बोकारो को सुपुर्द कर दिया गया।

## वीर शहीदों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी : बसंत सोरेन

### मंत्री ने सिदो कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हूल दिवस के अवसर पर झारखंड सरकार के पथ निर्माण मंत्री सह स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ दुमका के बड़ा बांध चौक स्थित सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बसंत सोरेन ने पूरे राज्य के लोगों को हूल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि इन वीर शहीदों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। हम उन्हें याद कर रहे हैं और उनके बताए रास्ते पर चल रहे हैं। बसंत सोरेन ने कहा कि आज हूल के हमारे वर्तमान नेता हेमंत सोरेन हैं और वे अब लोगों के बीच हैं, उनकी आवाज पूरे झारखंड में गूंजेगी।



### विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हैं झामुमो

झारखंड में विधानसभा चुनाव जब भी चुनाव होंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा उसके लिए तैयार है। चुनाव को लेकर जो रणनीति बनेगी, उस पर कल से ही चर्चा होगी। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि आने वाला समय हमारे लिए काफी बेहतर है। योजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनका तेजी से धरातल पर क्रियान्वयन हो रहा है।

### डीवीसी चंद्रपुरा में प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण-पत्र

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केन्द्र के तेजस भवन में आयोजित एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ जीएम सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर सहित डीवीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि हमारे देश में हिन्दी भाषा सभी भाषाओं की जननी है। हिन्दी भाषा का गौरव और सम्मान बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह ने हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने पर जोर दिया और कहा कि हम सभी को हिन्दी का प्रयोग सभी कार्यों में करने की जरूरत है। वरिष्ठ जीएम मानव संसाधन डीसी पांडेय ने कहा कि हिन्दी का उपयोग कर हम सभी को गौरवान्वित महसूस करने की जरूरत है। जीएम पीके मिश्रा ने कहा कि हिन्दी वैज्ञानिक भाषा है।

### बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विदाई

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कुल 07 अधिशासी तथा 17 अनाधिशासी कर्मियों के लिए लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन मानव संसाधन सेवाएं विभाग की महाप्रबंधक सोनी कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सी एवं आईटी के मुख्य महाप्रबंधक आइ बंकिरा उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी। प्रबंधक कल्पना ने प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। सीजीएम श्री बंकिरा ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया।

## सिदो कान्हू की मूर्ती पर माल्यार्पण कर रसोईया संघ मुख्यालय मे विशाल धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** रविवार को हुल दिवस के मौके पर झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ द्वारा प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कारगिल चौक पर सिद्धू-कान्हू प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोड्डा गांधी मैदान में जिला सचिव अनिता ठाकुर की अध्यक्षता में आन्दोलन की तैयारी समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि संघ के निर्णयानुसार 20 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन करने को लेकर वृहत पैमाने पर प्रचार प्रसार करने के लिए सघन सभी विद्यालयों में संपर्क स्थापित कर रसोईया/संयोजिका को आन्दोलन में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। वहीं 3 जूलाई को दो बजे जिला शिक्षा अधीक्षक से कार्यालय में मिला कर हटायें गये संयोजिका को पुनः वापस करने का आग्रह किया जाएगा।वही महगामा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के रसोईया एवं संयोजिका बहनों की बैठक उर्जा नगर स्टेडियम में 7 जुलाई दिन रविवार को समय 11 बजे प्रभारी रविकांत कुमार सिंह के देख रेख में होने सुनिश्चित है। बैठक को जिला संरक्षक संजीव ठाकुर ने संयोजिका एवं रसोईया को अपने अधिकार के प्रति पाठ पढ़ाया । वहीं संघ के प्रदेश सचिव सह प्रभारी मनोज कुमार कुशवाहा ने संयोजिका को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण संयोजिका को विभाग नहीं हटा सकते हैं चूंकि हमलोगों ने सरकार के पूर्व सचिव अराधना पटनायक द्वारा आदेशित किया गया था और आज फिर किस आदेश के तहत निपुण संयोजिका को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया। मैं जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधीक्षक से आग्रह करता हूं कि अविलंब हटाने की प्रक्रिया को बंद किया जाय तथा हटायें संयोजिका को पुनः वापस करने की दिशा में पहल कर वापस किया जाता। इस कार्यक्रम में रोमा चटर्जी,किरण देवी, हेमा देवी, मीना देवी, रीना देवी, निर्मला देवी, विशेखा देवी, बुनम देवी के साथ जिला संरक्षक संजीव ठाकुर तथा महगामा प्रभारी रविशंकर सिंह के साथ संयोजिका, रसोईया संचालन समिति सदस्यों ने भाग लिया।



## बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन नयी कमेटी का चुनाव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की 2024 - 2027 के लिए नई कमेटी का चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। नई कमेटी में कमल दुबे अध्यक्ष व चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे पुनः महासचिव चुने गए। जबकि इंद्रदेव पासवान कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार चौबे मोहन दुबे रघुनाथ महतो विजय कुमार जगदीश पांडेय अभय कुमार दुबे शिवनाथ महतो व सरफराज अंसारी उपाध्यक्ष दीनानाथ पांडेय गोपाल ठाकुर व अविनाश कुमार दुबे संयुक्त महासचिव आरके मिश्रा मेराजुद्दीन अंसारी व मंतोष पांडेय सहायक संयुक्त महासचिव संजय कुमार ठाकुर कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार व अमित कुमार संयुक्त कोषाध्यक्ष चुने गए। इनके अलावा सचिव पद पर संतोष कुमार सिंह संतोष राय संजय दास रमेश कुमार राय डी चंद्रा अशोक कुमार नईम अख्तर अजय कुमार कुमार सानू वीरेंद्र प्रसाद सहायक सचिव के रूप में अमरनाथ सिंह शराफत अंसारी अजय कुमार त्रिवेदी प्रवीण कुमार पांडेय एसके लायक संटू ओझा थॉमस मुंडा संतोष कुमार उमेश मेहरा रंजीत सवाइंग सहित कार्यसमिति में 20 सदस्य चुने गए।



## बीएंडके मे स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार वितरण के साथ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो एवं करगली क्षेत्र के ऑफिसर्स क्लब करगली में स्वछता पखवाड़ा के सम्मान सह समापन समारोह का आयोजन किया गया। विगत दिनों से चल रही स्वछता पखवाड़ा में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मौके पर समाज को स्वच्छ रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले क्षेत्र के स्वछता कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक के रामकृष्ण ने की। उन्होंने कहा की सीखने की कोई उम्र नहीं होती और हमें जीवन के सभी पड़ाव पर सीखते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी प्रेक्षा मिश्रा ने की। मौके पर एस गैवाल, ए के शर्मा, राजिब कुमार, ज्ञानेंदु चौबे, संजीत कुमार, सुजाता सहित श्रमिक प्रतिनिधि में जिप सदस्य ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह, राहुल कुमार विजय भोई, सुशील सिंह, संतोष ओझा, दीपक जी मौजूद रहें।


**District Magistrate cum Deputy · Commissioner, Ranchi**

(District Planning Office, Ranchi)
1 st floor, Vikas Bhawan, Ranchi-834001, E-mail id : ranchi.dpo@gmail.com Website :

**Corrigendum**

With regard to the very short EOI, PR No-327629, Ranchi (2024), for the project "Upgradation of education facilities with ITC labs, library, and Recreation Cum Learning Centers" in Government Schools of Ranchi the part of EOI will be amended/modified as per the following details.

| Clause No. | Publish Condition | Modified/Rectified Condition |
|---|---|---|
| 2.1.4 | Must submit Certificates and other relevant certifying documents for the proposed item(s) as demanded in the technical sheet. Bidder has to provide Bid Specific OEM Authorizationfor the products quoted in the bid. | Must submit the certificate ISO9001:2014/2015, ISO14001:20015, CE GMP, IEC 60904-1:2020 and other required certifying documents for the proposed item(s) as demanded in the technical sheet. Bidder has to provide Bid Specific OEM Authorization for the products quoted in the bid. |
| 2.1.7 | The OEM must have an fully functional office/Service Center based in the state. | The OEM/Bidder must have fully functional office/Service Center based in the state . Electricity bill/ rent agreement/property rent receipts to be produced |
| 2.3.g | Presentation (Understanding regarding the proposal)<br>- Action Plan<br>- Library Book List<br>- Colorful Catalogue with Specification& Brand<br>- Photos of Previous Similar Works<br>- List of Contents Covered in Audio-Visual Content | Presentation (Understanding regarding the proposal)<br>- Action Plan<br>- Library Book List<br>- Colorful Catalogue with Specification& Brand<br>- Photos of Previous Similar Works<br>- List of Contents Covered in Audio-Visual Content<br>- Demonstration with few samples |
| 2.3 Note | Note: Only Government work orders/work completion certificates to be considered for the evaluation of marks. For the private work orders/work completion certificates will only be considered if the work order has a valuation of at least Rs. 2 (two) crore. | Note: Government work orders/work completion certificates to be considered for the evaluation of marks. For the private work orders/work completion certificates will only be considered if the work order has a valuation of at least Rs. 2 (two) crore. |
| Section 4 4 | Solar Power Backup : 3 Kilo Watt | Solar Power Backup :3Kilo Watt (Off Grid System) |
| Section 4 5 | Quantity for Furniture for 3 computer: 3 | Quantity for Furniture for 3 computer : 1 |

**SECTION -03 (TECHNICAL BID)**

BOM LIST OF ITEMS AND THEIR SPECIFICATION will be modified –

**Technical Statement:** These are the minimum technical specifications required for the bid

| NO | REQUIREMENT | PARTICULARS | MINIMUM TECHNICAL SPECIFICATIONS | QTY |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Integrated Library | - MHM Library (with MHM wheel and MHM awareness IEC)<br>- Book Shelf Library (Min 200 books from science, social science, GK, fiction, local culture and arts etc.)<br>- Sex Education Library (with physical models and books for all the genders).<br>- Digital Librarywith audio visual learning material<br>- Chairs (Hard Plastic Fibre)-<br>- Magazine Rack<br>- Lower Table<br>- Jute Hanging Bag | Box cabinet to contain several IEC materials related to Menstrual Hygiene awareness. With UNICEF and WSSCC approved model<br>Body and Door Made of 0.8 mm thick (22 Gauge) Powder coated CRCA Sheet<br>• Back & Shelves made of 0.6 mm thick (24 Gauge) Powder coated CRCA Sheet<br>• Four shelves provided making 5 equal compartments for storage<br>IEC tools to create awareness about sexual and reproductive health<br>The size of the table will be 08 x 03 feet Metallic leg with wooden top | 01<br>200 Books<br>1 Book Shelf<br>Books & Toys (Min10)<br>100 Audio-Visual File<br>20<br>01<br>02<br>02 |
| 02 | Digital Entertainment Room | - 40" smart tv<br>-<br>- Movies/Documentaries/Science Fiction Stored in Data Storage Device.<br>- Bluetooth enabled Speaker<br>- Mic with mic stand | • Screen size – 40" or higher<br>• Brightness- 300cd/m2<br>• Contrast ratio -1100:1<br>• Dynamic Cr – 500000:1<br>Orientation – Landscape<br>40-inch LED smart TV, 4k ultra HD, 3840x2160 pixel resolution, 1.2 GB RAM, 8 GB internal memory, USB &Wifi connectivity,3 HDMI ports with installation and 3 year warranty.<br>Must be for educational, awareness, and entertainment purposes for the school students<br>Twin Speaker | 01<br>100 Audio Video files (Stored in 1024 GB Capacity<br>01<br>01,01 |
| 03 | Smart Class | - Digital Screen for 1 classroom.<br>- Voice enabled Speaker<br>- Audiovisual Content as per JSCERT/NCERT curriculum for class 6 to 8 students.<br>- Data Storage Device<br>- Handholding Support for first year. | - Type of screen – LED, Projector, Digital Smart Board, Interactive Pannel.<br>- Shall operate on voice command<br>- As per JSCERT/NCERT curriculum for class 6 to 8 students in Hindi & English language for Math, Science, English etc subjects.<br>- The content shall be accessible forever and offline.<br>- Capacity 128 GB<br>Handholding Support for 1 year and capacity building training for 3 staffs. | 01<br>01<br>Minimum 100 audio-visual chapters<br>01<br>1 Year |
| 04 | Solar Power Backup | 3kilowatt | As per MNRE/JREDA standards and guidelines.<br>**Solar PV**: Mono-Crystalline<br>**Structure**: Galvanised with 4 legs<br>**Battery**:120 AH (4 nos), Lead acetate, intra tubular<br>**Inverter**: Solar inverter 1000 Watts | 01 Unit |
| 06 | Indoor Game hub | - Minimum 15 indoor play equipment (Non electrical)<br>- carrom board, ludo, Chess etc. | - Shall be free from sharp edges, made up of good quality plastics/ metals.<br>- All items should be well coated with paints, enamels & protective coverings.<br>- Shall be rust-free.<br>- Must be installed and erected | 15 Indoor Games |

PRNO 328218 (Ranchi) 24-25

Sd/-
Deputy Commissioner,
Ranchi

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक शशिभूषण ने असम के सीएम का किया जोरदार स्वागत



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पूर्व मंत्री सह विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के रांची स्थित आवास पर असम के मुख्यमंत्री तथा झारखंड विस चुनाव के निमित्त भाजपा के सह प्रभारी हिमंता विश्व शर्मा से मुलाकात की। विधायक ने श्री शरमा को बुके देकर स्वागत किया। बताया कि झारखंड की धरती पर असम के मुख्यमंत्री के स्वागत का अवसर सान्निध्य से बहुत ही प्रफुल्लित हुआ। मौके पर झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजय भारती भी मौजूद थे।

### स्वर्णकार समाज को मजबूत बनाने पर जोर



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड स्तरीय स्वर्णकारों की बैठक में सतबरवा प्रखंड के स्वर्णकार उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से 17 सदसीय कोर कमेटी गठित की गयी। जिसमें पोंची गांव के अजीत सोनी और मुकेश सोनी दावेदार रहे। उन्होंने प्रखंड स्तर पर स्वर्णकार समाज को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में श्रवण सोनी, पिंटू सोनी, सत्येंद्र सोनी, उमेश सोनी, नंदलाल सोनी, नरेश सोनी, संजय सोनी, धीरज सोनी, अजय सोनी, सुरेंद्र सोनी भी थे।

### कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है पीएम के मन की बात : विधायक



**पाटन पलामू।** पीएम मोदी के मन की बात प्रखंड के सभी बूथों पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने सुनी। मौके पर पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, भाजपा नेता अशोक तिवारी समेत कार्यकर्ताओं ने मन की बात सुनी। विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम से लोगों को सीख लेने की जरूरत है। पीएम की हर बात भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है।

### राज्यसभा सांसद संजय झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई



**पाटन पलामू।** राज्यसभा सांसद संजय झा को जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर पलामू जदयू कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि संजय झा के नेतृत्व में जदयू पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन करेगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव मजबूती के साथ पार्टी लड़ेगी। बधाई देने वालों में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, चिंटू मेहता, सुरेंद्र यादव, रितेश पांडे, अवध किशोर सिंह, देवेंद्र प्रसाद, राजपति प्रजापति, मुकेश शुक्ला, सचिन मेहता शामिल हैं।

### बीआरपी-सीआरपी की लंबित मांग पारित



**मेदिनीनगर।** बीआरपी सीआरपी महासंघ झारखंड की चिर परिचित मांग एवं लंबे संघर्ष के बाद चंपई सोरेन सरकार ने 28 जून को कैबिनेट में बीआरपी–सीआरपी की सेवा शर्त नियमावली एवं मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव को पास कर दिया। जिस प्रस्ताव को पूर्व शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो ने शुरू किया था उसका कैबिनेट से पास होना संघ के लिए निकट भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। महासंघ के अध्यक्ष पंकज शुक्ला एवं महासचिव अमर खत्री ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार एवं झामुमो का आभार जताया है। मौके पर केंद्रीय सचिव जय नंदन प्रसाद, जितेंद्र सिंह, कन्हाई अग्रवाल, निरंजन सिंह, पलामू जिलाध्यक्ष किशोर दुबे, प्रभात रंजन दुबे, संतोष सिंह, चंदन कुमार, संजय रजक आदि थे।

### बीडीओ ने किया आवास का निरीक्षण



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद रविवार को प्रखंड के भंडार पंचायत पहुंचे। जहां पंचायत को आवंटित निर्माणाधीन अबुआ आवास का निरीक्षण किया। आवास की वास्तविक स्थिति को देख अविलंब निर्माण कार्य पूरा करने की बाते कही। कई लाभुकों ने फाउंडेशन भी नहीं किया है। वहीं कई ने फाउंडेशन या डोर लेवल तक काम किया है। लाभुकों को कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा एक माह के अंदर निर्माण कार्य पूरा करें।

### मतदाता सूची का पन्ना सत्यापन



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने रविवार को शहरी क्षेत्र नप के सबौना में मतदाता सूची का पन्ना सत्यापन (होम टू रोल वेरिफिकेशन) किया। जहां घरों में पहुंच मतदाता सूची से संबंधित जानकारी ली। कहा कि मतदाता सूची में अगर किसी का नाम अभी तक शामिल नहीं किया गया हो तो उसे शामिल करें। पन्ना सत्यापन को ले विभागीय पत्रांक 1871 दिनांक 27 .06 .2024 से निर्देश प्राप्त है। जिसके तहत बीएलओ व सुपरवाइजर के द्वारा शहरी क्षेत्रों के सभी घरों का भ्रमण कर मतदाता का शत–प्रतिशत सत्यापन किया जाना है।

### अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने निकाला जुलूस




**सतबरवा।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा प्रखंड इकाई ने रविवार को अपनी मांगों के समर्थन में प्रखंड अध्यक्ष ललन साहू के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के कई शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान झारखंड सरकार होश में आओ, सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा जिंदाबाद तथा हमारी मांगें पूरी करो के नारे लगाये गये। प्रखंड अध्यक्ष ललन साहू ने बताया कि वर्तमान सरकार ने चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में वेतनमान सहित अन्य मांगें पूरी करने की बातें कही थी।

# पांकी स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी : डॉ शशिभूषण

- नीलांबर पीतांबरपुर सीएचसी में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की। बैठक में अस्पताल के बाहर दुकान बनाने कई आवश्यक निर्णय लिए गए। अस्पताल में एक्स-रे संयंत्र के अधिष्ठापन का निर्णय लिया गया। पांकी विधायक ने कहा कि मॉड्यूलर ओटी, प्रसव कच्छ तथा डॉक्टर एवं एएनएम रूम को अपग्रेड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए प्रयासरत हैं।

प्रभारी चिकित्सा प्राधिकारी ने अस्पताल के कई आवश्यक जगह पर ऐसी लगाने का प्रस्ताव लाया, जिसे पारित किया गया। अस्पताल का सुंदरीकरण एवं आय संवर्धन के लिए अस्पताल परिसर के बाहर खाली पड़े जमीन पर विधायक निधि से दुकान एवं सामुदायिक शौचालय बनवाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा के साथ कुपोषण उपचार केंद्र बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रमुख सुनील पासवान, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन, बीपीएम राजकुमार सिंह, बैम मोहम्मद शकीरा, डॉ रेशु रंजन, डॉ अरुण चंद्र मोहन्ता राजीव रंजन, प्रवीण कुमार मौजूद थे।

# राज्य सरकार की नाकामी से चार वर्षों से लटकी हैं सिंचाई योजनाएं : विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की बैठकें सिर्फ और सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं। एक तरफ सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करने का आदेश दिया जाता है, वहीं पांकी विधानसभा क्षेत्र पांकी, जहां की शत-प्रतिशत जनता कृषि कार्य पर आश्रित है। वहां की पिरी, चाको, सोनरे सिंचाई परियोजनाओं को पिछले चार वर्षों से लटका कर रखा गया है। राजनीतिक विद्वेष का जीवंत उदाहरण है इतने महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं करना। आने वाले समय में जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होगी तब इन सिंचाई परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। अन्नदाता किसानों को राज्य के इस भ्रष्ट सरकार के पक्षपात को समझने की आवश्यकता है। परंतु इनका यह भ्रष्टाचार और लटकाना-भटकाना बहुत दिनों का मेहमान नहीं है। पांकी विस क्षेत्र की जनता झारखंड के गठबंधन सरकार के चाल चरित्र को समझ चुकी है।

### विधायक डॉ मेहता ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने चायबागान, नामकुम (रांची) स्थित बूथ में प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की प्रथम मन की बात से बहुत कुछ सिखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा की एक कर्मयोगी की मन की बात अनुकरणीय है। इससे भाजपा कार्यकर्ताओं को सीख लेने की जरूरत है।

# आदिवासियों की जमीन से कोई लेना देना नहीं हैं : आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्य स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के सेमरा पंचायत के टोला लोहरसीमी में क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया की जमीन है, जिस पर विधायक आलोक चौरसिया पेट्रोल पंप के लिए निर्माण कार्य करा रहे थे। इसे लेकर लोहरसीमी के लालेश्वर सिंह चेरो ने विरोध करते हुए कहा कि जमीन मेरा है इस जमीन पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं करने देंगे। अमलेश चौरसिया ने कहा कि हम लालेश्वर सिंह चेरो का खाता संख्या 94,प्लॉट 320, रकबा 10 डिसमिल जमीन पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। वह गलतफहमी में नहीं रहे उनका जमीन सुरक्षित है और सुरक्षित रहेगा। मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई भी कार्य उनका जमीन पर नहीं किया जा रहा हैं उनका हक और अधिकार उनके पास सुरक्षित है और के बहकावे में आकर अनाप-सनाप बयान दे रहे हैं जबकि सच्चाई यह है कि उनका जमीन खाली पड़ा है। जिला परिषद सदस्य फेजायल अहमद ने कहा कि यह जमीन ब्राह्मणों का था और ब्राह्मण लोगों से नेउरा निवासी जूनाब अंसारी ने खरीदा था जिससे कि क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने खरीदा है। जहां तक जानकारी है कि यह जमीन ब्राह्मणों की थी और जोत कोड़ भी हमेशा उन्हीं का रहा है यह जमीन बेलगान था जिसका लगान आजादी के बाद से ब्राह्मण लोग सरकार को मालगुजारी देते आ रहे हैं और रजिस्टर टू में भी नाम उन्हीं का अंकित है और रसीद भी उनका शुरू से उनके नाम से कटते आ रहा है, अगर आदिवासियों का जमीन है तो वे कागजात दिखायें ऐसे ही अनाप-शनाप बयान नहीं दे। सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत भुइयां ने कहा कि जमीन ब्राह्मणों का है और ब्राह्मण लोग शुरू से ही इस जमीन पर खेती करते आ रहे हैं और उनके पास सारा दस्तावेज उपलब्ध है और उन्हीं लोगों ने इस जमीन का बिक्री जूनाब अंसारी से कर दिया था। जूनाब अंसारी भी दो से तीन वर्ष तक इस जमीन पर जोत कोड़ किया।

### सेवा सदन अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन

# रक्तदान करने से शरीर में नयी ऊर्जा का संचार : महासचिव सुरेश जैन

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन के सौजन्य से रविवार को सेवा सदन अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कई लोगों ने रक्तदान कर सभी लोगों को रक्तदान कर संकट में दूसरों की जिंदगी बचाने की अपील की। इसके पूर्व शिविर का शुभारंभ सेवा सदन के महासचिव सुरेश कुमार जैन, डा श्याम बिहारी महतो, डा रघुवंश नारायण सिंह, डॉ विकास चंद्र अग्रवाल, स्टेट मोटिवेटर दुर्गा जौहरी, कोषाध्यक्ष प्रदीप केजरीवाल, ब्रजेश तिवारी आदि की मौजूदगी में संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य द्वारा 74वीं बार रक्तदान कर किया गया।

सेवा सदन के महासचिव सुरेश कुमार जैन ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। इससे शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। सभी लोगों को रक्तदान करना चाहिए। सेवा सदन के वरिष्ठ सदस्य डा श्याम बिहारी महतो ने रक्तदान को महादान बताते हुए सभी को रक्तदान करने की अपील की। डा आरएन सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवन दान के समान है और यह दान करना पुण्य का काम है। डॉ विकास चंद अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान की अहमियत का पता तब चलता है जब किसी अपने को रक्त की जरूरत पड़ती है। इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। सेवा सदन के संयुक्त सचिव सौमित्रो भट्टाचार्य ने कहा कि जरूरतमंदों को रक्तदान कर उसे जीवन दान दें। मौके पर आत्रेयी भट्टाचार्य, डा सुमित कुमार, प्रदीप केजरीवाल, कृष्णकांत ओझा, सुमित वर्मा भी थे।

# सिविल सर्जन ने हरिहरगंज छतरपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया

खबर मन्त्र संवाददाता

- अव्यवस्था देख उड़े होश सीएस ने हरिहरगंज प्रभारी को हटाया
- बीपीएम और स्टोर कीपर से स्पष्टीकरण मांगा
- जनहित में घोर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं : सिविल सर्जन डॉ अनिल



**मेदिनीनगर।** सिविल सर्जन डा अनिल कुमार हरिहरगंज व छतरपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण शनिवार को किया। वे जब हरिहरगंज पहुंचे तो सीधे दवा भंडारण कक्ष में जाकर दवा की सही स्थिति का आकलन होते हुए एंटी स्नेक भायल की जांच की। इस दौरान पाया कि 180 भायल दवा फ्रिज में न रखकर आलमीरा पर रखा हुआ है। जबकि एंटी स्नैक की दवा को दो से आठ डिग्री के तापमान में रखना है। वहीं दवा खुले रूप से 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी रूम के अंदर आलमीरा में रखे जाने पर इससे सिविल सर्जन के होश उड़ गये। जब उन्होंने प्रभारी से इस संबंध में पूछताछ किया तो उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि वे रांची गये हुए हैं। वहीं स्टोर कीपर भी उपलब्ध नहीं था।

# लोकपाल शिवशंकर प्रसाद ने की महुलिया में योजना की स्थलीय जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

- महुलिया में मनरेगा से संचालित टीसीबी योजना में फर्जी राशि निकासी का मामला



**पाटन पलामू।** प्रखंड के महुलिया में मनरेगा अंतर्गत संचालित टीसीबी योजना में लाभुक छोटू सिंह द्वारा लगाए गए 80 हजार रुपए की फर्जी निकासी व प्रखंड स्तरीय जांच टीम के गलत रिपोर्ट देने के आरोप पर लोकपाल शिवशंकर प्रसाद ने योजना की स्थलीय जांच की। इस दौरान योजना स्थल पर मनरेगा जेई, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया पति हित नारायण सिंह व शिकायत कर्ता छोटू सिंह मौजूद थे। लोकपाल ने जांच में पाया कि लाभुक छोटू सिंह वर्क कोड IF/02889892 के नाम से एक ही योजना (1एकड़) का संचिका खोला गया लेकिन दो योजना के पैसा की निकासी कर ली गयी है। वहीं रोजगार सेवक एक और अन्य योजना टीसीबी को छोटू सिंह का बता रहा था, लेकिन इसकी ऑनलाइन जांच की गयी तो वह योजना अमर सिंह वर्क कोड आइएफ/ 02838170 व वर्क कोड आइएफ/ 02981214 के नाम से अंकित है।

### भाजपाइयों ने शक्ति केंद्र बूथों पर सुनी मन की बात



**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज विस क्षेत्र के मेदिनीनगर शहर वार्ड नंबर 2 शक्तिकेंद्र बूथ सं. 157 158 159 पर पीएम मोदी के मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। मौके पर भाजपा झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, भोला सिंह, शिव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र उपाध्याय, छोटू सिन्हा, राजहंस अग्रवाल, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता व अन्य कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुनकर इसे आत्मसात करने का संकल्प लिया। कहा कि पीएम के मन की बात आमजनों के लिए भी अनुकरणीय है।

### अलग-अलग मामलों के सात फरार वारंटी गिरफ्तार



**हरिहरगंज पलामू।** पुलिस ने अलग–अलग मामले के 7 फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि तीन प्राथमिक अभियुक्त न्यू एरिया हरिहरगंज मोहल्ला निवासी बादल कुमार, मनीष शर्मा उर्फ आकाश और उसके पिता मनोज ठठेरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकि कांड संख्या 131/ 2022 के प्राथमिक अभियुक्त रामजी राम, उद्धेश्वर विश्वकर्मा तथा प्रमोद विश्वकर्मा उक्त तीनों ढाब कला निवासी तथा कोकरो गांव निवासी फरार वारंटी मनीष कुमार सिंह उर्फ मृदुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# ग्रामीणों को दी गयी कानूनों और अधिकारों की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

- विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार व अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रचलित कर किया। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर का उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से अपना ही नहीं बल्कि अन्य लोगों का जीवन स्तर में सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में ही हम अपने अधिकार से वंचित होते हैं। अन्याय के विरुद्ध हमें आवाज उठाना होगा।



### बनुआ में वज्रपात से दुधारू गाय की मौत

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारुडीह पंचायत के बनुआ में शनिवार को शाम 4:30 बजे वज्रपात से लालमति देवी पति सुनील कुमार महतो के दुधारू गाय की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि झाला में गाय बांधा हुआ था। झमाझम वर्षा हो रही थी इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से मौके पर ही गाय की मौत हो गयी।

# नावा बाजार में विहिप-बजरंग दल के प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड के कांडा पंचायत मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। प्रखंड अध्यक्ष राजबली के साथ साथ प्रखंड के सैकड़ों कार्यकताओं ने इस प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण तीन सत्रों में लगभग चार घंटे तक चला।

प्रशिक्षण देने के लिए विहिप पलामू विभाग के संगठन मंत्री विजय यादव, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, अधिवक्ता, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप गुप्ता, जिला बजरंग दल सह संयोजक हिमांशु पांडेय तथा जिला बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप मौजूद थे। इस दौरान बैठक प्रारंभ करने की विधि, ॐ कार पाठ, एकात्मत्का मंत्र, विजय महामंत्र, अधिकारी परिचय, पुष्पांजलि और शांति पाठ का विस्तार से अभ्यास कराया गया।

### जानकारी के अभाव में बच्चे हुए परीक्षा से वंचित



**मोहम्मदगंज पलामू।** जैक द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा रविवार को प्रखंड क्षेत्र के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय और आर के +2 रहमानिया उवि तारा परीक्षा केंद्र पर ली गयी। स्तरोन्नत उवि मोहम्मदगंज के केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा केंद्र में 499 परीक्षार्थियों में 291 उपस्थित और 208 अनुपस्थित रहे। आरके +2 रहमानिया उवि तारा के केंद्राधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र में 330 परीक्षार्थियों में 142 उपस्थित और 188 अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा 8वीं पास विद्यार्थियों की ली गयी। परीक्षा में ज्यादा संख्या में परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति पर विभिन्न विद्यालय के शिक्षक विभागीय अधिकारियों पर तो विभागीय अधिकारी शिक्षक एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने में लग गये हैं।

# पलामू के साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण

## पुस्तक में प्रकृति की सौंदय के साथ जुड़ी समस्या भी है वर्णित : नामधारी

खबर मन्त्र संवाददाता



पुस्तक के लोकार्पण के मौके पर उपस्थित अतिथि।

**मेदिनीनगर।** पलामू के वरिष्ठ साहित्यकार प्रो सुभाषचंद्र मिश्रा की पुस्तक कोयल की धारा का लोकार्पण स्थानीय जेएमपी कॉम्पलेक्स में झारखंड के प्रथम विधान सभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पूर्व मेयर अरुणा शंकर और प्रो केके मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्षता प्रो दयाशंकर श्रीवास्तव ने की जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि कोयल नदी पलामू का श्रृंगार है। सुभाष मिश्रा ने अपनी पुस्तक में प्रकृति के सौंदर्य के साथ-साथ इससे जुड़ी समस्याओं को भी दिखाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है इसे इस पुस्तक ने चरितार्थ किया है। पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि पलामूवासियों के लिए इसकी पवित्रता गंगा और नर्मदा से कम नहीं है। पुस्तक में कोयल को बांधने की इच्छा जतायी गयी है। हम कोयल को जगह-जगह बांधकर पलामू की प्यास बुझायेंगे। पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल की धारा पढ़कर हम सबको इसे पवित्र और स्वच्छ रखने की शिक्षा मिलेगी । प्रो केके मिश्रा ने कहा की कोयल की धारा एक यात्रा वृतांत नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है जिसे ध्यान से समझने की आवश्यकता है। जीवन का प्रारंभ और विकास नदी की ही भांति होता है। कवि राकेश कुमार, साहित्यानुरागी आलोक तुलस्यान, कलाकार प्रेम भसीन, कवि हरिवंश प्रभात, समाजसेवी अविनाश देव आदि भी मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत मिलने पर झामुमो पाटन प्रखंड अध्यक्ष ने लोगों में बांटी मिठाई

- झामुमो नेताओं ने जुलूस निकालकर मनाया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता



एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाते झामुमो कार्यकर्ता।

**पाटन पलामू।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोर्ट से जमानत मिलने पर झामूमों नेताओं ने जुलूस निकालकर जश्न मनाया। प्रखंड के प्रखण्ड कार्यालय से होते हुए पाटन चौक तक जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह ने कार्यकर्ताओं व आमलोगों के बीच मिठाई बांटी। इस मौके पर पूर्व पलामू सांसद प्रत्याशी ममता भुइयां भी थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने किया।

प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा के मंसूबा नाकाम हो गया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर बाहर आ चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के बाहर आने पर सभी पाटन चौक पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मना रहे हैं। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का षड्यंत्र नाकाम हो चुका है। हेमंत सोरेन को भाजपा ने राजनीतिक मुद्दत से दूर रखने के लिए जेल भेजा था।

पूर्व सांसद प्रत्याशी ममता भुईया ने कहा कि आज सत्य की असत्य पर जीत हुई है। न्यायालय के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को जमानत मिले हैं। इसी की खुशी में पाटन चौक पर मिठाई बाटी जा रही है। पूरे झारखंड से भाजपा को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमा सिंह, बाल देव भुइयां, बीस सूत्री सदस्य इस्तेखार अंसारी, माले के रविंद्र भुइयां, राजद प्रखंड प्रखंड अध्यक्ष रहमतुल्लाह अंसारी समेत कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानसून के दस्तक के साथ ही खुली बिजली व्यवस्था की पोल

## 24 घण्टे से बिजली गुल, जनजीवन प्रभावित, जरूरी काम भी ठप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** शनिवार की दोपहर बाद चंदवा में मानसून के दस्तक देने के साथ ही चंदवा की जर्जर और लचर बिजली व्यवस्था की पोल खुल गयी। बारिश के बाद शनिवार देर शाम से ही चंदवा की बिजली गुल हो गई है।

लातेहार व लोहरदगा से चंदवा विद्युत सब स्टेशन तक 33 हजार केवीए व शहर में 11 हजार वोल्ट के तार में कई स्थानों पर फॉल्ट होने की बात सामने आने के बाद देर रात्रि से विभाग की टीम फॉल्ट को ढूंढ कर ठीक करने की कवायत में जुटे रहे लेकिन घंटो मसक्कत के बाद भी शनिवार की रात्रि बिजली बहाल नहीं हो सकी, वहीं रविवार की सुबह कुछ देर के लिए बिजली बहाल हुई लेकिन फिर से बिजली फॉल्ट हो गई व रविवार को भी दिनभर चंदवा में बिजली गुल रही। बिजली के बाधित रहने से पूरा चंदवा प्रखंड ब्लैक आउट रहा, आम लोगो के रोजमर्रा की जरूरतो एवं बिजली संचालित सारे व्यवसाय व उपकरण ठप पड़ गए, जिस कारण लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। इधर लचर बिजली व्यवस्था को लेकर चंदवासियों में भारी रोष देखने को मिला। लोगों ने कहा कि चंदवा शहर में कई स्थानों पर 11000 का तार व पूरे शहर में एलटीई तार के कवरिंग नही होने के कारण तार पूरी तरह से जर्जर है, आए दिन हल्की बारिश व हवा चलने के बाद बिजली फाल्ट हो जा रही है और लोगों को घंटे बिन बिजली के रहना पड़ रहा है। विभाग तत्काल पहल कर इस समस्या का समाधान निकाले। इधर खबर लिखे जाने तक चंदवा में बिजली बहाल नहीं हो पाई थी, विभाग की टीम फॉल्ट को ढूंढने में लगी हुई थी।

### मानसून की पहली बरसात के बाद खेती की तैयारी में जुटे किसान

# खाद, बीज व कृषि उपकरणों की खरीदारी को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** इस वर्ष चंदवा में मानसून ने लगभग एक पखवारा देर से दस्तक दी है। बारिश के इन्तेजार में बैठे किसान मानसून प्रवेश के बाद काफी खुश नजर आ रहे है व खेती बारी की तैयारी में जुट गए है। रविवार को चंदवा बाजार में रौनक देखने को मिली। कृषि सामग्री वितरण के लिए प्रसिद्ध अन्नपूर्णा बीज भंडार में किसान की भारी भींड देखने को मिली, किसान अपने अपने जरूरत के मुताबिल धान, मक्के के बीज, खाद समेत कृषि सामग्री की खरीदारी करते देखे गए।


दुकान में खरीदारी करते किसान

**50 प्रतिशत सब्सिडी पर धान बीज खरीदने को लेकर उमड़ रहे किसान :** इधर झारखंड सरकार द्वारा बीज विनिमय एवं वितरण योजना के तहत 50 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध उन्नत किस्म के धान बीज की खरीदारी को लेकर किसान उमड़ रहे है। अन्नपूर्णा बीज भंडार चंदवा में चंदवा प्रखण्ड विभिन्न क्षेत्रों के किसानों के साथ साथ लातेहार, बालूमाथ व अन्य क्षेत्रों के किसान भी बीज की खरीदारी के लिए पहुंच रहे है। अन्नपूर्णा बीज भंडार के संचालक अंकित कुमार ने बताया कि धान बीज की खरीददारी में किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार के द्वारा 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर किसानों के बीच धान बीज उपलब्ध कराए जा रहा है। किसानों के लिए 6444 धान 185 रुपये प्रति किलो, 8433 डीटी 210 रुपये प्रति किलो व 6129 गोल्ड 175 रुपये प्रति किलो की दर सरकार द्वारा किसानों के लिए निर्धारित की गई है। 6444 व 8433 डीटी धान एक नम्बर खेत के लिए एवं 6129 गोल्ड धान 2 व 3 नम्बर की खेत के लिए उपयुक्त है। किसान उक्त योजना का लाभ उठाकर अन्नपूर्णा बीज भंडार से धान बीज की खरीददारी कर सकते है। इन्होंने उक्त योजना का लाभ लेने के लिए किसानों से आधार कार्ड की प्रति साथ लाने की अपील की है।

## झामुमो जिला कमिटी का विस्तार

**गढ़वा।** झामुमो जिला कमिटी का विस्तार किया गया है। चार नये लोगों को जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इनमें कार्तिक पांडेय - रंका, सइयद गुलाम हुसैन - गढ़वा, संदीप गुप्ता - बड़गड़ तथा रमेश चंद्रवंशी - श्री बंशीधर नगर का नाम शामिल है। उन्हें जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को अपने आवास पर सम्मानित कर बधाई दिया। इन सभी नये पदाधिकारियों को पार्टी के प्रति सच्चे मन और लगन से काम करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर ने भी शुभकामनाएं दी। नये पदाधिकारियों ने कहा कि वे सभी पार्टी के कार्यों को सच्ची निष्ठा एवं लगन से करेंगे। पार्टी के सभी लोगों से मिलजुल कर पूरी इमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन करेंगे। सभी ने नये पद की जिम्मेदारी मिलने पर मंत्री श्री ठाकुर एवं पार्टी के अध्यक्ष एवं सचिव के प्रति आभार व्यक्त किया है। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न


परीक्षा देते छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 के परिक्षा के लिये बनाए गये चार परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय बारियातू मे मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 ( सीएम एमएसएसआई ) की परिक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त संपन्न हुई। केन्द्राधीक्षक अनिल कुजुर ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा केंद्र परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय बारियातू मे 23 विद्यालयों के अष्टम वर्ग के 600 विद्यार्थियों के लिए परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू को परिक्षा केंद्र बनाया गया था। जहाँ परीक्षा मे 600 परिक्षाथीयों मे से 494 परिक्षार्थी ही परिक्षा में सम्मिलित हुए. वहीं 106 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय छाताबार ( गोनिया ) 180 परिक्षाथीयों मे 159 सामिल हुए व 21 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटी मे 150 परिक्षाथीयों मे 113 शामिल हुए जबकि 37 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परिक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराने में केन्द्राधिक्षक नागेन्द्र प्रसाद ,शिवशंकर कुमार, विक्षक अजय बैठा, लालचंद पासवान, रमेश कुमार सिंह, संजय रजक, लीली सुशिला कुजुर, रामाधार प्रसाद गुप्ता, द्वारिका राम, रामशीष राम, मो.कलिम व अन्य विक्षको ने सराहनीय योगदान दिया।

### राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के द्वितीय प्रवेश परीक्षा में

## सफल हुए सुदूर गांव के आजाद शेखर दीपांशु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहेया ग्राम निवासी आजाद शेखर दीपांशु पिता राजू रामवृक्ष लोहरा माता का नाम अमिता लोहरा स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला के छात्र राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के द्वितीय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफल होकर क्षेत्र का नाम रौशन किया।


आजाद शेखर दीपांशु

अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला विद्यालय रांची कैंपस में संचालित राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम में सफल होकर दिवस दीपांशु ने क्षेत्र का नाम रौशन किया। दीपांशु ने कहाँ लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा की व्यवस्था किया जाता है मैं पढ़कर न्यायाधीश बनने का लक्ष्य रखा हूँ। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से अपने सपनों को साकार करने के लिए राजकीय आकांक्षा कार्यक्रम में सफल प्रतिभागी आजाद शेखर दीपांशु 2024- 26 के सत्र में आकांक्षा जैसे बेहतरीन सुविधा में क्लेट चयन कर न्यायपालिका क्षेत्र में उच्च स्तरीय वकील या न्यायाधीश बनने का लक्ष्य को लेकर दिनांक 27 जून 2024 को निर्धारित तिथि के अनुसार परिजनों के साथ नामांकन करवाया। इस तरह के बेहतर शैक्षणिक सुविधा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता पा रहे शोषित पीड़ित वंचित गरीब लोहरा अनुसूचित जनजाति परिवार के छात्र-छात्राओं के सफलता से उनके परिवार समाज समुदाय में एक विशेष प्रेरणा और उम्मीद के किरण दिख रही है। आने वाले भविष्य में राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा संचालित आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के संस्थानों में प्रतियोगिता से सफलता अर्जित कर अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए अपना और अपने समाज गांव से प्रखंड और जिला का नाम रौशन करें ऐसा आशा जगी है। राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय नेतरहाट विद्यालय केंद्रीय विद्यालय इंदिरा गांधी विद्यालय कस्तूरबा विद्यालय सैनिक सहित मेघा छात्रवृत्ति आकांक्षा कार्यक्रम साथ ही सीसीएल के लाल और लाडली जैसे अनेक शैक्षणिक संस्थान उपलब्ध है परंतु समय पर जानकारी के अभाव में कई गरीब के होनहार बच्चे वंचित रह जाते हैं.सजग और सक्रिय शिक्षकों के प्रयास से वंचित गरीब बच्चे विद्यालय में ही नामांकन कर पाते हैं। आजाद शेखर दीपांशु के पिता राजू रामवृक्ष लोहरा माता अमिता लोहारा और उनके समाज उज्जवल भविष्य की कामना किया. उक्त संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थी दो वर्ष में यदि बेहतर लगन मेहनत से प्रतिवर्ष प्रदत्त सुविधा नियम का अनुपालन करते हुए भविष्य सुरक्षित और सफल कर लेते हैं तो देश और राष्ट्र सेवा के लिए अपना योगदान प्राप्त करने का अवसर प्राप्त करने का मौका मिलता है। इसके पूर्वी स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला विद्यालय से दो छात्र-छात्राएं आकांक्षा कार्यक्रम में अध्यनरत हैं।

## कांडी में मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन


परीक्षा देते बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिसमें 549 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 800 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी परीक्षा केन्द्र पर 442 विद्यार्थी परीक्षा लिखे, जबकि 545 अनुपस्थित रहे। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी परीक्षा सेंटर पर 107 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 255 अनुपस्थित रहे। केंद्राीक्षक ललन राम व परीक्षा प्रभारी राम प्रसाद पाठक ने बताया कि आज की आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद ने दोनों ही परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

वीक्षण कार्य मे शिक्षक राजेश कुमार दुबे, शम्भू मेहता, जगरनाथ मेहता, श्रवण विश्वकर्मा, िनन्जय कुमार गुप्ता, सरिता कुमारी, रेणु कुमारी, मंजू कुमारी सहित कई अन्य शामिल थे।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की रोमांचक जीत के बाद जश्न में डूबा चंदवा


विजेता टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** वेस्टइंडीज के बारबाडोस में भारतीय समयानुसार शनिवार की देर रात्रि टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को 7 रनों से पराजित कर वर्ल्ड चैंपियन बना। भरतीय टीम के द्वारा 13 वर्षों के लंबे इंतजार से आईसीसी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतने के बाद पूरा चंदवा प्रखंड जश्न में डूब गया।

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में जीत के बाद जीत देर रात्रि से ही लोग जश्न में डूब गए और जमकर आतिशबाजी की।

# आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान का याद दिलाता है हूल दिवस : मंत्री मिथिलेश

### हूल दिवस पर मंत्री ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, किया शत-शत नमन


शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** हूल दिवस के मौके पर गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा के कल्याणपुर स्थित आवास पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 जून को नई क्रांति की शुरूआत हुई थी। हजारों लोग एक सूत्र में बंधे थे और अंग्रेजों को भगाने की योजना बनी थी। इसलिए पूरे देश में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस दिन आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है। जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। 30 जून को प्रति वर्ष हूल दिवस मनाकर इन महान क्रांतिकारियों का नमन किया जाता है। मंत्री ने कहा कि 30 जून 1855 को मौजूदा साहिबगंज जिले के भोगनाडीह गांव में वीर सिद्धो - कान्हो, चांद - भैरव के नेतृत्व में 400 गांव के समागम में 50 हजार लोगों ने अंग्रेजी हुकूमत से आमने-सामने जंग का ऐलान किया था। साथ ही मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का जोर से ऐलान किया गया था। अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों के सामने सिद्धो - कान्हो की तीर कमान वाली सेना टिक नहीं पाई। सिद्धो को अगस्त 1855 में पड़कर पंचकठिया नामक स्थान पर बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई। जबकि कान्हो को भोगनाडीह गांव में फांसी दी गई थी।

हूल दिवस पर सिद्धो - कान्हो, चंद- भैरव, फूलो - झानो सहित सभी अमर बलिदानियों को शत नमन है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने शहीदों को नमन करते हुए राज्यवासियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने ने कहा कि उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप अध्यक्ष शांति देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, शरीफ अंसारी, फुजैल अहमद, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, अराधना सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हुल दिवस पर सिद्धू कान्हु को किया गया याद


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई

**कांडी।** भाजपा कार्यालय कांडी में रविवार को हुल दिवस के अवसर पर संथाल के क्रांतिकारी सिद्धू कान्हु को याद किया गया। लोगों ने झारखंड के महान क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सिद्धू का जन्म 1855 तथा कान्हू का जन्म 1820 में भोगनाडीह नामक गांव में आदिवासी परिवार में हुआ था जो आज झारखंड के साहेबगंज में है। संथाल हुल क्रांति की अगुआई में सिद्धू कान्हु के साथ साथ उनके अन्य दो भाई चांद भैरव और इनकी दो बहनों फूलो चानो ने अंग्रेज सैनिकों को लोहा मनवाया। अंत में उनको अलग जिला देना पड़ा। उनका नारा था करो या मरो अंग्रेजों मेरी मिट्टी छोड़ो। इस दौरान किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे ने ऐसे क्रांतिकारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर शशि रंजन दुबे, शिव प्रसाद पांडेय, संजय प्रसाद, जगरनाथ मेहता, ललन पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### मवेशी के हमले से दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में मवेशी के हमले से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नूर जहां 60 वर्ष पति सफीक कुरैशी नूर मोहल्ला थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के पास खड़ी थी इसी दौरान एक मवेशी ने उसपर हमला जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गाय दुहने के दौरान गाय द्वारा हमला कर दिए जाने से मदन गंझु 42वर्ष पिता दशरथ गंझु ग्राम जोगियाडीह थाना बालूमाथ निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा मदन गंझु को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसका इलाज डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर रविवार को बालूमाथ पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। मकईयाटांड पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर के नेतृत्व में चलाये गए जांच अभियान में दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट और कागजात की मांग की गई। कागजात नहीं दिखाये जाने पर उनकी गाड़ियों को जब्त कर अग्रेतर कारवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेज दिया गया। जानकारी देते हुए पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर ने बताया की एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के तहत लातेहार एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे गाड़ियों के पेपर साथ हेलमेट की भी जांच किया जा रहा है। वाहन जांच अभियान में मकईयाटांड पिकेट के आईआरबी के जवान विनोद कुमार सोनू केरकेटा, संतोष कुमार, प्रफुल मिंज समेत लोग शामिल थे।

### वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला घायल एवं दो मवेशी की हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सीरम पंचायत में वज्रपात की चपेट में आने से बुढ़िया मासोमत पति स्व. निर्मल भगत गम्भीर रूप से घायल हो गयी। वहीं सीरम ग्राम के बांडीडेरा टोला निवासी किसान बीरेंद्र टाना भगत की वज्रपात की चपेट में आकर दो मवेशी की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा दोनों पीड़ितो के घर पहुंच घटना की जानकारी लिया और सरकार से पीड़ितो को उचित मुआवजा देने की मांग किया। मौके पर मुखिया रोहनी देवी, समाजसेवी पूनम कुमारी, मंटू मुंडा, राजेश भगत, शत्रुघन टाना भगत, रवि भगत, रुन देवी, अनिमा देवी, अनीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### टोरी में ट्रेन के चपेट में आने से महिला की मौत, जांच में जुटी रेल पुलिस

**चंदवा।** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 3 के समीप रविवार की सुबह लगभग 8 बजे ट्रेन के चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना पोल संख्या 185-16 के पास बताई जा रही है। ट्रेन की चपेट में महिला के आने की सूचना के बाद टोरी आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची व शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर आवागमन सुचारू कराया व घटना की जानकारी जीआरपी बरकाकाना को दी। इसके बाद बरकाकाना से जीआरपी के टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतका कौन है कहां की है इसकी पहचान नहीं हो पायी थी। मृतका हरा कलर की साड़ी व लाल कलर की ब्लाउज पहनी हुई है। जीआरपी की टीम महिला की मौत दुर्घटना में हुई है या फिर आत्महत्या की है इसकी जांच में जुटी है।

### सामूहिक अवकाश को लेकर बीडीओ को दिया गया आवेदन

**मझिआंव।** प्रखंड अंतर्गत सभी मनरेगा कर्मियों ने दो जुलाई को सामूहिक अवकाश के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत को आवेदन दिया है। आवेदन कर्ता कर्मी प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जेई अखिलेश तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नरेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार शर्मा, प्रेम कुमार राम, सुधीर पांडेय, सुरेश राम, उदय प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर धीरेंद्र राम का नाम शामिल है। सभी कर्मचारियों ने उक्त आवेदन में उल्लेख किया है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के तत्वावधान में सेवा स्थाईकरण एवं वेतनमान की मांग की पूर्ति के लिए दिनांक 2 जुलाई को वादा निभाव कार्यक्रम के तहत पद यात्रा एवं मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए सामूहिक अवकाश के लिए निर्णय लिया गया है।

### मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा संपन्न

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत राज्यकीय मय विद्यालय केतार में मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा संपन्न हो गया। परीक्षा में आठवीं उतीर्ण छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर केंद्राधीक्षक राजनाथ राम ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर कुल 397 छात्र-छात्राओं को भाग लेना था। जिसमें कुल 257 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। 140 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र पर विक्षण कार्य हेतू 19 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिसमें मात्र 12 शिक्षक उपस्थित रहे। बगैर कोई सूचना के सात शिक्षक अनुपस्थित रहे। इसके बाद भी शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई। मौके दंडाधिकारी आंनद कुमार, प्रेम कुमार, संतोष कुमार, धन्नजय कुमार, सुधा कुमारी, गीता कुमारी, श्यामलाल सिंह, जागृति कुमारी, शिवनाथ सिंह, तुलसी यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### बारिश में मिट्टी का घर ध्वस्त, एक घायल

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत खैरवा गांव में पहली बारिश में मनी चौधरी का मिट्टी का घर गिर कर वस्त हो गया। जिससे मनी चौधरी की 14 वर्षीया पुत्री रिंकी कुमारी मलवे में दबने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रिंकी को तत्काल उनके घर वालों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### शिविर में दर्जनों समस्याओं का निष्पादन

**केतार।** अंचल कार्यालय में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 59 आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी ने कहा कि अंचल कार्यालय के राजस्व शिविर में 26 भूमि प्रतिवेदन, 10 जाति, 06 आय, 12 निवास, 03 भू-स्वामित्व एवं 02 म्युटेशन किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जमीन संबंधित कोई भी समस्या हो तत्काल अंचल से सम्पर्क करें अविलंब निष्पादन किया जाएगा। मौके पर सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर रघुनाथ पाल, अमीन कामेश्वर मिस्त्री सहित सभी अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### अबुआ आवास के 85 लाभुकों पर प्रशासन सख्त, भेजा नोटिस

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड प्रशासन ने अबुआ आवास के लापरवाह लाभुकों के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। बीडीओ अदिती गुप्ता ने फर्स्ट फेज में अबुआ आवास के 85 लाभुकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है। बताते चलें कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम आवास योजना से वंचित वैसे गरीब जिन्हें आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया था वैसे लोगों को पक्का मकान देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 अबुआ आवास योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत नगर ऊंटारी प्रखंड में 624 लाभुकों को अबुआ आवास की स्वीकृति दी गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद लाभुकों के बैंक खाते में प्रथम किस्त के रूप में 30 हजार रुपये की राशि का भुगतान की गई थी।

# जनरल द्विवेदी ने संभाली सेना की कमान

## देश के 30वें सेना प्रमुख बने लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के 30वें सेना प्रमुख के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को कार्य भार संभाल लिया। उन्होंने चार दशकों से अधिक राष्ट्र सेवा करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे से कार्यभार संभाला।

उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है। साथ ही तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और भी स्पष्ट होती जा रही हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी इसी साल 15 फरवरी को उप सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे। इससे पहले वह 1 फरवरी, 2022 को सेना की उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ

**▸▸ युद्ध के लगातार बदलते स्वरूप से सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियों से निपटना होगा**

बनाए गए थे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। उन्हें 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था।

उन्होंने ऑपरेशन रक्षक के दौरान चौकीबल में एक बटालियन की कमान संभाली थी, जो ऑपरेशन राइनो के दौरान मणिपुर में असम राइफल्स का एक सेक्टर था। उन्होंने असम में इंस्पेक्टर जनरल, असम राइफल्स के रूप में भी कार्य



किया है। वह भारतीय सैन्य अकादमी में एक प्रशिक्षक के रूप में तैनात रहे हैं। वह सेशेल्स सरकार में सैन्य अताशे और पैदल सेना के महानिदेशक के रूप में तैनात रहे हैं। उन्हें फरवरी, 2020 में ककोर का कमांडर और अप्रैल, 2021 में सेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने ऐसे समय में सीओएएस का पदभार संभाला है, जब वैश्विक भू-रणनीतिक वातावरण गतिशील बना हुआ है, तकनीकी प्रगति और आधुनिक युद्ध के लगातार बदलते चरित्र के कारण सुरक्षा क्षेत्र में चुनौतियां अधिक स्पष्ट होती जा रही हैं। इसलिए उभरते राष्ट्र के लिए सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के लिए परिचालन तैयारियां सीओएएस के लिए एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में प्रमुखता से सामने आएंगी। इ सके साथ ही असंख्य गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों के लिए एक केंद्रित प्रतिक्रिया रणनीति भी राष्ट्र की रक्षा को बढ़ाने की दिशा में एक प्राथमिकता होगी।

### अप्रत्याशित रूप से बनाते हैं योजना

जनरल द्विवेदी अपने साथ अप्रत्याशित रूप से योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का एक समृद्ध अनुभव और सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं। जनरल अधिकारी को सुरक्षा क्षेत्र में आधुनिक और उभरती प्रौद्योगिकियों की गहरी समझ है और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए सैन्य प्रणालियों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग और एकीकरण करने का एक विचारशील दृष्टिकोण है। यह दृष्टि भारतीय सेना की आत्मनिर्भरता के माध्यम से अपने आधुनिकीकरण और क्षमता विकास की जरूरतों को पूरा करने के चल रहे प्रयास के अनुरूप है। वह सेना में विश्वास की संस्कृति को बढ़ावा देने और जूनियर अधिकारियों के सशक्तिकरण पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे।

# दुनिया में योग, भारतीय भाषा और संस्कृति का प्रसार गौरव का क्षण : मोदी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग, भारतीय भाषा एवं संस्कृति के दुनिया भर में प्रचार प्रसार को गौरव का क्षण बताया है और लोगों का आह्वान किया है कि इन्हें अपना कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव महसूस करें। श्री मोदी ने लोकसभा चुनावों के कारण तीन माह के अंतराल के बाद आकाशवाणी पर अपनी नियमित श्रृंखला मन की बात के 111वें संस्करण में यह आह्वान किया और आने वाले त्योहारों पर लोगों को शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कुवैत के राष्ट्रीय रेडियो चैनल पर हिन्दी में प्रसारित होने वाले एक कार्यक्रम की एक क्लिप को साझा करते हुए कहा कि दरअसल, कुवैत सरकार ने अपने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। और

**मन की बात**

**प्रधानमंत्री बोले-कुवैत सरकार ने राष्ट्रीय रेडियो पर एक विशेष कार्यक्रम हिन्दी में शुरू किया**

वो भी हिन्दी में। कुवैत रेडियो पर हर रविवार को इसका प्रसारण आधे घंटे के लिए किया जाता है। इसमें भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। हमारी फिल्में और कला जगत से जुड़ी चर्चाएं वहाँ भारतीय समुदाय के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। मुझे तो यहाँ तक बताया गया है कि कुवैत के स्थानीय लोग भी इसमें खूब दिलचस्पी ले रहे हैं। मैं कुवैत की सरकार और वहाँ के लोगों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने ये शानदार पहल की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है, उससे किस भारतीय को खुशी नहीं होगी। अब जैसे, तुर्कमेनिस्तान में इस साल मई में वहां के राष्ट्रीय कवि की 300वीं जन्म-जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तुर्कमेनिस्तान के राष्ट्रपति ने दुनिया के 24 प्रसिद्ध कवियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इनमें से एक प्रतिमा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जी की भी है। ये गुरुदेव का सम्मान है, भारत का सम्मान है। इसी तरह जून के महीने में दो कैरेबियाई देश सूरीनाम और सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स ने अपनी भारतीय विरासत को पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि सूरीनाम में हिन्दुस्तानी समुदाय हर साल 5 जून को इंडियन अराइवल डे और प्रवासी दिन के रूप में मनाता है। यहाँ तो हिन्दी के साथ ही भोजपुरी भी खूब बोली जाती है। सेंट विन्सेंट एंड गेनाडाइन्स में रहने वाले हमारे भारतीय मूल के भाई-बहनों की संख्या भी करीब छः हजार है। उन सबको अपनी विरासत पर बहुत गर्व है। एक जून को इन सबने इंडियन अराइवल डे को जिस धूम-धाम से मनाया, उससे उनकी ये भावना साफ झलकती है। दुनियाभर में भारतीय विरासत और संस्कृति का जब ऐसा विस्तार दिखता है तो हर भारतीय को गर्व होता है। विश्व योग दिवस की याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है।

## मनोज सिंह बने यूपी के नये मुख्य सचिव

लखनऊ। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने रविवार को दुर्गा शंकर मिश्रा के स्थान पर उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया। 1988 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह ने शाम को निवर्तमान सीएस दुर्गा शंकर मिश्रा से कार्यभार ग्रहण किया। शुरूआत में यह अनुमान लगाया जा रहा था कि श्री मिश्रा को चौथी बार सेवा विस्तार मिलेगा और श्री सिंह आईआईडीसी का प्रभार संभालते रहेंगे।

जब योगी आदित्यनाथ 2017 में मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने ऐसे नौकरशाहों की पहचान की जिनके पास न केवल अनुभव और दक्षता थी बल्कि ईमानदारी, दृढ़ता और मजबूत कार्य नीति भी थी। मनोज कुमार सिंह टीम योगी के इन महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक हैं, जिन्होंने कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद अब यूपी के सीएस की भूमिका संभाली है। श्री सिंह को परफॉर्मर के रूप में जाना जाता है।

## पैक्स को मजबूत करने के लिए सहकारी बैंक दे सहयोग : शाह

नडियाद (गुजरात)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 20 अलग-अलग पहल कर पैक्स को मजबूत करने का काम शुरू किया है और जिला सहकारी बैंकों को भी इस काम में आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि पैक्स जितने मजबूत होंगे, उतने ही सहकारी बैंक मजबूत होंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के खेड़ा जिला मध्यस्थ सहकारी बैंक लिमिटेड, नडियाद की 76वीं वार्षिक बैठक (एजीएम) को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 18 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने बैंक के नए भवन (सरदार पटेल



सहकार भवन) का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) के अध्यक्ष और गुजरात के सहकारिता मंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि खेड़ा जिले से ही देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के मार्गदर्शन में अमूल की शुरूआत हुई थी। अमूल ने पूरे देश और विश्व के सामने हृसहकारिता से समृद्धिहृ प्राप्त करने का उदाहरण पेश किया है। शाह ने कहा कि कुछ समय पहले तक खेड़ा जिला सहकारी बैंक बंद



### प्रधानमंत्री मोदी ने तीन पुस्तकों का किया विमोचन

**नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया। अन्वया कन्वेंशन सेंटर, गाचीबोवली तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नायडू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीवनी और दो अन्य पुस्तकें लोगों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्हें स्वयं उनसे साथ में काम करने के दौरान प्रेरणा मिली है।**

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने स्वामीनारायण मंदिर में की पूजा-अर्चना



लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताहांत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मंदिर को नेसडेन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति का काफिला शनिवार शाम को जब भव्य मंदिर के परिसर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद दोनों ने पुजारियों के मार्गदर्शन में पूजा-अर्चना की। ऋषि सुनक ने मंदिर में दर्शन करने के बाद स्वयंसेवकों तथा समुदाय के नेताओं के साथ बातचीत की।

# सनातन धर्म व भारत एक दूसरे के पूरक है : योगी

एजेंसी

अलवर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि संपूर्ण विश्व का मानना है कि सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक दूसरे के पूरक है। योगी आदित्यनाथ रविवार राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम क्षेत्र के लाडपुर में आयोजित बाबा सोमनाथ मंदिर परिसर में बाबा करतारपुरी महाराज और बाबा अभयनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म अपने आप को भारत के साथ जोड़कर चलता है अगर सनातन धर्म मजबूत होगा तो भारत मजबूत होगा और इस

**▸▸ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान में बाबा करतारपुरी महाराज और बाबा अभयनाथ महाराज की मूर्ति का किया अनावरण**



विश्वास के साथ लगातार पूज्य संतों की साधना और उनका स्मरण उनकी पूजा इसी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खेतानाथ महाराज ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए समर्पित किया था और उन्हीं के शिष्य महंत सोमनाथ महाराज का भी पूरा जीवन इसी कल्याण के लिए समर्थन था। योगी ने कहा कि हमारा जो कुछ भी है वह हमारे देश के लिए और सनातन धर्म के लिए समर्पित होना चाहिए। हमारा व्यक्तिगत अस्तित्व कुछ भी नहीं है। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने भी यही कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत। उन्होंने कहा कि अगर हम जातियों में बंटे तो हमारे दुश्मन उसका लाभ उठाएंगे हमें एकता का संदेश देना है। आज की राजनीति पर कटाक्ष करते हुए आदित्यनाथ ने कहा की नेता लोग हमेशा बांटने का प्रयास करते हैं जो हमारे देश की अखंडता और एकता के लिए घातक है। बांटने वाली राजनीति को हम त्यागने का काम करेंगे।

# नौ कंपनियों का मार्केट कैप 2.89 लाख करोड़ बढ़ा

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,89,699.42 करोड़ रुपये का उछाल दर्ज हुआ। शेयर बाजार में जोरदार तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.83 अंक या 2.36 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई सेंसेक्स जून में 7.14 प्रतिशत चढ़ा है। यह इसकी सबसे अच्छी मासिक वृद्धि है। गुरुवार को सेंसेक्स ने पहली बार 79,000 अंक के स्तर को पार किया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी

**शेयर समीक्षा**

**▸▸ शेयर बाजार में जोरदार तेजी से रिलायंस का मार्केट कैप 21,18,951.20 करोड़ रुपये**

का बाजार मूल्यांकन चढ़ गया।

वहीं भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,52,264.63 करोड़ रुपये बढ़कर 21,18,951.20 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस के बाजार मूल्यांकन में 34,733.64 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 14,12,845.09 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,286.99 करोड़ रुपये बढ़कर 8,44,201.88 करोड़ रुपये रही। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 18,267.7 करोड़ रुपये बढ़कर 8,22,530.35 करोड़



रुपये हो गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 14,656.3 करोड़ रुपये बढ़कर 6,50,602.10 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक का 13,808.74 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 12,80,865.43 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 11,111.14 करोड़ रुपये बढ़कर 7,57,565.68 करोड़ रुपये रही। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 7,953.37 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 5,81,570.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

आईटीसी की बाजार हैसियत 6,616.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,30,475.82 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 22,042.61 करोड़ रुपये घटकर 6,25,573.90 करोड़ रुपये पर आ गया।

**आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा**

घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों का कहना है कि बीते सप्ताह रिकॉर्ड तेजी के बाद ऊंचे मूल्यांकन की वजह से इस हफ्ते बाजार में उतार-चढ़ाव रह सकता है। निवेशक आगे के संकेतों के लिए वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर के उतार-चढ़ाव पर भी नजर रखेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा, ह्यइस सप्ताह शेयर बाजार में संभावित रूप से उतार-चढ़ाव रहेगा। ऊंचा मूल्यांकन चिंता का विषय बना हुआ है। निवेशकों की निगाह अब मानसून की प्रगति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव पर रहेगी। जुलाई में आने वाले आम बजट पर भी सभी की निगाह है। बाजार में विकासोन्मुख नीतियों की उम्मीद की जा रही है।ह्व उन्होंने कहा कि विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों (एफआईआई और डीआईआई) की गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बाजार में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली देखने को मिली है। अमेरिका के रोजगार के आंकड़े दो जुलाई को आएंगे।

## स्पीड न्यूज

### करीना ने पहली फिल्म रिफ्यूजी के 24 साल पूरे होने का मनाया जश्न



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने रविवार को अपने करियर की पहली फिल्म रिफ्यूजी के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस फिल्म से अपना डेब्यू करने वाले अभिषेक बच्चन इसमें मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। फिल्म की 24वीं सालगिरह पर करीना और जेपी दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर खास पोस्ट किया। करीना कपूर खान ने फिल्म का एक छोटा वीडियो शेयर किया। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा कि 24 साल हो गए खुद को और मेरे कैरेक्टर्स को खोजते हुए, बेस्ट अभी आने वाला है, लव यू ऑल।

### गाजा में इजरायल का हमला, 40 मरे

काहिरा। गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजरायली हमलों में चालीस लोग मारे गए और 224 अन्य घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले 24 घंटों में इजरायली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं, जिसमें 40 लोग मारे गये और 224 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजरायल के युद्ध में मारे गये फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37,834 हो गयी ।

### आइएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। सीरिया के होम्स में रविवार को आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गये। स्थानीय रेडियो स्टेशन शाम एफएम ने यह जानकारी दी। स्टेशन ने पुष्टि की कि यह हमला पूर्वी होम्स देहात के रेगिस्तानी क्षेत्र में ताल शिहाब के इलाके में एक सैन्य चौकी पर हुआ।

### आहूजा बने ओडिशा के नये मुख्य सचिव

भुवनेश्वर। 1990 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज आहूजा ने रविवार को ओडिशा के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने राज्य सचिवालय लोक सेवा भवन में सेवानिवृत्त हो रहे मुख्य सचिव प्रदीप कुमार जेना से कार्यभार ग्रहण किया। पिछली सरकार ने 31 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले जेना का कार्यकाल छह महीने बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया था।

### रूस ने 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया

मास्को। रूसी वायु रक्षा ने अपने कुर्स्क, लिपेत्स्क, वोरोनिश, ब्रांस्क, ओरयोल और बेलगोरोड क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित विमान का उपयोग करके हमले को अंजाम देने के प्रयास को रोका गया।

### अमरनाथ यात्रा के लिए तीसरा जत्था रवाना

जम्मू । जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 6,619 अमरनाथ यात्रियों को तीसरा जत्था दो अलग-अलग काफिलों में रवाना हुआ। इस जत्थे में 1,141 महिलाएं शामिल हैं और यह 319 वाहनों में रवाना हुआ। 3,838 भक्तों को पहलगाम मार्ग के मार्ग पर और 2,781 भक्तों को बालटाल के लिए रवाना किया।जम्मू बेस कैम्प से 13,103 तीर्थयात्री अमरनाथ की यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# मरकच्चो प्रखंड के कानीकेंद मैदान में मना हूल दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिले के मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत कानीकेंद बिरसा मैदान परिसर में हूल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मरकच्चो झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के द्वारा किया गया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बरकट्ठा के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता प्रो. जानकी यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पाण्डेय, केंद्रीय कार्य समिति सदस्य बैजनाथ मेहता, झामुमो नेता रविंद्र शांडिल्य, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला तिवारी, पूर्व



विधायक प्रतिनिधि बरकट्ठा महावीर यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं सभी अतिथियों के द्वारा सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर पूजा एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि 30 जून 1855 ई. को अग्रेजों के खिलाफ संथाल में महान वीर क्रांतिकारी सिध्दु कान्हु नें पहले बिगुल फूंका। इसके अलावे तिलका मांझी, बिरसा मुंडा आदि ने अंग्रेजों के खिलाफ लगातार विद्रोह किया। आज उसी का परिणाम देखने को मिल रहा है। साथ उन्होंने कहा कि जिस तरह पूर्व में अंग्रेजों के द्वारा यहां के वीर क्रांतिकारियों की आवाज को दबाया जाता था, ठीक उसी तरह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में डालकर केंद्र सरकार वही चीज दोहराना चाह रही थी। इनका षड्यंत्र का पदार्फाश हो गया है, अब जनता जान चुकी है। आने वाले दिन में हेमंत के नेतृत्व में पुनः झारखंड में सरकार बनने वाली है। वहीं हूल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे ने कहा कि आज हम लोग मरकच्चो प्रखंड के कानीकेंद के बिरसा मैदान में हूल दिवस को पार्टी कार्यकर्ता के साथ मना रहे हैं। जिस तरह हमारे महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिदो कान्हू, नीलांबर पीतांबर, वीर शहीद अंग्रेजों के पास अपने घुटने टेका ठीक उसी तरह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने जेल जाना मंजूर पसंद किया, लेकिन बीजेपी के सामने झुकना पसंद नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी साजिश कर जेल भेजा, लेकिन आखिरकार झारखंड के जनता के साथ न्याय हुआ और हेमंत सोरेन को माननीय न्यायालय ने जमाना दे दिया है। आने वाले विाानसभा चुनाव में इस राज्य से झारखंड की जनता बीजेपी का पूरा सफाया कर देंगे। वही कार्यक्रम को बैजनाथ मेहता रविंद्र शाण्डिल्य और अशोक सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम को संबोाित किया। मौके पर प्रदीप चौधरी, अशरफ अंसारी, विवेक गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विश्वनाथ राय, हरि राय, मोती सिंह, मिंटू साव, मो. खलील, रामेश्वर मुर्मू, केदार यादव, रामचंद्र सिंह, दामोदर सिंह, मुंशी मुर्मू, अर्जुन सिंह, ताला मरांडी, बसंती देवी, जितेंद्र चंद्रवंशी, संदीप कुमार पांडेय, रोहित कुमार शर्मा, दिनेश कुमार सिंह, विनय कुमार राणा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सोहावन गांव में वज्रपात से महिला घायल

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड के सोहावन गाँव में वज्रपात से दो बकरियों की मृत्यु हो गई और मालो देवी नामक महिला घायल हो गई। मालो देवी तेज बारिश के दौरान अपने कच्चे मकान में थी जहाँ उसकी दो बकरियाँ भी बंधी हुई थीं।अचानक घर के ऊपर बिजली गिरी और दीवार को चीरते हुए बकरियों को अपनी चपेट में ले लिया। मालो देवी को भी हल्का झटका लगा और उसके घर की दीवार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### सीओ ने भाजपाइयों से की मुलाकात



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा अंचलाधिकारी विजय कुमार दास दूसरे दिन आंदोलनकारी के बीच धरने पर बैठे स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास समेत सैकड़ों भाजपाइयों से बिजली एवं अन्य समस्याओं की जानकारी लेने पहुंचे।विधायक श्री दास ने बिजली आपूर्ति एवं कोल वाहनों की बढ़ती तानाशाही की बाबत वर्तमान हालात से सी ओ विजय कुमार दास को अवगत कराया और एन टी पी सी की अंग्रेजो वाली अकर्मण्य नीति से आक्रोशित जनता की भावना के बारे में भी बताया।

### रोहतास में जिम संचालक को गोली मारकर हत्या

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक जिम संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि अमियावर इलाका निवासी अदित्य कुमार श्रीवास्तव (35) शनिवार की रात गीता कॉम्प्लेक्स स्थित अपने जिम को बंद करने के बाद घर लौट रहा था, तभी जनझरिया पुल के समीप पूर्व से घात लगाये अपराधियों ने गोली मारकर उसे घायल कर दिया। घायल जिम संचालक को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जिम संचालक को बेहतर इलाज के लिये नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (एनएमसीएच) जमुहार रेफर कर दिया गया। एनएमसीएच ले जाने के क्रम में जिम संचालक की मौत हो गयी।

### केटीपीएस में डीवीसी श्रमिक यूनियन का कार्यालय खुला

**कोडरमा।** केटीपीएस बांझेडीह परिसर में रविवार को सीटू से संबद्ध डीवीसी श्रमिक यूनियन का कार्यालय खोला गया। इस अवसर पर यूनियन के अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सभा को डीवीसी श्रमिक यूनियन के केंद्रीय सचिव कॉमरेड अभिजित रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष समीर संपद, किसान सभा के झारखंड राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, सीटू जिला सचिव रमेश प्रजापति, यूनियन के सचिव अजय कुमार, धनंजय कुमार और धीरेन्द्र आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में लंबित मांगों पर भी चर्चा किया गया और भविष्य में आंदोलन करने का प्रस्ताव लिया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से वरीय महाप्रबंधक संजय कुमार सिन्हा, प्रबंधक असीम परिदा, चिकित्सा अधिकारी विकास कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन को बेल मिलना सत्य की जीत: संजय साजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाईकार्ट से बेल मिलने पर झामुमो जिला प्रवक्ता संजय साजन ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय से बेल मिलना भी न्याय की एक शुरूआत है। उक्त जानकारी उन्होंने एक प्रेसबयान जारी कर दी। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम को बेल मिलना सत्य की जीत हुई है। बीजेपी ने झूठे मामले में इतने दिनों तक उलझा कर रखा था, अंतोगत्वा न्याय की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि हमलोगों को न्यायालय पर पूरा विश्वास था कि वहां से न्याय जरूर मिलेगा। बीजेपी के षड्यंत्र का बहुत जल्द पदार्फाश होगा। वहीं झामुमो नेता श्री साजन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बेल मिलने से पार्टी कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विधानसभा चुनाव में झामुमो मजबूती से गठबंधन के साथियों के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। विधानसभा चुनाव में बीजेपी को भारी निराशा हाथ लगने वाली है। उन्होंने कहा भाजपा चुनाव परिणाम में ढाई अंक भी नहीं छू पाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अदालत से बेल मिला है, बहुत जल्द आरोप मुक्त भी हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति की साजिश के तहत उन्हें ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए थे, जिस तरह से उन्हें साजिश के तहत आरोप लगाया गया था, माननीय उच्च न्यालय द्वारा उन्हें जमानत हो जाने के बाद उन्हें न्याय मिला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने ईडी के माध्यम से एक झूठा मुकदमा दायर कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था, इसका परिणाम लोकसभा चुनाव पर पड़ा और इंडिया गठबंधन ने 5 सीट जीतकर भाजपा को करारा जवाब दिया।

# सहायक अध्यापक संघ द्वारा निकाला गया मसाल जुलूस



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा जयनगर इकाई की एक बैठक राज्य कमिटी के आह्वान पर प्रखंड अयक्ष वीरेंद्र साव की अध्यक्षता में की गयी। वहीं संचालन सुमित कुमार ने किया। बैठक में राज्य कमिटी के आह्वान पर महाआंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम तैयार किया गया है। इस निमित कार्यक्रम में सहायक अध्यापक द्वारा मशाल जुलूस कन्या मध्य विद्यालय से प्रखंड मुख्यालय तक निकाला गया। मौके पर दामोदर यादव, वीरेंद्र कुमार राय एवं संगठन मंत्री सलीम अंसारी, रामकृष्ण यादव, उपाध्यक्ष सीताराम कुमार, राजेश कुमार राणा, सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, मनोज यादव, सुरेश रविदास, इन्द्रदेव यादव, रविकांत यादव, संजय यादव, पवन राणा, शिवनारायण यादव, भागीरथ पासवान, महावीर यादव, सागर यादव, मनोज यादव, बालेश्वर यादव, संगीता कुमारी, शोभा कुमारी, सुनिता कुमारी एवं दर्जनों शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# विधायक ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का किया शिलान्यास



**कोडरमा।** प्रखंड के लोकाई में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सह छात्रावास का शिलान्यास विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेधा भारद्वाज एवं जिप अध्यक्ष रामधन यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं अतिथियों ने विद्यालय का निर्माण निर्धारित समयानुसार और गुणवत्तापूर्ण करने को कहा। ज्ञात हो कि यह विद्यालय वर्तमान में डोमचांच प्रखंड के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय डोमचांच में संचालित है। जहां कुल 160 छात्राएं नामांकित है, जिसमें कक्षा प्रथम से सप्तम तक 100 एवं कक्षा नवम से दशम में 60 गरीब छात्राएं जो पूर्ण अनाथ, एकल अनाथ एवं ढिबरा चुनने वाले छात्राएं अध्ययनरत है। मौके पर डीईओ सह डीएसई अजय कुमार, विद्यालय वार्डेन अनुराधा कुमारी सिन्हा एवं प्रभारी वार्डेन संतोष कुमार मण्डल आदि मौजूद थे।

# वृंदाहा जलप्रपात कुंड की घेराबंदी का कार्य हुआ पूर्ण

**लगातार हो रहे हादसों पर उठ रही थी सुरक्षा की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** वृंदाहा जलप्रपात के कुंड की घेराबंदी का कार्य पूर्ण हो गया है। इस घेराबंदी का कार्य ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग द्वारा कराया गया। बतादें कि कुंड घेराबंदी कार्य में लगभग 2.61 लाख की लागत से कराई गई है। वहीं संवेदक उमेश साव ने बताया कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती गई। बताते चलें वृंदाहा जलप्रपात में लगातार हो रहे हादशों पर बराबर सुरक्षा की मांग लोगों द्वारा उठाई जा रही थी। जिसे जिला प्रशासन में गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन उपायुक्त के निर्देश पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के द्वारा घेराबंदी का कार्य संपन्न करने के लिए प्राकलन तैयार की गई। यहां यह भी बताना जरूरी होगा कि लगभग 40 फीट ऊपर से झरने गिरने वाले स्थल की गहराई काफी होने की वजह से उक्त स्थल को बोल्डर से भरा जाना था, लेकिन लापरवाही के कारण कार्य पूर्ण नहीं होने पर संवेदक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। उल्लेखनीय हो कि जिले का कश्मीर कहे जाने वाले वृंदाहा जलप्रपात शहर का एक प्रमुख पिकनिक स्पॉट है। यहां की प्राकृतिक सौंदर्य भी लुभावना है, चारों ओर घने जंगलों से घिरे यह प्राकृतिक जलप्रपात लोगों के लिए कौतूहल और रोमांच का विषय है। यह जलप्रपात कोडरमा प्रखंड के जरगा पंचायत में आता है और कोडरमा स्टेशन से इसकी दूरी करीब 10 किलोमीटर है। ऐसे में अधिकतर युवा वर्ग के लोग पिकनिक और नहाने का लुफ्त उठाने के लिए पहुंच जाते हैं। 300 फीट ऊंचाई से गिरती झरने में स्नान कर लोगों को आनंद की अनुभूति होती है। आज की तारीख में झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल से भी पर्यटक घुमने एवं नजारे का आनंद लेने आते हैं।

# देशी शराब दुकान के संचालक को पिस्टल दिखाकर 81600 की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामपुर विक्रम साव के मकान में संचालित देशी शराब दुकान में शनिवार को एक युवक ने पिस्टल दिखाकर 81600 रुपये लूट लिए। लूट की घटना से आसपास के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। देशी शराब दुकान के संचालक अवध प्रसाद ने बताया कि शनिवार को शराब बिक्री के सभी पैसे लॉकर में रखे हुए थे। इस दौरान दोपहर 3:17 बजे पल्सर बाइक से एक युवक आया और अचानक कान में पिस्टल सटाकर लॉकर खोलने को कहा। पिस्टल के डर से लॉकर खोल दिया, जिससे लॉकर में रखे 81600 रुपये लूटकर फरार हो गया। इस घटना की जानकारी प्रतापपुर पुलिस को दी गई है। लूट करने वाला युवक पहले भी कई बार शराब खरीद चुका है। पुलिस की सूचना मिलते ही शराब दुकान पहुंचकर जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के दस दिन पहले एक चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में शराब की खरीदारी की गई थी, जिसका पैसा लॉकर में रखा हुआ था। इस घटना में पूरी तरह से रेकी की गई है और जल्द ही पुलिस लुटेरे को पकड़ लेगी।

# राजद सरकार में मुख्यमंत्री आवास से अपराधी को मिलती थी सह : सम्राट

**लालू प्रसाद यादव खुद मुख्यमंत्री आवास से ही आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के सीधे संपर्क में रहते थे**

एजेंसी



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए आज कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की सरकार में मुख्यमंत्री आवास अपराध का केंद्र था। श्री चौधरी ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बिहार में राजद के शासनकाल में मुख्यमंत्री आवास अपराध का केंद्र था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद के शासनकाल में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव खुद मुख्यमंत्री आवास से ही आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के सीधे संपर्क में रहते थे। भाजपा नेता ने कहा, ऐसा लगता है कि 74 साल की उम्र में श्री यादव को याददाश्त खोने की समस्या हो गई है, क्योंकि वे भूल गए हैं कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत कांग्रेस विरोध के आधार पर हुई थी। उन्होंने कहा कि सत्तर के दशक के मध्य में आपातकाल के दौरान नागरिकों और विपक्षी नेताओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों से लालू इतने तंग आ गए थे कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम मीसा रख दिया था। लेकिन अब वही लालू प्रसाद यादव कांग्रेस की गोद में जा बैठे हैं।

श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में कानून का राज स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अपराध में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# बीमा भारती ने सांसद पप्पू यादव से की मुलाकात

एजेंसी



**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव में पूर्णिया सीट पर निर्दलीय पप्पू यादव से हार का सामना करने वाली आरजेडी प्रत्याशी बीमा भारती ने रविवार को सांसद पप्पू यादव से मुलाकात की है। जिसके बाद से सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि बीमा भारती ने पप्पू यादव से मिलकर आशीर्वाद लिया है। और रूपौली उपचुनाव में समर्थन मांगी है। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस और महागठबंधन से टिकट नहीं मिलने पर पप्पू यादव ने इंडिपेंडेंट कैंडिडेट के तौर पर चुनाव लड़ा था। और जीत हासिल की थी। वहीं महागठबंधन की ओर से आरजेडी के टिकट पर बीमा भारती मैदान में थी। और एनडीए की ओर से जेडीयू प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा। पप्पू यादव को 5 लाख से ज्यादा वोट मिले थे। राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने रूपौली की विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद अब 10 जुलाई को इस सीट पर उपचुनाव होना है। एक बार फिर से लालू यादव की पार्टी आरजेडी ने बीमा भारती को मैदान में उतारा है। वहीं एनडीए की ओर से जेडीयू प्रत्याशी कलाधर प्रसाद मंडल है। इस बार भी बीमा भारती मुश्किलों में घिरी है। गोपाल यादुका हत्याकांड में उनके पति अवधेश मंडल और बेटे राजा कुमार की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जबकि बीमा भारती इस मामल को साजिश करार दे रही हैं। वहीं इस बीच पप्पू यादव से उनकी मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे है। बताया जा रहा है कि महागठबंधन ने पप्पू को पूर्णिया से टिकट न दिया हो। लेकिन पप्पू यादव कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। और खुद को पक्का कांग्रेसी बताते है। कांग्रेस महागठबंधन का अहम सहयोगी है। ऐसे में बीमा भारती ने पप्पू यादव से रूपौली उपचुनाव में समर्थन मांगा होगा। पूर्णिया लोकसभा सीट पर पप्पू यादव का दबदबा किसी से छिपा नहीं है। आपको बता दें 10 जुलाई को रूपौली उपचुनाव है। मतदाताओं की कुल संख्या 3,13645 है। पुरुष मतदाता की संख्या 1,61,704 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,51,925 है। थर्ड जेंडर की संख्या 16 है। सर्विस वोटरों की संख्या 242 है। कुल 321 मतदान केंद्रों की संख्या है। डिस्पैच सेंटर पूर्णिया कॉलेज पूर्णिया में बनाया गया है। 13 जुलाई को वोटों की गिनती भी पूर्णिया कॉलेज में ही होगी।

## खबर एक नजर में

### चतरा में कोयला वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, दो युवकों की मौत

**चतरा।** चतरा में एक अज्ञात कोयला वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर शाम गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलीमपुर मोड़ के पास हुई। मृतकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी उपेंद्र भारती और असढिया गांव निवासी रवि भुइयां के रूप में हुई है। राहगीरों ने पुलिस को घटना की सूचना दी और पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों के परिजनों ने वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस इलाके में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी दुर्घटना है जिसमें चार युवकों की मौत हो गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई नौसिखिया वाहन चालक सड़कों पर हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।इस घटना से दोनों गांवों में शोक की लहर है और परिजन बेहाल हैं।

### गिद्धौर पुलिस प्रशासन की सक्रियता से अफीम तस्करों में खलबली

**चतरा।** गिद्धौर पुलिस प्रशासन और एनसीबी टीम की सक्रियता से अफीम तस्करों में खलबली मच गई है। एक पखवाड़े में प्रखंड मुख्यालय के सात अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनकी गिरफ्तारी रांची, हरियाणा, हजारीबाग, कोडरमा सहित अन्य क्षेत्रों से की गई है। गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की सक्रियता को इन गिरफ्तारियों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रांची में एनसीबी टीम ने गिद्धौर के रंजन कुमार, पिंटू कुमार, चतरा के दिलीप यादव को गिरफ्तार किया, जबकि हरियाणा में उदय पांडेय, कोडरमा में अमर कुमार उर्फ बबलू और हजारीबाग कोर्रा थाना ने मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त, हरियाणा एनसीबी की टीम ने शनिवार को गिद्धौर के संदीप कुमार को गिरफ्तार किया। लगातार हो रही गिरफ्तारियों से अफीम और ब्राउन शुगर तस्करों में खलबली मची हुई है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ पूरे देश में अभियान चल रहा है और इस कार्य में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा सम्पन्न

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा को लेकर रविवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह, एमएस. कलीडीह तथा एएस.बासोडीह परीक्षा केंद्र पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा सम्पन्न कराया गया। उक्त परीक्षा केंद्र प्लस टू उच्च विद्यालय बासोडीह केंद्र पर कुल 800 परीक्षार्थियों में मात्र 400 परीक्षार्थी ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि एमएस. कलीडीह केंद्र पर 288 में 210 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। वहीं एएस बासोडीह केंद्र पर 288 में 220 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में समल्लित हुए।

## पेज एक का शेष

### विराट के बाद रोहित...

पिछले साल रोहित शर्मा और उनकी टीम ने तीन आइसीसी फाइनल खेला, जिसमें दो बार ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार मिली। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने संन्यास लेते हुए कहा, 'यह मेरा आखिरी मैच भी था। संन्यास लेने इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मैं ट्रॉफी को बुरी तरह चाहता था। इसे शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। मैं यही चाहता था और ऐसा ही हुआ। मैं अपने जीवन में इसके लिए बहुत बेताब था। खुशी है कि इस बार हमने इसको पा लिया है।

कभी संन्यास का नहीं सोचा था

दक्षिण अफ्रीका पर खिताबी जीत के बाद मीडिया से बातचीत में रोहित ने कहा, मैं अपने भविष्य के बारे में इस तरह से फैसले नहीं लेता। मुझे जो भीतर से अच्छा लगता है, मैं वही करता हूं। मैं आगे के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद भी नहीं सोचा था कि यह विश्व कप खेलूंगा या नहीं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि टी20 से संन्यास लूंगा। लेकिन हालात परफेक्ट हैं। विश्व कप जीतकर विदा लेना बेहतर है। अपने सफर के बारे में उन्होंने कहा, मुझे बताया गया कि मैंने 2007 में शुरूआत की तब भी हमने विश्व कप जीता था और अब विश्व कप के साथ विदा ले रहा हूं। जिंदगी का चक्र पूरा हो गया। मैं बहुत खुश हूं। मैं उस समय 20 साल का था। मैं खिलाड़ियों से कहता हूं कि अपनी भूमिका निभाये। मैं उस समय पांचवें-छठे नंबर पर उतरता था। **विराट और द्रविड़ पर बोले रोहित :** रोहित ने कहा कि विराट कोहली और कोच राहुल द्रविड़ को भी इस खिताब का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा, हम सभी से ज्यादा राहुल भाई इस ट्रॉफी के हकदार थे। उन्होंने पिछले 20-25 साल में भारतीय क्रिकेट के लिये जो किया है, सिर्फ विश्व कप जीतना ही बाकी था। पूरी टीम की तरफ से मैं बहुत खुश हूं कि हम उनके लिये जीत सके। उन्होंने कहा कि विराट चैंपियन क्रिकेटर रहा है। हम सभी को पता है कि उसने हमारे लिए क्या किया है। एक समय तो सबको विदा लेना ही है और विराट इसे लेकर काफी स्पष्ट था। मैं उसके लिये बहुत खुश हूं कि उसने फाइनल में इस तरह की बल्लेबाजी की। हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, 'मैं उन्हें एक व्यक्ति के तौर पर मिस करूंगा, जो चीज मुझे प्रभावित करती है, वह है वह किस तरह के व्यक्ति हैं, उन्होंने मुझे जो सम्मान दिया है, टीम के लिए उनके मन में जो चिंता और प्रतिबद्धता थी, उन्होंने जिस तरह की ऊर्जा खर्च की और कभी पीछे नहीं हटे। मेरे लिए, वह वह व्यक्ति होंगे, जिन्हें मैं सबसे ज्यादा मिस करूंगा। धोनी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप घर लाना। बधाई हो। जन्मदिन के इस अनमोल उपहार के लिए धन्यवाद।

### अमर शहीदों के ...

यहां कोने कोने से अनेकों महानायक निकले हैं। जिन्होंने अन्याय शोषण तथा गुलामी को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपनी भाषा, संस्कृति, परंपरा, सभ्यता और जल, जंगल, जमीन बचाये रखने के लिये लम्बा संघर्ष किया। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान कर अंग्रेजों की जड़े हिला दी। अपने संकल्प पर अडिग रहते हुए शहीद हो गये। इन पूर्वजों के बलिदान का परिणाम है कि आज आदिवासी मूलवासी सुरक्षित हैं।

### बिहार के बाद...

**क्या कहते हैं अधिकारी :** वहीं इस हादसे पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा कि भारी बारिश के कारण पुल हल्का सा डैमेज हुआ है। वे घटनास्थल पर जा कर जांच करेंगे। पूरी जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### अमर शहीद सिदो ...

जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। **देशवासियों को धन्यवाद :** पीएम मोदी ने कहा,'मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रकिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं। **ओलंपिक की शुभकामना भी :** पीएम मोदी ने कहा,'पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। शूटिंग में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी शूटर बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार कुश्ती और घुड़सवारी में हमारे दल के खिलाड़ी उन वर्गों में भी बढ़त हासिल करेंगे जिनमें पहले वे कभी शामिल नहीं रहे। सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने की अग्रिम शुभकामनाएं। 'भारत के बहुत से उत्पाद हैं जिनकी पूरी दुनिया में बहुत मांग है और जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक बनते देखते हैं, तो गर्व महसूस होना स्वाभाविक है। ऐसा ही एक उत्पाद है अराकू कॉफी। अराकू कॉफी आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीता राम राजू जिले में बड़ी मात्रा में उगायी जाती है।अराकू कॉफी की खेती से करीब 1.5 लाख आदिवासी परिवार जुड़े हुए हैं।

# समाजसेवा एवं चिकित्सा की मिसाल हैं झारखंड के चिकित्सक












## जनता के विश्वास की डोर हैं डॉक्टर

**पिछले** 32 वर्षों से (1991 से) भारत में हर साल 01 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य महान और प्रख्यात चिकित्सक बिधान चंद्र रॉय, एक राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षा के पक्षधर को सम्मानित करना है।

डॉक्टर देश के सैनिक हैं, जो सीमाओं पर नहीं लड़ते बल्कि अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाने और जीवन प्रत्याशा को बेहतर बनाने के लिए समर्पित होकर काम करते हैं। मानव स्वास्थ्य के प्रति उनका योगदान उम्मीदों से परे है। वे हमेशा कोविड-19, डिजीज एक्स, प्लेग, फ्लू, एड्स, इबोला और अन्य जैसी महामारी की स्थिति में आम जनता की रक्षा के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हैं।

**राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का इतिहास** : भारत में, राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पहली बार 01 जुलाई 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। डॉ. बीसी रॉय एक ऐसे व्यक्ति थे जिनका जन्मदिन हमेशा याद रखा जाता था, उनका जन्म 01 जुलाई 1882 को हुआ था और उनकी मृत्यु 01 जुलाई 1962 को हुई थी, यह एक अजीब संयोग है।




डॉ बिधान चंद्र रॉय (01 जुलाई 1882 - 01 जुलाई 1962) एक प्रसिद्ध चिकित्सक, शिक्षक, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे। वे 1948 से 1962 तक 14 वर्षों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी रहे। 04 फरवरी 1961 को उन्हें सर्वोच्च भारतीय नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपना जीवन लोगों के लिए समर्पित कर दिया, कई व्यक्तियों का इलाज किया और लाखों लोगों को प्रेरित किया। वे महात्मा गांधी के निजी चिकित्सक भी थे। वर्ष 1976 में उनकी स्मृति में चिकित्सा, विज्ञान, सार्वजनिक मामलों, दर्शन, कला और साहित्य के क्षेत्रों में काम करने वाले प्रतिष्ठित व्यक्ति को मान्यता देने के लिए बीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना की गई थी।



HAPPY DOCTOR'S DAY

**भारत रत्न - डॉ. बिधान चंद्र रॉय - राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस**

डॉक्टरों का महत्व और भूमिका समाज में डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है; वे अपना जीवन मरीजों की भलाई के लिए समर्पित करते हैं, बीमारी या स्थिति से तेजी से ठीक होने में सहायता करते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। वे चिकित्सा विज्ञान को अच्छी तरह समझते हैं और मरीजों की चिकित्सा स्थितियों का इलाज करने और जीवन प्रत्याशा बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान को समर्पित करते हैं।

कई घटनाओं में मरीजों और उनके रिश्तेदारों द्वारा हमला किए जाने के बावजूद डॉक्टरों ने कभी हार नहीं मानी। आम जनता के लिए अपनी चिकित्सा सेवाएं जारी रखीं। उनके योगदान और अथक प्रयासों को कोई नहीं भूल सकता। भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस समाज में डॉक्टरों की भूमिका के महत्व को पहचानने और उसकी सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इससे आम जनता को डॉक्टरों द्वारा मरीजों की देखभाल के प्रति निभाई जाने वाली अहम भूमिका और जिम्मेदारियों के महत्व को जानने में भी मदद मिलती है। इस विशेष दिन पर, प्रत्येक भारतीय को अपने देश के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले कुशल चिकित्सा विशेषज्ञों पर गर्व महसूस करना चाहिए और चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान उनके प्रयासों और योगदान के लिए आभारी होना चाहिए।

प्रत्येक भारतीय नागरिक को चिकित्सा आपात स्थितियों और महामारी की स्थितियों पर काबू पाने में आम जनता की सहायता करने वाले प्रत्येक डॉक्टर के प्रयासों की सराहना करनी चाहिए। कोविड-19 महामारी के दौरान चिकित्सा कर्मचारियों (डॉक्टरों और नर्सों) के वीरतापूर्ण प्रयास अमिट हैं,

## क्यों मनाया जाता है डॉक्टर्स डे...

**महान** भारतीय चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय का जन्म दिवस एक जुलाई को मनाया जाता है। उनका जन्म 1882 में बिहार के पटना जिले में हुआ था। कोलकाता में चिकित्सा शिक्षा पूर्ण करने के बाद डॉ. राय ने एमआरसीपी और एफआरसीएस की उपाधि लंदन से प्राप्त की। 1911 में उन्होंने भारत में चिकित्सकीय जीवन की शुरूआत की। इसके बाद वे कोलकाता मेडिकल कॉलेज में व्याख्याता बने। वहां से वे कैंपबैल मेडिकल स्कूल और फिर कारमिकेल मेडिकल कॉलेज गए। उनकी ख्याति एक शिक्षक एवं चिकित्सक के रूप में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महात्मा गांधी के साथ असहयोग आंदोलन में शामिल होने के कारण बढ़ी। भारतीय जनमानस के लिए प्रेम और सामाजिक उत्थान की भावना डॉ. राय को राजनीति में ले आई। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य बने और बाद में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पद संभाला। डॉ. राय को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया था। उनके जन्म दिवस को डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है।

**डॉक्टर अपने पेशे से चिंतित** : आजकल व्यावसायिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो चुके चिकित्सकों को भी अब अपने पेशे को लेकर चिंता सताने लगी है। हालांकि इस पेशे में बढ़ती व्यवसायिकता से सीनियर डॉक्टर काफी आहत हैं। लेकिन कुछ ऐसे डॉक्टर भी है जो अभी भी डॉक्टर पेशे के रूप में सेवाभाव जिंदा है। उन्हें फिर पुराने समय के लौटने की उम्मीद है।

बीमारी का कारण स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अभाव है। उन्होंने कहा कि बीमारी के इलाज से बेहतर उसका बचाव करना है।

इसके लिए सभी ब्लड शुगर व उच्च रक्तचाप की जांच अनिवार्य रूप से करानी चाहिए।

डॉ लखन सिंह का कहना है कि पुराने दिनों में हर फील्ड के लोग रुपए कमाने की अंधी दौड़ में शामिल होते थे, लेकिन डॉक्टरी पेशा इससे अछूता था। इसलिए डॉक्टरों को काफी सम्मान मिलता था। वर्तमान में स्थिति कुछ और ही है। इसके अलावा शासकीय सेवा से जुड़े डॉक्टर अभी भी सीमित संसाधनों के बाद भी अपने कर्तव्य को ईमानदारी के





















